सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 23.6 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,712.51 |
| निफ्टी | 25,522.50 |
| सोना 99,120 | चांदी 1,04,800 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सिनर पहले दो सेट हारने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 9 जुलाई 2025 | 25 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 191, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### बिहार: सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागू

**एजेंसी, पटना।** सिर्फ राज्य की महिलाओं को 35 आरक्षण मिलेगा, पहले दूसरे राज्य की महिलाओं को भी मिलता था बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा। पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35 आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को यह फैसला लिया गया। इसके साथ ही 43 एजेंडों पर मुहर लगी है। (अनंत ज्ञान)

### अमेजन से खरीदा था पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीई) ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीई ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है। यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म PayPal के जरिए पैसे दिए गए थे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- फोरलेन के निर्माण से लोगों की बढ़ी परेशानियां पेज 2
- कांगड़ा एयरपोर्ट से जुड़ेंगे मुंबई और अहमदाबाद -पेज 5
- बिलासपुर भाजपा ने आपदा प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री -पेज 6
- अवैध डंपिंग, नालियां न बनाने से हो रही तबाही -पेज 9
- एनएच-707 पर हाई कोर्ट के आदेशों की उड़ रही धज्जियां -पेज 12




# सेब उत्पादकों के बागानों में रहस्यमयी बीमारी से एक्शन मोड में आई सरकार

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

- मुख्यमंत्री सुक्खू ने दिए तत्काल वैज्ञानिक जांच के आदेश
- नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक करेंगे पड़ताल
- पत्तियां पीली पड़ रहीं, पैदावार में भारी गिरावट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सेब उत्पादकों के लिए एक नई चिंता ने दस्तक दे दी है। सेब के बगीचों में तेजी से फैल रही एक रहस्यमयी बीमारी ने सेब उत्पादकों की नींद उड़ा दी है, जिससे उनकी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। इस गंभीर संकट को देखते हुए, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया और बीमारी की वैज्ञानिक जांच के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने डॉ. वाईएस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी को सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

सेब उत्पादकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से भेंट की और उन्हें इस नई बीमारी से अवगत कराया। बागवानों ने बताया कि इस बीमारी के कारण सेब के पेड़ की पत्तियां पीली पड़ रही हैं और समय से पहले ही गिरने लगी हैं।

इसका सीधा असर सेब की पैदावार पर पड़ रहा है, जिसमें भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। सेब उत्पादकों ने मुख्यमंत्री से इस बीमारी की वैज्ञानिक जांच और इसके नियंत्रण के लिए तुरंत कदम उठाने की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, तुरंत डॉ. वाईएस परमार विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति से फोन पर बात की। उन्होंने विश्वविद्यालय की विशेषज्ञ टीमों को बिना देर किए प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और बीमारी की गहन वैज्ञानिक जांच करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि बागवानों को जमीनी स्तर पर बीमारी की रोकथाम और नियंत्रण के उपायों के बारे में शिक्षित किया जाए।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने इस तेजी से फैल रही बीमारी पर गहरी चिंता व्यक्त की, क्योंकि यह बागवानों को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा रही है।




### कुलपति 7 दिन में सरकार को देंगे रिपोर्ट

**उन्होंने** जोर दिया कि इस स्थिति से जल्द से जल्द निपटना बेहद जरूरी है। उन्होंने कुलपति को सात दिनों के भीतर प्रदेश सरकार को विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए, ताकि समस्या के समाधान के लिए त्वरित और उचित कदम उठाए जा सकें।

### फल उत्पादकों की समस्याओं को लेकर सरकार गंभीर

**मुख्यमंत्री** ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार किसानों और फल उत्पादकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सेब उत्पादन राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है और हजारों परिवार इसी क्षेत्र से अपनी आजीविका कमाते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान भी उपस्थित थे।

# चुराह में फिर फटा बादल दो पंचायतों का संपर्क कटा

## एचआरटीसी और निजी बसें फंसीं, छोटे वाहनों की आवाजाही भी रुकी

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश में बरसाती आफत थमने का नाम नहीं ले रही है। जिला मंडी में भारी तबाही के बाद चंबा में चुराह के पंगोला नाला में भी मंगलवार सुबह बादल फटने के बाद आए सैलाब में सड़कों और खेतों को नुकसान पहुंचा है। इस कारण दो पंचायतों गडफरी और थली का पूरी तरह से संपर्क कट गया है। सुबह करीब छह बजे भारी वर्षा हुई और अचानक पंगोला नाले में सैलाब आ गया। इस कारण क्षेत्र का मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है।



बादल फटने से नाले में बाढ़ में गडफरी व थल्ली पंचायतों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग बह गए हैं। ऐसे में उक्त पंचायतों का आपस का संपर्क पूरी तरह से कट गया है। इस कारण क्षेत्र में जाने वाली एचआरटीसी व निजी बसें फंस गई हैं। अन्य छोटे वाहन भी आवाजाही नहीं कर पा रहे हैं। गनीमत यह रही कि जिस समय बादल फटा उस वक्त मार्ग से कोई भी वाहन नहीं गुजर रहा था।

### तीसरी बार बादल फटने से सहमे लोग

**इस** घटना से क्षेत्र के लोग बुरी तरह से सहम गए हैं। हाल ही में चुराह की ग्राम पंचायत बघेईगढ़ व टिकरीगढ़ में भी बादल फटने की एक ही दिन में दो घटनाएं भी सामने आई थीं। इससे नकरोड़-चांजू मार्ग पर बना पुल बह गया था, जिससे पूरा दिनभर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित रही थी। हालांकि, देर शाम तक लोक निर्माण विभाग की ओर से वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर दी गई थी। वहीं, टिकरीगढ़ के बंधा नाला में भी बादल फटा था, जिस कारण लोगों की जमीन को भारी नुकसान हुआ था।

# ट्रंप का 'टैरिफ बम', 14 देशों पर लगाया 40 प्रतिशत तक का टैक्स

एजेंसी, वाशिंगटन



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 14 देशों पर नए व्यापारिक टैक्स (टैरिफ) लगाने का ऐलान किया है। सबसे ज्यादा 40 प्रतिशत शुल्क म्यांमार और लाओस पर लगाया गया है। ये नए नियम एक अगस्त से लागू होंगे। ट्रंप ने इन टैरिफ की जानकारी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से जुड़े आधिकारिक पत्र सभी देशों के नेताओं को भेजे जा चुके हैं। ट्रंप ने इसे टैरिफ लेटर्स की एक नई लहर बताया। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने जापान और दक्षिण कोरिया को सबसे पहले क्यों चुना?

**जब** व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट से पूछा गया कि इन दोनों देशों को सबसे पहले क्यों चुना गया तो उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रपति का विशेषाधिकार है। उन्होंने वही देश चुने जिन्हें वह उचित समझते हैं। कैरोलाइन ने आगे यह भी बताया कि ट्रंप प्रशासन कई अन्य व्यापारिक साझेदारों के साथ समझौते को अंतिम रूप देने के करीब है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति चाहते हैं कि ये सौदे अमेरिका के लिए सबसे बेहतर साबित हों।

### बदले की भावना से ट्रैरिफ बढ़ाया तो अतिरिक्त टैक्स

**आधिकारिक** पत्रों में सख्त लहजे में चेतावनी दी है कि अगर वे बदले की कार्रवाई के तहत अमेरिका पर टैरिफ (शुल्क) बढ़ाते हैं, तो अमेरिका भी उतना ही टैक्स और ज्यादा जोड़ देगा। उन्होंने साफ तौर पर लिखा कि अगर आपने किसी भी कारण से अपने टैरिफ बढ़ाए तो आपने जितना प्रतिशत बढ़ाया होगा, हम उस पर उतना ही अतिरिक्त टैक्स और जोड़ देंगे।

### अमेरिका के लिए टैरिफ क्यों जरूरी

**उन्होंने** यह भी कहा कि ये नए टैरिफ जरूरी हैं, ताकि उन सालों पुरानी गलत नीतियों को सुधारा जा सके जिनमें अमेरिका पर भारी व्यापार घाटा थोप दिया गया था। ट्रंप के मुताबिक, इन नीतियों में टैरिफ और गैर-टैरिफ अड़चनें दोनों शामिल रही हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका पर पड़ा यह व्यापार घाटा हमारी अर्थव्यवस्था ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ा खतरा है।

## पटना: गोपाल खेमका हत्याकांड का एक आरोपी एनकाउंटर में ढेर

**एजेंसी, पटना।** बिहार के कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या बिल्डर अशोक साह ने कराई थी। दोनों के बीच कारोबार को लेकर विवाद था। हत्या के लिए अशोक साह ने शूटर उमेश को हायर किया था। उमेश ने ही गोपाल खेमका को 4 जुलाई को घर के गेट पर गोली मारी थी। पुलिस ने सोमवार को बिल्डर अशोक साह को उदयगिरि अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 601 से अशोक साह को गिरफ्तार किया गया। शूटर उमेश की निशानदेही पर पुलिस गन सप्लायर विकास से पूछताछ करने पटना सिटी के मालसलामी इलाके में पहुंची थी। इसी दौरान विकास ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे ढेर कर दिया। एनकाउंटर मंगलवार तड़के 4 बजे हुआ। (अनंत ज्ञान)



## ब्रासीलिया में मोदी का शिव तांडव के साथ हुआ स्वागत

एजेंसी, ब्रासीलिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच देशों के 8 दिवसीय विदेश यात्रा पर हैं। पीएम मोदी मंगलवार को रियो डी जनेरियो से ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पर उनका स्वागत शिव तांडव स्त्रोत और भारतीय शास्त्रीय नृत्य से किया गया। मोदी ने इसे 'यादगार स्वागत' बताया और प्रवासियों की अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी आज ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे।

ब्रासीलिया पहुंचे पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर ब्राजील के रक्षा मंत्री जोस मुसियो मोंटेइरो फिल्हो ने स्वागत किया। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का चौथा चरण है। पीएम मोदी के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत 'भारत माता की जय' के नारों के साथ किया। इसी दौरान पीएम के स्वागत में संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। कुछ विदेशियों ने पीएम मोदी के सामने शिव तांडव स्त्रोत भी प्रस्तुत किया। पीएम मोदी ने इन कलाकारों की सराहना की। पीएम मोदी ने उनका स्वागत करने आए बच्चों से भी बातचीत की और उनके साथ दुलार करते नजर आए। (अनंत ज्ञान)

## 10 ट्रेड यूनियनों के 25 करोड़ कर्मी करेंगे आज 'भारत बंद'

एजेंसी, नई दिल्ली




अगर आप बुधवार को बैंक, पोस्ट ऑफिस या सरकारी दफ्तर जाने की सोच रहे हैं तो थोड़ा रुक जाइए, क्योंकि आज देशभर के 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी देशव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। ये कर्मचारी बैंकिंग, बीमा, राजमार्ग निर्माण और कोयला खनन समेत अन्य कई क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

यह हड़ताल 10 ट्रेड यूनियन और उनकी सहयोगी इकाइयों द्वारा सरकार की मजदूर, किसान और राष्ट्र विरोधी नीतियों का विरोध करने के लिए बुलाई गई है। जिससे कई जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

ट्रेड यूनियनों का कहना है कि 9 जुलाई की प्रस्तावित हड़ताल कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि देश की नीतियों और श्रमिकों के अधिकारों पर सवाल उठाने की बड़ी कोशिश है। अगर हड़ताल सफल रही, तो इसका असर न केवल सेवाओं पर पड़ेगा, बल्कि सरकार की नीतियों पर भी पड़ सकता है। (अनंत ज्ञान)

## चीन-नेपाल सीमा पर भूस्खलन, 17 लोग लापता

एजेंसी, बीजिंग

तिब्बत में चीन-नेपाल सीमा पर स्थित बंदरगाह क्षेत्र में मंगलवार को भूस्खलन की घटना के बाद कुल 17 लोगों के लापता होने की सूचना है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार सुबह चीन-नेपाल सीमा पर स्थित ग्यिरोंग बंदरगाह क्षेत्र में भूस्खलन हुआ। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि भूस्खलन सुबह करीब पांच बजे हुआ। लापता लोगों में से 11 चीन की सीमा के भीतर थे, जबकि शेष छह नेपाली क्षेत्र में मौजूद चीन के रहने वाले निर्माण कर्मी थे। (अनंत ज्ञान)

## जोलसप्पड़ कैंसर अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज को मिली 15 हेक्टेयर भूमि

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो

- पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के बाद स्वास्थ्य विभाग के नाम हुई जमीन
- सीएम के प्रयासों को मिला नया पड़ाव, एफसीए का अंतिम अनुमोदन

**हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के जोलसप्पड़ स्थित नए परिसर में कैंसर हॉस्पिटल और नर्सिंग कॉलेज के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। यहां वन विभाग से 15.532 हेक्टेयर भूमि मिली है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी के बाद यह भूमि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के नाम हो गई है।

मंत्रालय ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन हिमाचल प्रदेश को पत्र के जरिए इस बारे में सूचित कर दिया है। मुख्यमंत्री का कैंसर हॉस्पिटल बनाने का यह सपना अब आधारभूत ढांचे की शक्ल में बदल जाएगा।

मेडिकल कॉलेज में इस भूमि पर कैंसर अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, 300 बेड का सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल, मदर एंड चाइल्ड अस्पताल व डॉक्टरों एवं स्टाफ के लिए क्वार्टर बनेंगे।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वन विभाग ने केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के समक्ष अंतिम एफसीए देने का मामला उठाया था। सरकार कैंसर अस्पताल के निर्माण के लिए अब तक 90 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है। नर्सिंग कॉलेज व हॉस्टल का निर्माण दस करोड़ रुपए की लागत से होना है। इसके लिए सरकार अब तक 3.33 करोड़ रुपए जारी कर चुकी है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वन विभाग के उच्च अधिकारी भूमि हस्तांतरण की अंतिम मंजूरी प्राप्त करने के लिए शिद्दत से जुटे हुए थे, जिसमें उन्हें अब सफलता मिल गई है। नए परिसर से नेशनल हाईवे सड़क को बाहर करने के लिए भी काम शुरू हो चुका है अब इस नई सड़क के तैयार होने से कैंपस के बीचों बीच की दिक्कत भी दूर होगी और बाहर से जो सड़क निकाली जा रही है उस गांव वासियों को भी काफी फायदा होगा। यह काम भी जोर-शोर से जारी है।

### कैंसर अस्पताल सीएम सुक्खू का 'ड्रीम' प्रोजेक्ट

200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाला कैंसर अस्पताल मुख्यमंत्री का 'ड्रीम' प्रोजेक्ट है। मुख्यमंत्री ने नॉर्थ जोन का आधुनिक स्टेट कैंसर इंस्टीच्यूट, नर्सिंग कॉलेज, सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल व मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल भी जोलसप्पड़ में ही स्वीकृत किया है, ताकि एक ही स्थान पर अनेक बीमारियों का उचित उपचार हो सके।

**गुड न्यूज** रेलवे लाइन के किनारे बसे लोगों की चिरलंबित मांग हुई पूरी

# पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग पर पांच अंडरब्रिज बनाने की मिली मंजूरी

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान



**फतेहपुर।** पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल मार्ग पर पांच अंडरब्रिज बनने की मंजूरी मिलने से रेलवे लाइन के किनारे बसे पौंग बांध विस्थापितों व आम जनता की चिरलंबित मांग पूरी होगी।

पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन पर लुदरैट, कथोली, बरियाल, नंदपुर और खबली में अंडरब्रिज का निर्माण होगा जिस कारण रेललाइन की दूसरी तरफ बसे लोगों को वाहन लेकर आवागमन करना आसान होगा। मौजूदा समय में लोगों को अपने वाहन घरों तक ले जाना मुश्किल हो रहा है। लोग काफी समय से सरकारों व सांसदों के समक्ष इस डिमांड को रखते आ रहे हैं, लेकिन इस बार प्रदेश सरकार व कांगड़ा-चंबा के सांसद के प्रयास रंग लाए हैं तथा पांच अंडरब्रिज बनाने की मंजूरी मिली है। इन अंडरब्रिज की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भी अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि साकार हुआ वर्षों पुराना सपना।

उन्होने लिखा है कि पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित किए जा रहे कांगड़ा जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में रेलवे से जुड़ी अनेक समस्याएं थीं। हमारी सरकार ने मजबूत और प्रभावी तरीके से उन्हें रेल मंत्रालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसके ठोस परिणाम अब धरातल पर दिखने लगे हैं। हमारे सघन प्रयासों से कांगड़ा जिले में विभिन्न रेलवे अंडरब्रिज बनाए जाएंगे। हमारी सरकार पौंग बांध विस्थापितों की वर्षों पुरानी पीड़ा दूर करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमने उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए ठोस कदम उठाए हैं, ताकि उन्हें न्याय और पुनर्वास मिल सके। हम प्रदेश के समग्र विकास और जनकल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे।

### क्या कहते हैं सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज



**भाजपा** सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि मैंने जनता की इस मांग को प्रमुखता से केंद्र में उठाया था तथा उसका परिणाम भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि रेलवे का विस्तार भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्यटक स्थलों व तीर्थ स्थानों को भी जोड़ने की मांग भी लोकसभा व केंद्र सरकार के समक्ष उठाई है।



## न्यूज ब्रीफ

### टिक्कर में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस चौकी दियोटसिद्ध को सूचना मिली कि टिक्कर गांव में लक्ष्मी देवी पत्नी संजीव कुमार ने फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना के आधार पर पुलिस चौकी दियोटसिद्ध की पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा महिला की मौत कैसे हुई, इसका पता करने के लिए शव का पोस्टमॉर्टम मेडिकल कॉलेज अस्पताल हमीरपुर में करवाया जाएगा तथा उसके बाद शव को नियानुसार कार्रवाई करके मृतक के परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### एमसीए अंतिम सेमेस्टर में धर्मशाला की सलोनी प्रथम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने एमसीए अंतिम सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया है। तकनीकी विवि व संबंधित शिक्षण संस्थानों के एमसीए अंतिम सेमेस्टर के 210 विद्यार्थियों में सभी उत्तीर्ण हुए हैं। पीजी कॉलेज धर्मशाला की सलोनी ने पहला, जबकि पीजी कॉलेज ऊना की रूबी चौधरी ने दूसरा और पीजी कॉलेज धर्मशाला की आक्षमी तीसरे स्थान पर रही। तकनीकी विवि के परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि अभ्यर्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

### विभिन्न कोटे वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेज जांचे

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में मंगलवार को एक्स सर्विसमैन, डिफेंस, फ्रीडम फाइटर सहित अन्य स्पोर्ट्स और बैकवर्ड एरिया के कोटे से बी फार्मेसी, बीएचएमसीटी व बीएससी एचएमसीटी में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की गई। उपरोक्त श्रेणी के लगभग 180 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किए हैं। इसके अलावा बीटेक (डायरेक्ट एंट्री) में उपरोक्त श्रेणी के माध्यम से प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों को नौ जुलाई को दस्तावेज की जांच करवाने के लिए तकनीकी विश्वविद्यालय परिसर आना होगा। वहीं, बी आर्क, एमटेक, एम फार्मेसी, एमबीए, एमसीए, एमबीए पर्यटन, एमटेक, एमएससी भौतिक व पर्यावरण विज्ञान, योग, फार्म डी और बीटेक व बी फार्मेसी (लेटरल एंट्री) के उपरोक्त श्रेणी के अभ्यर्थियों को 16 जुलाई को संबंधित दस्तावेज के जांच करवानी होगी।

### स्काउटिंग के मानव भलाई के कार्य जारी

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** राजकीय उच्च पाठशाला पटलौन के भारत स्काउटस एवं गाइड्स इकाई ने अपने स्काउट मास्टर सतीश कुमार राणा के मार्गदर्शन में और उनके सहयोगी सदस्य सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ओंकार सिंह, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक बलबीर राणा, स्थानीय पाठशाला के मुख्य अध्यापक महेश कुमार और रतन चंद रांगड़ा ने री भलाना पंचायत की एक महिला को 11000 रुपए की मदद दी, जिनके पिछले हफ्ते बेटे का देहांत हो गया जो किडनी की बीमारी से पीड़ित था और उनके पति का कुछ वर्ष पहले देहांत हो गया था, अभी घर में इनकी एक बेटी और एक छोटा बेटा है और आय के साधन बहुत कम हैं, इसलिए यह पैसे इन बच्चों की पढ़ाई के लिए दिए गए। इस पुण्य कार्य में सूबेदार ठुनिया राम तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटलांदर में कार्यरत प्रवक्ता गणित राजीव कौंडल ने अपना विशेष सहयोग दिया।

### आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के फिर मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बाल विकास परियोजना सुजानपुर के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या सहायिका के खाली पदों को भरने के लिए 9 जून को जारी अधिसूचना के अनुसार क्षेत्र के 3 आंगनबाड़ी केंद्रों में चयन की प्रक्रिया 4 जुलाई को पूरी कर ली गई है, लेकिन तीन अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों भदरियाणा, खयूंड और पटलांदर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र चमारड़ी में आंगनबाड़ी सहायिका के लिए निर्धारित न्यूनतम संख्या से कम आवेदन प्राप्त होने के कारण इनके साक्षात्कार स्थगित कर दिए गए हैं और आवेदन की इच्छुक अन्य पात्र महिलाओं को नियम के अनुसार 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। सीडीपीओ कुलदीप सिंह चौहान ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही आवेदन कर दिया है, उन्हें दोबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। अन्य इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र 19 जुलाई शाम 5 बजे तक सीडीपीओ कार्यालय सुजानपुर में जमा करवा सकती हैं। निर्धारित अवधि में आवेदन करवाने वाली पात्र महिलाओं के साक्षात्कार 23 जुलाई को सुबह 10 बजे सीडीपीओ कार्यालय सुजानपुर में होंगे। इस संबंध में अलग से कोई बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा।

### कल्याण सभा बड़ा ने सराज के लिए भेजी राहत सामग्री



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की प्रसिद्ध समाज सेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा द्वारा आज विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक सभा के प्रधान अजीत शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभा के महासचिव परमजीत सिंह के अतिरिक्त सभा के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। सभा सचिव परमजीत सिंह ने बताया कि बैठक में जिला मंडी के के आपदा से ग्रस्त लोगों के लिए व्यापार मंडल हमीरपुर के जनसहयोग से 21 पैकेट खाद्य सामग्री भेजी गई।

### कल से 25 अगस्त तक बंद रहेगी बड़सर-नधियार सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर में बड़सर-चंबेह-नधियार सड़क के अपग्रेडेशन कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 10 जुलाई से 25 अगस्त तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़सर-शाहतलाई सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### भोटा योजना क्षेत्र में निर्माण कार्य के लिए मंजूरी जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर एवं ग्राम योजनाकार हरजिंद्र सिंह ने बताया कि नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने भोटा योजना क्षेत्र की विकास योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिसूचना विभाग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवा दी गई है। उन्होंने बताया कि भोटा योजना क्षेत्र के अधीन आने वाले राजस्व मुहालों में किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य केवल भोटा योजना क्षेत्र की विकास योजना में उल्लेखित नियमों एवं विनियमों और भू-उपयोगों के अनुसार ही करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत भोटा के क्षेत्र में आने वाले राजस्व मुहालों में किसी भी प्रकार की विकासात्मक गतिविधि के लिए तथा बिजली, पानी और सीवरेज के कनेक्शनों के लिए नगर पंचायत सचिव से अनापत्ति प्रमाण पत्र जरूरी है। जो राजस्व मुहाल नगर पंचायत की सीमा से बाहर के ग्रामीण क्षेत्रों में आते हैं, उनमें भी विकासात्मक गतिविधि के लिए टीसीपी कार्यालय की अनुमति जरूरी है।

### वीरवार को मरम्मत कार्य के चलते बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** टौणी देवी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले 11 केवी टिक्करी फीडर पर 10 जुलाई को एनएच के नजदीक 11केवी लाइन को शिफ्ट करने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते गांव बराड़ा, पंजोत, टिक्करी, धरयाड़ा, घराण, बगवाड़ा, मतलाना व अवाहदेवी में विद्युत आपूर्ति सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह सूचना विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता इं. दीपक चौहान ने दी।

### नादौन में ड्राइविंग टेस्ट, वाहनों की पासिंग स्थगित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एसडीएम कार्यालय नादौन के अंतर्गत 11 जुलाई को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग प्रशासनिक कारणों से फिलहाल स्थगित कर दी गई है। एसडीएम और पंजीकरण एवं लाइसेंस प्राधिकारी नादौन राकेश शर्मा ने बताया कि इनकी नई तिथि शीघ्र ही निर्धारित कर दी जाएगी।

### नप बड़सर में ड्रा के माध्यम से आरक्षण रोस्टर जारी होगा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर प्रशासन द्वारा नगर पंचायत बड़सर के 9 वार्डों की परिसीमन प्रस्तावना को जिला प्रशासन की समीक्षोति के लिए भेज दिया है। उपमंडल अधिकारी बड़सर राजेंद्र कुमार गौतम ने व्यापक स्तर पर प्रचार करवाकर आम जनता को भी इस बारे सूचित किया है। प्रशासक नगर पंचायत एवं उप मंडल अधिकारी गौतम ने बताया कि नगर पंचायत बड़सर के बनने के बाद आरक्षण का निर्धारण उपयुक्त हमीरपुर 10 जुलाई दोपहर 3 बजे उपायुक्त कार्यालय हमीर भवन में ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। यह ड्रा उपायुक्त द्वारा मनोनीत सदस्य शैलजा बन्याल, बलबीर कुमार, अजय भारती की उपस्थिति में निकाला जाएगा।

### मोदी सरकार का प्रदेश से सौतेला रवैया निंदनीय: वर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रदेश के लाखों सेब उत्पादकों की भावनाओं को आहत करते हुए मोदी सरकार ने अमेरिका से आयातित सेब पर टैरिफ (आयात शुल्क) में कटौती कर दी है। यह निर्णय यहां के मेहनतकश बागवानों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है। केंद्र सरकार का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। प्रधानमंत्री मोदी अक्सर हिमाचल को अपना दूसरा घर बताते हैं, लेकिन उनके निर्णयों से साफ है कि यह सिर्फ एक राजनीतिक बयानबाजी है।

## डीसी अमरजीत ने लोगों की सुनी समस्याएं, पीडी को दिए समाधान के निर्देश

# फोरलेन के निर्माण से लोगों की बढ़ी परेशानियां

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** फोरलेन निर्माण के दौरान बरती जा रही लापरवाही से लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कहीं पानी की निकासी से लोगों के मकानों का खतरा हो गया है तो कहीं रास्ते बंद होने की बजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को मिल रही शिकायतों को मद्देनजर रखते हुए डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह ने मंगलवार को नादौन का दौरा किया तथा मटौर शिमला फोरलेन के निर्माण से लोगों को हो रहे नुकसान का जायजा लिया। लोगों की समस्याएं सुनी तथा एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा को मौका पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसडीएम राकेश शर्मा, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा,एक्सीयन पीडब्लयूडी राजेन्द्र सिंह, एसडीओ पंकज कौशल, के अलावा वरिष्ट कांग्रेसी संतोष संधू ,प्रीतम जस्सल,वीना कुमारी भी उपस्थित रहे। डीसी ने टीम सहित नादौन शहर के कोट क्षेत्र में हाईवे के निर्माण से पानी की निकासी बंद होने की वजह से बारिश का पानी करीब आधा दर्जन घरों में घुस रहा है, जिससे जहां मकानों को क्षति पहुंच रही है, वहीं लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता।



फोरलेन निर्माण से लोगों को हो रही समस्याओं का जायजा लेते डीसी व अन्य।

वीना कुमार के घर को खतरा पैदा हो गया है। कोट से अस्पताल को जाने वाला संपर्क मार्ग भी सड़क निर्माण के कारण कट गया है, जिस वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों की मांग है कि यहां अंडर पाथ बनाया जाए। पीडल्यूडी कार्यालय के पास मिट्टी के बड़े बड़े ढेर लगा दिए हैं जिस वजह से पानी की सही निकासी न होने से कार्यालय की दीवार को नुकसान पहुंच रहा है।

पानी की सही निकासी न होने के कारण बारिश का पानी सड़क में जमा हो जाता है, जिस वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। हाईवे के निर्माण से पीडब्ल्यूडी की करीब आधा दर्जन सड़कों की अप्रोचिज सही न नहीं की हैं जिस वजह से आने जाने वालों को काफी परेशानी होती है। एक्सईएन राजेन्द्र सिंह ने बताया कि जजोली, दोसड़का सुजानपुर को जाने वाली सड़क, मानपुल भरमोटी, जंगलखोर, लाहड़ कोटलू आदि करीब आधा दर्जन सड़कों की अप्रोचिज सही नहीं की हैं। कई लोगों का रास्ता कट हो कर रहे गया है, जिस वजह से लोगों को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेकटर विक्रम सिंह मीणा का कहना है कि कोट से अस्पताल नादौन को जाने वाला रास्ता हाईवे की जद में आया गया है। अंडर पाथ बनाने का अभी तक कोई प्रावधान नहीं है । अनुमति के लिए मामला दिल्ली को भेजा जाएगा।

एसडीएम राकेश शर्मा ने बताया कि लोगों की समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह ने मौका देखा और लोगों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। उन्होंने मौका पर ही एनएचएआई के पीडी को पानी की निकासी सुनिश्चित करने, अप्रोच रोड बनाने व उसे सही करने के निर्देश दिए हैं ताकि लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

## मांगों को लेकर उपभोक्ताओं को राशन वितरित न करने पर अड़े डिपो धारक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

अपनी मांगे पूरी न होने के चलते प्रदेश के सस्ते राशन डिपो धारकों ने जुलाई माह का राशन निगम के गोदामों से उठाना बंद कर दिया है। प्रदेश डिपो संचालक समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने बताया कि डिपो धारकों की मांगें लंबे समय से लंबित पड़ी हैं, जिन्हें प्रदेश डिपो संचालक समिति अनेक बार सरकार व विभाग के समक्ष रख चुकी है, लेकिन हमारी मांगों पर न तो सरकार ने कोई गौर किया और न ही विभाग ने।



अशोक ने कहा कि 14 अप्रैल को हमीरपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में प्रदेश के डिपो धारकों ने एक मई तक डिपुओं में विभाग द्वारा स्थापित की गई मशीनों में कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध करवाने व जो खर्च पिछले पांच वर्ष तक डिपो धारकों ने मशीनें चलाने के लिए नेट पर अपनी जेब से अदा किया है, उसे डिपो धारकों को देने की मांग पूरी करने की शर्त रखी थी और एक मई तक यह शर्त पूरी न होने की दिशा में डिपो धारकों ने एक मई से राशन वितरण का कार्य बंद करने का फैसला लिया था। 7 मई को निदेशक खाद्य आपूर्ति विभाग ने डिपो धारकों की इस मांग को डेढ़ माह के भीतर पूरा करने का आश्वासन दिया था, जिसके चलते प्रदेश के डिपो धारकों ने अपनी इस हड़ताल को स्थगित कर दिया था। 23 जून को बिलासपुर में जिला स्तरीय बैठक करके उपायुक्त के माध्यम से उच्चस्तरीय विभागीय अधिकारियों व मुख्यमंत्री को दोबारा 30 जून तक डिपो धारकों की मांगें पूरी करने के लिए ज्ञापन सौंपा था और यदि विभाग ने डिपो धारकों से उपभोक्ताओं को फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से राशन वितरित करवाना है तो डिपो धारकों को मोबाइल देने की मांग की गई थी, जिस पर विभाग व सरकार अभी तक कोई निर्णय नहीं ले पाई है।

हालांकि कांग्रेस पार्टी ने आम विधानसभा चुनावों से पूर्व डिपो धारकों को बीस हजार रुपए मासिक वेतन देने का वादा भी किया था, लेकिन अढ़ाई वर्ष बीत जाने के उपरांत भी सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया है, जिस कारण डिपो संचालक सरकार व विभाग से निराश हैं। इसके चलते हमें राशन न उठाने का फैसला लेने पर मजबूर होना पड़ा। प्रदेश अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि सरकार लाखों उपभोक्ताओं व 5200 डिपो धारकों के हित में शीघ्र निर्णय लेगी अन्यथा प्रदेश के डिपो धारक अपने आंदोलन को नई दिशा देंगे।

## पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने दिखाई राहत सामग्री और 2 एंबुलेंसों को हरी झंडी



राहत सामग्री और सांसद स्वास्थ्य मोबाइल वैन को हरी झंडी देते पूर्व मुख्यमंत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने मंगलवार को समीरपुर में हमीरपुर मंडल के सौजन्य से धर्मपुर क्षेत्र के लिए 200 किट राहत सामग्री से भरी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा प्रायोजित दो एंबुलेंस (सांसद स्वास्थ्य मोबाइल वैन) भी आपदा पीड़ितों के लिए भेजी गईं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रयासों की सराहना की, जो पिछले कई दिनों से लगातार राहत कार्य में जुटे हुए हैं। समीरपुर मंडल के भाजपा अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली व उनकी टीम अपने सांसद अनुराग ठाकुर के आह्वान पर राहत सामग्री के इस वितरण अभियान को निरंतर चला रहे हैं।

पिछले कल भी भोरंज विधानसभा द्वारा राहत सामग्री की गाड़ियां रवाना की गई थीं और आज धर्मपुर क्षेत्र के लिए विशेष रूप से समीरपुर मंडल के माध्यम से यह सामग्री भेजी गई।

## बूथ स्तर पर कार्य करेगी आम आदमी पार्टी : श्रतुराज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

आम आदमी पार्टी हिमाचल के सभी जिलों में जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करेगी। हमीरपुर से इसकी शुरुआत कर दी गई है। पार्टी का मानना है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा दोनों से ही यहां के लोग तंग आ चुके हैं और अब वैकल्पिक राजनीति को स्थापित करने के लिए आम आदमी पार्टी बेहतर ढंग से लोगों के दिलो दिमाग पर खरा उतरकर बूथ स्तर पर काम करेगी।

मंगलवार को हमीरपुर में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली के पूर्व विधायक और हिमाचल के प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हिमाचल की राजनीति में अब आम आदमी पार्टी बेहतर ढंग से काम करेगी। यह सम्मेलन प्रदेश में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी पंचायत चुनावों की तैयारियों को गति देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण संवाद सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उनके साथ सह-प्रभारी विजय फुलारा और प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर विशेष रूप से इस अवसर पर मौजूद रहे। सम्मेलन में केंद्रीय टीम के 19 सदस्यों ने भी भाग लिया, जिन्होंने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और संगठनात्मक मजबूती के लिए अपने अनुभव साझा किए।



पार्टी के कार्यक्रम में मौजूद प्रभारी और अन्य।

इस अवसर पर, हमीरपुर जिला अध्यक्ष धनीराम धीमान ने सभी कार्यकर्ताओं का हार्दिक स्वागत किया और हिमाचल प्रदेश में आम आदमी पार्टी के बढ़ते जनाधार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था से त्रस्त है और आम आदमी पार्टी एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में उभर रही है। प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हिमाचल प्रदेश में ईमानदार और स्वच्छ राजनीति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी के सिद्धांतों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

सह-प्रभारी विजय फुलारा और प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और आगामी चुनावों के लिए पूरी लगन से काम करने का आह्वान किया। यह सम्मेलन कार्यकर्ताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार करने में सफल रहा, जिससे प्रदेश में पार्टी के संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस मौके पर कई गणमान्य मौजूद थे।

## 11 को होगा मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कृषि एवं इससे संबंधित अन्य गतिविधियों के लिए अधिक से अधिक ऋण आवंटन के उद्देश्य से पंजाब नेशनल बैंक का हमीरपुर मंडल कार्यालय 11 जुलाई को विकास खंड सुजानपुर की पंचायत बनाल में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन करवाने जा रहा है।

कार्यक्रम में किसानों-बागवानों को विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी तथा ऋण आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। पीएनबी के मुख्यालय दिल्ली से आए उच्च अधिकारी मौके पर ही इन आवेदकों को स्वीकृति पत्र प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं का तुरंत नामांकन भी कर दिया जाएगा। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय के ~~प्रमुख नीरज कुमार आनंद ने लोगों से~~ इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## शुक्र खड्ड में बही प्रवासी महिला का शव बरामद

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** गत रविवार को उपमंडल बड़सर में हुई भारी बरसात के चलते शुक्र खड्ड में प्रवासी महिला बह गई थी। बड़सर प्रशासन की तरफ से तहसीलदार संदीप कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम सर्च अभियान में लगी थी, परंतु बरसात का पानी गंदा होने पर चलते सर्च अभियान सफल नहीं हो सका था। रविवार को उक्त महिला खड्ड के किनारे स्थापित क्रशर में कार्यरत थी तथा बर्तन धोते वक्त हादसा हो गया तथा खडड में भारी जलभराव आने के चलते बह गई।



शुक्र खड्ड में बही प्रवासी महिला का शव धबीड़ी पुल से नीचे से बरामद हुआ।

किरण देवी पत्नी सुख राज गांव मनकोली तह सिंहवाड़ा जिला दरभंगा बिहार का शव प्रात: घोड़ी धबीड़ी पुल से नीचे शमशानघाट के पास बरामद हुआ है। स्थानीय पुलिस मौका की कार्रवाई कर रही है।

बड़सर के डीएसपी लालमन शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेज दिया गया है। महिला की पहचान उसके कपड़ों से की गई है, फिर भी पुलिस हर एंगल से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हैप्स विकासनगर में महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोरदार बहस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर में कक्षा सातवीं के छात्रों के लिए युवा संसद का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा और साथ ही समन्वयक मनीषा मारवाह तथा बैंड हेड अंजना शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। संसद की कार्यवाही के दौरान प्रश्नकाल का आयोजन हुआ, जिसमें सत्ता दल और विपक्ष दल के बीच विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर जोरदार बहस हुई। विपक्ष ने मंत्रियों से गंभीर प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर सत्तादल ने दृढ़ता और तार्किकता से दिए। चर्चा में नई शिक्षा नीति 2020, नारी सशक्तिकरण, ऑपरेशन सिंदूर विमान दुर्घटनाएं, रेल सेवाएं, पर्यटन, किसान योजनाएं, यातायात व राजमार्ग, प्राकृतिक आपदाएं, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल रहे। कुछ छात्र नव-निर्वाचित सांसदों के रूप में तो कुछ विदेशी प्रतिनिधियों की भूमिका में नजर आए। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया की भूमिका भी छात्रों ने सक्रिय रूप से निभाई। कार्यक्रम की सफलता में सामाजिक विज्ञान की अध्यापिका पूजा शर्मा का विशेष योगदान रहा। अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक और लोकतांत्रिक गतिविधियों के आयोजन के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।




## आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में विशेषज्ञ चिकित्सकों की हो रही तैनाती

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार के सहयोग से यहां पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती हो रही है। इसी कड़ी में स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए डॉ. मुकेश कुमार की तैनाती एक बार फिर आयुर्वेदिक अस्पताल लंबलू में हुई है। इससे पहले भी 4 वर्ष तक सेवाएं दे चुके हैं, उनके उपचार से अब तक सैकड़ों मरीजों को नया जीवन मिला है, ऐसे में अब लंबलू के आसपास के लोग भी स्थानीय आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में उपचार का लाभ उठा सकते हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश ने बताया कि यहां पर घुटने, गर्दन, पीठ कमर या बबासीर के अलावा कई अन्य गंभीर एवं पुराने रोगों का इलाज पंचकर्मा और पैरासर्जिकल प्रोसीजर के माध्यम से किया जाता है।

आयुर्वेद में ऐसी कई गंभीर बीमारियों का उचित इलाज संभव है। अगर आपके परिवार या आस पड़ोस में भी कोई रोगी इन रोगों से ग्रसित है तो उनको अब अपने लंबलू अस्पताल में इलाज मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि मरीज अपना इलाज करवाने के साथ परामर्श के लिए भी अस्पताल में पहुंच सकते हैं।

## आपदा में जनता को शीघ्र सहायता पहुंचाएं : पुलिस अधीक्षक

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला पुलिस हमीरपुर द्वारा आज पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मासिक संयुक्त कल्याण समिति की बैठक का आयोजन ऑनलाइन वर्चुअल मोड से किया गया तथा इसके उपरांत पुलिस लाइन दोसड़का के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

संयुक्त कल्याण समिति की बैठक में पुलिस कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मांगों, सुझावों एवं समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया तथा प्राथमिकता के आधार पर उनका निपटारा किया गया। बैठक के दौरान सभी कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर साझा किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित मामलों का समाधान तत्परता से किया गया।

इसके अतिरिक्त, पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक कल्याण व उत्थान के दृष्टिगत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश एवं सुझाव प्रदान किए गए। उन्होंने खेलकूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए इस ऑनलाइन बैठक के दौरान महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान करके खुशहाल माहौल में अपना कार्य करने के लिए मार्गदर्शन किया।

इसके पश्चात पुलिस लाइन जिला हमीरपुर के सभागार में आयोजित मासिक अपराध बैठक के दौरान जिले में पंजीकृत अन्वेषण अधीन सभी अभियोग व घटित आपराधिक घटनाअ वर्तमान में जारी बरसात के मौसम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना व चौकी प्रभारियों को कानून व्यवस्था बनाए रखने, जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## छात्रों को लगाए डीपीटी के टीके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर में पहली कक्षा के छात्रों को डी0 पी0 टी0 के टीके लगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र झन्यारी के स्वास्थ्य कर्मचारियों रजनीश व तेजश्वी ने 41 छात्रों को टीके लगाए। विद्यालय परिचारिका साक्षी धीमान ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को इस कार्य में सहयोग किया। छात्रों के अभिभावकों ने भी अपनी उपस्थिति बनाए रखी। प्राचार्य शशि बाला ने स्वास्थ्य कर्मचारियों का बड़ी सूझबूझ से कार्य करने पर धन्यवाद किया।

**शिलान्यास** 1.14 करोड़ से बनेगा लझयाणी का आधुनिक सामुदायिक केंद्र का भवन: सुरेश

# विधायक सुरेश ने लोगों की सुलझाई समस्याएं

**अनंत ज्ञान, जाहू**

उपमंडल भोरंज के लझयाणी पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आधुनिक सामुदायिक केंद्र भवन, (पंचायत घर) का विधायक सुरेश कुमार ने मंगलवार को शिलान्यास किया। इस बाद लझयाणी में विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक सुरेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उनका मौक पर ही निपटारा किया।

इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि ग्रामीणों की जनसमस्याएं घर-द्वार पर हल हों, इसके लिए विधायक आपके द्वारा कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि अकेली लझयाणी पंचायत के डेढ़ करोड़ रुपए से विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामुदायिक केंद्र भवन पंचायत घर में लोगों के आधुनिक सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। यहां की पेयजल योजना का पानी प्रयोगशाला में टेस्टिंग के लिए गया है, इसकी रिपोर्ट आने के बाद योजना का लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लझयाणी में बनने वाले डीएवी स्कूल भवन की भूमि संबंधी जटिलताओं को दूर किया गया है। कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, बडैहर पंचायत के पूर्व उपप्रधान विजय डोगरा, सोशल मीडिया प्रभारी चंदन ठाकुर, पर्यटन निगम के निदेशक परवेश ठाकुर, सुरेंद्र जरियाल, दीप चंद, खंड विकास अधिकारी भोरंज कुलवंत सिंह, अन्य पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।



सामुदायिक केंद्र भवन का शिलान्यास करते सुरेश।

भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने धमरोल पंचायत के पल्ली में महिला मंडल भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने पल्ली महिला मंडल की दूसरी मंजिल के निर्माण के लिए 5 लाख रूपए देने की घोषणा की।

## नेशनल स्पोर्ट्स मीट में डीएवी भड़ोली का बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भड़ोली में एक दिवसीय डीएवी नेशनल स्पोर्टर्स मीट क्लस्टर लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। कार्यक्रम वाइस चेयरमैन ओपी सोंधी व प्रदीप ठाकुर (नेशनल बैडमिंटन अंपायर मेंबर ऑफ बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया) और सर्टिफाइड रेफरी ऑफ बैडमिंटन (खेलो इंडिया )के अलावा डीएवी हमीरपुर के प्रिंसिपल महेंद्र सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे ।

इस प्रतियोगिता में डीएवी कांगू, हमीरपुर,देहरा, वाघनी,धर्मशाला, भड़ोली के प्रतिभागियों ने अंडर 14,17 ,19 वर्ग के लड़के व लड़कियों ने भाग लिया। बैडमिंटन टीम इवेंट में लड़कियों के वर्ग से अंडर-14 में डीएवी भड़ोली विजेता और कांगू उपविजेता रहा। लड़कों के वर्ग से भड़ोली विजेता और वाघनी उपविजेता रहा। वही टीम इवेंट अंडर 17 लड़कों के वर्ग से कांगू विजेता और भड़ोली उपविजेता रहा।

वहीं, लड़कियों के वर्ग से हमीरपुर विजेता और भड़ोली उपविजेता रहा अंडर 19 लड़कों के वर्ग से भड़ोली स्कूल का छात्र उत्कर्ष विजेता और देहरा स्कूल का छात्र अनुभव उपविजेता रहा। इंडिविजुअल अंडर 14 मैचेस में लड़कों के वर्ग से डीएवी भड़ोली के छात्र सानिध्य विजेता रहे और वाघनी स्कूल का आरित उपविजेता रहा। इसके अलावा भी अन्य कई मुकाबले हुए। इस प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब डीएवी भड़ोली से उत्कर्ष और सानिध्य कपूर ने प्राप्त किया।

**पंचायत पड़ताल**

*हिमाचल प्रदेश के उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के संवाददाता राज्य की विभिन्न ग्राम पंचायतों की जमीनी हकीकत को उजागर करने के लिए गांव-गांव जाकर लोगों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य है प्रदेशवासियों को पंचायतों की असल तस्वीर दिखाना। जहां उपलब्धियां हों, वहां प्रशंसा और जहां चुनौतियां हों, वहां समाधान की पहल। इसी कड़ी में आज हम लेकर आए हैं मंडी जिले की बल्ह विधानसभा क्षेत्र में स्थित बड़सू पंचायत की ग्राउंड रिपोर्ट, जो स्थानीय विकास, प्रशासनिक सक्रियता और जनसहभागिता की सच्ची झलक पेश करती है।*

# अतिक्रमण से सड़कें नालों में तब्दील

### बड़सू पंचायत में दिखी बिजली-पानी की चुनौतियां, पर बाकी बदलाव की उम्मीद

### समस्याएं गंभीर समाधान अधूरे लेकिन जल रही है जागरूकता की लौ




सड़क के साथ लगे बिजली के पोल।


पीडब्ल्यूडी की सड़क पर पड़े गड्ढे और उनमें एकत्र हुआ पानी।


सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को नाले से होकर आना जाना पड़ता है।

ग्राउंड रिपोर्ट
अनिल शर्मा
मंडी

**मंडी** जिले के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के बागला के साथ लगती बड़सू पंचायत की गलियों से लेकर खेतों और सरकारी भवनों तक जब अनंत ज्ञान की टीम ग्राउंड रिपोर्टिंग के लिए पहुंची, तो एक ओर जहां उम्मीद की छोटी रोशनी नजर आई तो वहीं, दूसरी ओर अधूरे विकास और प्रशासनिक अनदेखी की लंबी छाया भी दिखी। पंचायत के भीतर कई जगह विकास की पहल हुई है, लेकिन असल तस्वीर तब सामने आई जब लोगों से बातचीत में अतिक्रमण, टूटी सड़कें, पेयजल संकट और बिजली की असुरक्षा जैसे मुद्दे उभरकर सामने आए। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि कुछ एक-दो परिवारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण पूरा गांव वर्षों से परेशानी झेल रहा है। कहीं एक्ट का दुरुपयोग दिखा तो कहीं आपसी लड़ाई के कारण सड़क रोकने की समस्या सबके लिए परेशानी का सबब बन गई है। बदलाव की डींगे हांकने वाले कुछ लोग बुरा न बनने के चक्कर में अपनी बात नहीं कह पाए और जादुई छड़ी से सब समस्याओं के समाधान की उम्मीद भी पाले बैठे हैं।

## विकास की प्रमुख उपलब्धियां

**06** किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण

**गांवों** को आपस में जोड़ने वाली सड़कें अब लोगों के लिए सुविधाजनक और सुगम मार्ग बन चुकी हैं।
-2 किलोमीटर पैदल रास्ते बनाए गए हैं, जिससे दूरस्थ घरों तक पहुंच में सुधार आया है।
-4 सार्वजनिक स्थलों पर शौचालयों का निर्माण : स्वच्छता की दिशा में अहम कदम।

**50** से अधिक गोशालाओं का निर्माण

**इससे** पशुपालन को बढ़ावा मिला है और खुले में घूमने वाले मवेशियों की समस्या में भी कमी आई है।

**30** मजबूत डंगे (रिटेनिंग वॉल्स) बनाए

**इससे** भूस्खलन और मिट्टी के कटाव से सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

**10** भूमि सुधार कार्य किए गए

10 **भूमि** सुधार कार्य किए गए हैं, जिससे बंजर भूमि का कृषि कार्यों के लिए उपयोग शुरू हुआ है।
- **पंचायत भवन का नवनिर्माण** : गांव की प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत आधार मिला है।
- **गंदे** पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण, जिससे जलभराव व गंदगी की समस्या से राहत मिली।

### सामाजिक कल्याण योजनाएं भी रहीं सक्रिय

**बुढ़ापा**, विधवा व विकलांग पेंशन के अंतर्गत 220 पात्र व्यक्ति यों को लाभान्वित किया गया है, जिससे सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 17 नए घर बनाकर जरूरतमंद परिवारों को स्थायी छत उपलब्ध करवाई गई है।

## 04 सड़कें, एक जैसी कहानी काम रुका पड़ा है

*लोअर चक्कर से चलाह मार्ग, रविदास मंदिर, बगला बड़सू और महंतराम हाउस मार्ग-सबका हाल बेहाल है।*

- *900 मीटर लंबी लोअर चक्कर-चलाह सड़क पर वन विभाग की अनुमति मिलने के बावजूद एक विशाल तुनी का पेड़ नहीं काटा जा रहा है, जिससे आस-पास के घर खतरे में हैं।*
- *रविदास मंदिर से संतराम हाउस तक 200 मीटर की सड़क पर एक परिवार के अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य अधर में है।*
- *बगला बड़सू तक 2 किलोमीटर की सड़क अब नाले में तब्दील हो चुकी है। पहले इस मार्ग पर एचआरटीसी की बस भी चला करती थी, लेकिन अब अतिक्रमण और नाली न बनने देने के कारण हालात बदतर हैं।*
- *महंतराम हाउस तक जाने वाली सड़क पर 200 मीटर का क्षेत्र अतिक्रमण के कारण अवरुद्ध है। मिट्टी, लकड़ी व पत्थरों के ढेर ने निर्माण को पूरी तरह रोक दिया है, इससे यहां आने वाले विद्यार्थी और ग्रामीण हमेशा परेशान रहते हैं।*

**स्थानीय लोगों ने बताया कि पंचायत में केवल गिने-चुने लोग हैं जो अड़चन डाल रहे हैं, परंतु प्रशासन की उदासीनता पूरे गांव को सजा दे रही है।**

## आशाएं व अभाव साथ-साथ...

***पंचायत में एक पक्के भवन वाला डिपो, एक डिस्पेंसरी, एक पशु औषधालय और दो स्कूल गांव चकराहड़ी में प्राथमिक विद्यालय, गडसौल में माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं।***

- *जल संकट की बात करें तो पंचायत में कुल पांच पानी के टैंक हैं, जिनमें से केवल तीन क्रियाशील हैं। गर्मियों में लिफ्टिंग सिस्टम की मोटर खराब होने के कारण जल आपूर्ति बाधित हो जाती है। हालांकि, हर घर तक पाइप लाइन पहुंच चुकी है। पंचायत में तीन हैंडपंप भी हैं।*
- *सिंचाई की दिशा में वन विभाग चार टैंक बना रहा है, जबकि सात प्राचीन बावड़ियां और दो कुएं भी पंचायत में हैं। हालांकि, तालाब एक भी नहीं है, जिससे बरसाती पानी का संग्रहण असंभव है। भू-जल संरक्षण की दिशा में कोई प्रयास पंचायत में नहीं किया गया है।*

●●●

### बड़सू पंचायत में साढ़े चार साल में विकास की नई इबारत, दो करोड़ से अधिक के कार्य पूर्ण तीन करोड़ के और कार्य प्रस्तावित

**जिला** मंडी की बड़सू पंचायत में बीते साढ़े चार वर्षों के दौरान बुनियादी ढांचे से लेकर सामाजिक कल्याण तक, विकास की स्पष्ट और ठोस झलक देखने को मिली है। पंचायत प्रधान गोविंद राम वर्धन के नेतृत्व में ग्रामवासियों को समर्पित योजनाओं और निर्माण कार्यों ने पंचायत का चेहरा पूरी तरह बदल दिया है। वर्तमान पंचायत ने अपने कार्यकाल में लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से दर्जनों महत्वपूर्ण परियोजनाएं पूरी की हैं, जबकि एक करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं और 80 लाख रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति मिलने की प्रतीक्षा है। कुल मिलाकर कार्यकाल के अंत तक करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लक्ष्य है।

### पशुधन और पर्यावरण की स्थिति

**पंचायत** में लगभग दो दर्जन गौशालाएं जर्जर हालत में हैं, जिन्हें पंचायत ने 'सेल्फ' के अंतर्गत डाला है। यह प्रशासन और स्थानीय निकाय के लिए एक बड़ी जिम्मेदारी का संकेत है। पर्यावरण साफ जरूर है, लेकिन कहीं-कहीं पेड़ों को डंगों में कंक्रीट से ढक दिया है।

### बिजली के खंभे सिर के ऊपर, हर घर तारों ने जकड़ा

**पंचायत** के अधिकतर बिजली के खंभे घरों के साथ या सड़क किनारे खतरनाक रूप से लगे हैं, जिससे हादसे की आशंका बनी रहती है। सौर ऊर्जा की पांच लाइटें अवश्य लगाई गई हैं, पर वे पर्याप्त नहीं हैं। आबादी के हिसाब से 50 लाइटों की आवश्यकता है।


घरों के साथ लगे बिजली के पोल।


गोविंद राम वर्धन, प्रधान, बड़सू पंचायत

**बड़सू** पंचायत की कुल जनसंख्या 1,822 है, पंचायत में सात वार्ड हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ काम करना नहीं, बल्कि हर घर तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। कई वर्षों से अटके कार्यों को प्राथमिकता देकर पूरा किया गया है। शेष योजनाओं की स्वीकृति भी शीघ्र प्राप्त होगी और कार्यकाल की समाप्ति तक हर प्राथमिक जरूरत पर कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### नशे पर लगी लगाम

**बड़सू** पंचायत में चिट्टा सेवन के मामलों में 60 प्रतिशत तक गिरावट आई है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत ने नशे के सौदागरों को गांव से बाहर निकालने में सामाजिक स्तर पर मोर्चा संभाल रखा है। क्राइम की बात करें तो पंचायत में लगभग सात केस लंबित हैं, जो दर्शाता है कि यहां का वातावरण तुलनात्मक रूप से शांत और नियंत्रित है।

### विकास की राह में रोड़ा बन रही है चुप्पी

**जब** तक पूरा समाज मिलकर गलत को नकारेगा नहीं, तब तक बड़सू जैसी पंचायतों में विकास अधूरा ही रहेगा। बड़सू पंचायत की यह ग्राउंड रिपोर्ट बताती है कि कुछ सकारात्मक प्रयास जरूर हुए हैं, लेकिन अतिक्रमण, बुनियादी ढांचे की बदहाली, जल-बिजली संकट और तालमेल की कमी जैसे मुद्दे आज भी विकास की गति को बाधित कर रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि प्रशासन और स्थानीय प्रतिनिधि मिलकर शीघ्र ही इन मुद्दों का समाधान करेंगे, ताकि बड़सू पंचायत वास्तव में एक आदर्श पंचायत बन सके।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

**शेर सिंह**, सोहन लाल, हरिराम, बंसी लाल, सूदन सिंह, नानक चंद, संत राम, चमन लाल आदि ग्रामीणों ने बताया कि बड़सू पंचायत में पिछले साढ़े चार साल में विकास कार्य सिर्फ कागजी दावे नहीं, जमीनी सच्चाई बन चुके हैं। सड़क, शौचालय, गौशाला, नालियों से लेकर सामाजिक योजनाओं तक हर क्षेत्र में पंचायत ने सकारात्मक कार्य करके यह साबित कर दिया है कि ईमानदार नेतृत्व, जनभागीदारी और समर्पित कार्यशैली से ग्रामीण क्षेत्र में भी विकास के नए अध्याय लिखे जा सकते हैं।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार को अपनी समस्याएं बताते हुए ग्रामीण।

# 23 साल बाद बढ़ीं पैरामेडिकल सीटें

## आईजीएमसी शिमला और टांडा में सीटों में हुई बढ़ोतरी, स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। लगभग 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद, प्रदेश में चिकित्सा क्षेत्र के विभिन्न तकनीशियन (पैरामेडिकल) पाठ्यक्रमों की सीटों में भारी बढ़ोतरी की गई है। यह कदम राज्यभर के स्वास्थ्य संस्थानों में प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी को पूरा करने और प्रदेश के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से उठाया गया है

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, सरकारी क्षेत्र में पैरामेडिकल स्टाफ की सीटें बहुत कम थीं, जिससे गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर असर पड़ रहा था।

### सुक्खू के नेतृत्व में स्वास्थ्य ढांचे को प्राथमिकता

इस कमी को दूर करने के लिए, सरकार ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय शिमला और डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय टांडा, कांगड़ा में सीटों को बढ़ाने का फैसला किया है।क्षआईजीएमसी शिमला में बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक, बीएससी रेडियो और इमेजिंग, और बीएससी एनेस्थीसिया और ओटी तकनीक में प्रत्येक पाठ्यक्रम की सीटें 10 से बढ़ाकर 50 कर दी गई हैं।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद चिकित्सा महाविद्यालय, टांडा में बीएससी मेडिकल लेबोरेटरी तकनीक, बीएससी रेडियोलॉजी और इमेजिंग, और बीएससी एनेस्थीसिया और ओटी तकनीक में प्रत्येक पाठ्यक्रम की सीटें 18 से बढ़ाकर 50 की गई हैं।

यह बढ़ोतरी राज्य के अधिक युवाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करने में मदद करेगी, जिससे उन्हें राज्य के बाहर स्थित संस्थानों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।



### प्रशिक्षण के अवसर

**सरकार** स्वास्थ्य क्षेत्र में पदों का सृजन करने और उन्हें भरने की दिशा में भी सक्रिय रूप से काम कर रही है। इसके अतिरिक्त, नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए प्रशिक्षण के अवसर भी बढ़ाए जा रहे हैं।

### युवाओं को रोजगार के लिए अवसर मिलेंगे

**सरकार** की यह पहल न केवल राज्य में प्रशिक्षित मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी।

## वीरभद्र सिंह आधुनिक हिमाचल के निर्माता : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 'जननायक' को याद किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल प्रदेश का निर्माता बताया। प्रतिभा सिंह ने वीरभद्र सिंह को एक ऐसे जननायक के रूप में याद किया जिन्हें प्रदेश के लोगों और यहां की संस्कृति से गहरा लगाव था।

इस अवसर पर कई कांग्रेस नेता, नगर निगम के पार्षद, पीसीसी के पूर्व पदाधिकारी, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सेवादल और महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।


चौथी पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करती हुईं प्रतिभा सिंह।

### आपदा प्रभावितों के साथ सरकार

**कांग्रेस** अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने प्रदेश में भारी बारिश, बादल फटने और बाढ़ से हुई आपदा को 'अत्यंत पीड़ादायक' बताया है। मंडी जिले के सराज और करसोग क्षेत्र में सबसे अधिक नुकसान हुआ है और प्रदेश सरकार युद्धस्तर पर राहत कार्यों में जुटी हुई है और सरकार प्रभावितों के साथ है। प्रतिभा ने कहा कि जल्द ही सराज का भी दौरा करेंगी।

### प्रतिमा का अनावरण फिर टला

**वीरभद्र** सिंह की प्रतिमा का रिज मैदान पर 15 जुलाई को होने वाला अनावरण मंडी जिले में आई गंभीर आपदा के कारण स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने दी।

## शिमला में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, शिमला।** बालूगंज थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी से कथित दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और अब इस प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ 10 जून से 14 जून, 2025 के बीच दिवेश कुमार नामक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। इस संवेदनशील मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शिकायत के आधार पर त्वरित एफआईआर दर्ज की है।




यह मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 64 और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 4 के तहत पंजीकृत किया गया है, जो बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों से संबंधित गंभीर प्रावधान हैं। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। चूंकि मामला एक नाबालिग से जुड़ा है इसलिए पुलिस इसे पूरी संवेदनशीलता और गोपनीयता के साथ देख रही है। जांच अधिकारी सभी संबंधित पहलुओं की पड़ताल कर रहे हैं।

## हिमाचल यूनिवर्सिटी की वेबसाइट हैक होने के 18 घंटे बाद बहाल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) की आधिकारिक वेबसाइट साइबर हमले के करीब 18 घंटे बाद मंगलवार को बहाल कर दी गई है। वेबसाइट को हैक किए जाने की इस घटना ने विवि की तकनीकी सुरक्षा प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस हैकिंग के पीछे पाकिस्तानी हैकरों का हाथ बताया जा रहा है। विश्वविद्यालय के वेबसाइट इंचार्ज शशि डोगरा के अनुसार हैकर्स ने वेबसाइट के यूआरएल के साथ छेड़छाड़ की जिससे उपयोगकर्ता असली वेबसाइट के बजाय हैकर द्वारा बनाए गए पेज पर पहुंच रहे थे।

## सड़क, पानी और पुनर्वास में सरकार विफल : बिंदल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने हिमाचल प्रदेश में हाल की त्रासदी से प्रभावित क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार की प्रतिक्रिया पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। बिंदल ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार सड़क संपर्क बहाल करने, पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने और प्रभावित लोगों के पुनर्वास में विफल रही है।

उन्होंने मंडी जिले में हुए भारी नुकसान का हवाला दिया, जहां लगभग 1000 से अधिक मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 300 से 500 पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। इसके अलावा, 200 से अधिक कृषि भूमि और सेब के बाग पूरी तरह से बर्बाद हो गए हैं, और जल शक्ति विभाग की परियोजनाएं ठप पड़ी हैं, जिससे पीने के पानी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। बिंदल ने बताया कि पंडोह और मंडी के बीच अधिकांश सड़कें अभी भी बंद हैं और सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया है, जिस पर उन्होंने सवाल उठाया। बिंदल ने कहा कि त्रासदी को 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरकार की ओर से जमीनी स्तर पर कोई महत्वपूर्ण राहत कार्य दिखाई नहीं दे रहा है।


जानकारी देते हुए डॉ. राजीव बिंदल व उनके साथ हैं अन्य।

### पुनर्वास की उठाई मांग

**बिंदल** ने पूर्व मुख्यमंत्रियों प्रेम कुमार धूमल और जयराम ठाकुर के कार्यकाल में आपदा प्रबंधन के उदाहरण दिए। उन्होंने 2001 में आई आपदा के दौरान प्रेम कुमार धूमल के त्वरित दौरों का उल्लेख किया, जहां वे हवाई ट्रॉली से भी आपदाग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचे थे और लाहौल-स्पीति से हेलीकॉप्टर द्वारा फसलें दिल्ली भेजी गई थीं। इसी तरह, उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान जयराम ठाकुर के नेतृत्व में प्रभावी प्रबंधन की सराहना की। बिंदल ने वर्तमान सरकार से आग्रह किया कि वे उन लोगों को तुरंत जमीन उपलब्ध कराएं जिन्होंने अपने घर और कृषि भूमि पूरी तरह से खो दिए हैं। 2023 और 2024 में लोगों को वर्तमान सरकार अभी तक जमीन उपलब्ध नहीं करा पाई है, जिसे उन्होंने सरकार की विफलता बताया।

## सीएम ने वन रक्षक उषा को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शिमला**

वन मंडल की वन रक्षक उषा देवी ने अपने अदम्य साहस, बुद्धिमत्ता और पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए हिमालयन गोरल के अवैध शिकार के एक सनसनीखेज मामले में शिकारियों को दबोचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इस असाधारण कार्य के लिए उन्हें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

यह घटना हाल ही में पोर्टेबल वन मंडल क्षेत्र में सामने आई थी, जहां कुछ अज्ञात लोगों द्वारा अवैध शिकार को अंजाम दिया गया था। उषा देवी ने न केवल समय रहते शिकारियों को पकड़ने में सफलता हासिल की, बल्कि उन्होंने सम्मानजनक तरीके से कानूनी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने में भी अहम योगदान दिया।



उषा देवी को सम्मानित करते सीएम सुक्खू।

### हिमालयन गोरल का अवैध शिकार रोकने में उषा देवी बनी मिसाल

इस उपलब्धि को वन विभाग के लिए एक प्रेरक उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है। सीएम ने उषा देवी की वीरता की सराहना करते हुए कहा, ऐसे जांबाज अधिकारी हमारे वनों और वन्यजीवों की रक्षा की प्रथम पंक्ति हैं। वन विभाग ने भी उषा देवी के प्रयासों को सतत विकास और जैव विविधता संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## सेब पर आयात शुल्क बढ़ाना ही असली समाधान : राठौर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** केंद्र सरकार द्वारा सेब पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) को 50 से बढ़ाकर 80 प्रति किलो किए जाने के फैसले पर सियासी हलकों में हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने इस निर्णय को किसानों के साथ एक नीतिगत छलावा करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से सेब उत्पादकों को कोई वास्तविक राहत नहीं मिलने वाली।

राठौर ने स्पष्ट किया कि यदि केंद्र सरकार सच में बागवानों की चिंता करती है, तो आयात शुल्क को बढ़ाना चाहिए। वर्तमान में 50 फीसदी आयात शुल्क को बढ़ाकर 100 फीसदी किया जाए, जिससे विदेशी सेब के आयात पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

## डीसी जतिन ने बल्क ड्रग पार्क की भ्रांतियां की दूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिले के हरोली ब्लॉक स्थित पोलियां में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने मीडिया वॉक थ्रू आयोजित किया।



उपायुक्त जतिन लाल की अगुवाई में पत्रकारों को परियोजना स्थल पर ले जाकर पर्यावरणीय, तकनीकी और सामाजिक पहलुओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि यह परियोजना हिमाचल के औद्योगिक भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है और इसे पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के सख्त अनुपालन के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। वहीं उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान ने बताया कि परियोजना से 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 10 हजार रोजगार की संभावना है। यह भारत को एपीआई उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाएगा।

इस बीच, डीएफओ सुशील राणा ने स्पष्ट किया कि पेड़ों की क्षति की भरपाई के लिए दस गुना पौधरोपण होगा और 33 प्रतिशत क्षेत्र ग्रीन बेल्ट के रूप में संरक्षित रहेगा। भूजल संरक्षण के लिए 15 एमएलडी क्षमता का टैंक बन चुका है और 170 करोड़ की जलापूर्ति योजना भी प्रस्तावित है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परियोजना का कोई दुष्प्रभाव स्थानीय पारिस्थितिकी पर नहीं पड़ेगा।

**सूचना**

बच्चे के परिजनों से संपर्क करने बारे।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लगभग 6 से 7 महिने पहले कोई दम्पत्ति अपनी लगभग 4 वर्षीय बालिका को गांव व डाकघर सुरजपुर तहसील सरकाघाट जिला मण्डी हि.प्र. में एक महिला के पास छोड़ कर चले गए हैं। बालिका की सूचना मिलने पर बाल कल्याण समिति मण्डी द्वारा कार्यवाही करते हुए शिशु गृह शिमला भेज दिया गया है।

बालिका के जैविक माता-पिता बच्चे को यदि दोबारा प्राप्त करना चाहते हैं तो अपना पक्ष रखने बारे जिला बाल संरक्षण अधिकारी मण्डी, जिला मण्डी दूरभाष 01905-221148 पर सम्पर्क करें। यदि बालिका के जैविक माता-पिता 4 महिने के भीतर उपरोक्त कार्यालय में सम्पर्क नहीं करते हैं तो बालिका के हित में Adoption Regulation 2022 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बच्चे को दत्तक ग्रहण हेतु मुक्त कर दिया जाएगा।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
मण्डी जिला मण्डी हि. प्र.। दूरभाष न. 01905-221148

# 558 करोड़ रुपए की दो सिंचाई परियोजनाओं से मिलेगी संजीवनी

## सूखाहार मध्यम सिंचाई परियोजना को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान टीम, फतेहपुर/देहरा**

**हिमाचल** प्रदेश के कांगड़ा जिले को केंद्र सरकार से 558 करोड़ रुपए की दो बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को स्वीकृति मिल गई है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों का परिणाम मानी जा रही इन परियोजनाओं से जवाली, शाहपुर, ज्वालामुखी और देहरा विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 160 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा।

इससे हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। जवाली विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित है, जिसे केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने मंजूरी दी है। करीब 219 करोड़ रुपए की लागत वाली यह परियोजना जवाली और शाहपुर के 45 गांवों की 2,186 हेक्टेयर कृषि भूमि को सींचेगी, जिससे लगभग 24,120 ग्रामीण लाभान्वित होंगे। ये क्षेत्र अब तक वर्षा-आधारित कृषि पर निर्भर थे। इसके अतिरिक्त, ज्वालामुखी और देहरा विधानसभा क्षेत्रों के लिए 339 करोड़ रुपए की एक अन्य मध्यम सिंचाई परियोजना को भी तकनीकी मंजूरी मिली है। इससे 116 गांवों के हजारों किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी।


**जवाली, शाहपुर, ज्वालामुखी व देहरा विधानसभा क्षेत्रों के लगभग 160 गांवों को मिलेगा लाभ**

### जल उपयोग दक्षता में होगा सुधार

**इन** परियोजनाओं से भू-जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और जल उपयोग दक्षता में सुधार जैसे बहुआयामी लाभ मिलेंगे, साथ ही ये जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में भी सहायक होंगी।

### जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पोस्ट शेयर कर दी जानकारी






**जल** शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी इस परियोजना की मंजूरी मिलने पर पोस्ट शेयर करके जानकारी दी है। मुकेश अग्निहोत्री अनुसार, अब इस परियोजना के कार्य को तेजी से करवाया जाएगा। उन्होंने कहो कि ये परियोजनाएं कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेंगी। निर्माण कार्यों में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### किसानों को मिलेगा फायदा, आर्थिकी भी बढ़ेगी: चंद्र



**कृषि** एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि इस परियोजना के निर्माण से नगरोटा सूरियां व आसपास की पंचायतों के किसानों को फायदा पहुंचेगा और आधुनिक खेती को बढ़ावा मिलने से आर्थिकी भी बढ़ेगी। उन्होंने केंद्रीय जलशक्ति विभाग के मंत्रालय से इस परियोजना को मंजूरी दिलवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व उपमुख्यमंत्री एवं जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री का धन्यवाद किया है।

## विधायक संजय ने किया 190 शिकायतों का समाधान

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** विधायक ज्वालामुखी संजय रत्न की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह खुंडियां में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक रत्न ने चंगर क्षेत्र के अंतर्गत 25 पंचायतों के 20 पटवार क्षेत्र के लोगों से सीधा संवाद करते हुए बिजली, पानी, डंगों, शमशानघाट, सड़क मरम्मत,पंचायतीराज विभाग व राजस्व विभाग से संबंधित 190 शिकायतें व समस्याओं को सुना और 100 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया और साथ बची हुई 90 शिकायतों का एक महीने के भीतर निपटारा करने को संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रत्येक गांव को सड़क सुविधा के साथ जोड़ना उनकी विशेष प्राथमिकता में शामिल है। लोगों द्वारा रखी जा रही विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन की टीम ज्वालामुखी के कार्यों की सराहना भी की।

## रोटरी क्लब पालमपुर ने थुनाग को भेजी राहत सामग्री

### पूर्व मुख्यमंत्री शांता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बुटेल ने ट्रक को किया रवाना

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**मंडी** जिले के थुनाग क्षेत्र में हाल ही में आई त्रासदी से हुए जान-माल के नुकसान के लिए रोटरी क्लब पालमपुर ने सामग्री भेजी है। पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने रोटरी भवन पालमपुर से ट्रक को हरी झंडी देकर रवाना किया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी नागरिक नेत्रा मैत्री, पुलिस उपाधीक्षक लोकेंद्र नेगी व तहसीलदार साजन बग्गा भी उपस्थित रहे।

रोटरी क्लब पालमपुर के अध्यक्ष अजय सूद व सचिव रोटेरियन राघव शर्मा ने बताया कि लगभग चार लाख की राहत सामग्री, जिनमें 504 कंबल, 270 टेंट, 100 जोड़ी जूते, 1500 लोगों के लिए कपड़े तथा कुछ बर्तन प्रभावित परिवारों के लिए भेजे हैं। इस राहत सामग्री को रोटरी क्लब पालमपुर के सदस्य -रोटेरियन अजय सूद, रोटेरियन कपिल सूद, रोटेरियन ऋषि संगराय व रोटेरियन गोपाल सूद स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचाएंगे तथा स्थानीय प्रशासन को व्यक्तिगत रूप से सौंपेंगे।




मंडी जिले के थुनाग के लिए राहत सामग्री के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पूर्व मुख्यमंत्री शांता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ।

### मानव सेवा ही सच्चा धर्म : शांता कुमार

**पूर्व** मुख्यमंत्री शांता ने कहा कि मानव सेवा ही सच्चा धर्म है और रोटरी ने इस आदर्श को स्वामी विवेकानंद के विचारों के अनुरूप आत्मसात किया है। जिस प्रकार विवेकानंद जी ने सेवा को राष्ट्रनिर्माण का आधार माना, उसी भावना से रोटरी संकट की हर घड़ी में आगे आती है। बृज बिहारी लाल बुटेल ने कहा कि हर आपदा के समय रोटरी क्लब की तत्परता और संगठित प्रयास अत्यंत सराहनीय होते हैं। चाहे वह भूकंप हो, बाढ़ हो या महामारी रोटरी ने सदैव अपने दायित्व को बखूबी निभाया है।

## भडोली में बिजली चोरी करने पर 1.33 लाख जुर्माना

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान**

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के साथ लगते भडोली में बिजली बोर्ड की टीमों ने एक स्थान पर छापेमारी कर बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। बिजली बोर्ड ने कुल 1,33,444 का जुर्माना किया गया है। भडोली डिविजन के तहत यह कारवाई अमल में लाई गई है।

बताया जा रहा है कि घर और दुकान में बिजली की 'कुंडी' लगाई हुई थी। एक्सईएन कर्णवीर सिंह पटियाल ने बताया कि बिजली बोर्ड बिजली चोरी और अवैध उपयोग पर नजर रखी जा रही है ओर ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे बिजली का दुरुपयोग न करें और विभागीय नियमों का पालन करें। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में किसी को भी अनाधिकृत बिजली उपयोग या चोरी करते पकड़ा गया, तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



## आत्महत्या मामला: पति समेत तीन लोगों को पुलिस रिमांड पर भेजा

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर के अधीन पंचायत खटियाड की विवाहिता की आत्महत्या केस में गिरफ्तार पति लक्की, देवर दिनेश कुमार व ननद मनु बाला को मंगलवार को जवाली कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बुधवार को तीनों को पुन: कोर्ट में पेश किया जाएगा। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि मृतक विवाहिता के पिता रामेश्वर सिंह ने आरोप लगाया था कि उनकी बेटी को उसका पति, देवर व ननद अकसर ही प्रताड़ित करते थे तथा प्रताड़ना से तंग आकर हमारी बेटी ने आत्महत्या की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मृतक विवाहिता के पति, देवर व ननद को गिरफ्तार किया था तथा शव पोस्टमार्टम करवाकर मायके पक्ष को सौंप दिया था।

## एबीवीपी धर्मशाला इकाई की नगर कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** एबीवीपी धर्मशाला इकाई की नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अभिषेक राणा और चुनाव अधिकारी की भूमिका डॉ. सतपाल सिंह ने निभाई। प्रो. मलकियत को नगर अध्यक्ष एवं गौरव कपूर को नगर मंत्री चुना गया। यह गठन संगठन को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करेगा। सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। अभिषेक राणा ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। नवनियुक्त कार्यकारिणी से हमें अपेक्षा है कि वे छात्र हितों की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

### पौंग बांध विस्थापित समिति के शिष्टमंडल ने भेजा ज्ञापन, कहा-

## हकों की पैरवी के लिए नियुक्त किया जाए वरिष्ठ एडवोकेट

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**प्रदेश** पौंग बांध विस्थापित समिति का एक शिष्टमंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमएल कौंडल की अध्यक्षता में मंगलवार को राहत एवं पुनर्वास उपायुक्त राजा का तालाब से मिला। समिति ने राहत एवं पुनर्वास उपायुक्त राजा का तालाब के माध्यम से जिलाधीश कांगड़ा को एक ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में अपनी समस्याओं और सर्वोच्च न्यायालय में चल रहे केस का जिक्र करते हुए डीसी कांगड़ा को लिखा कि पिछले 54 वर्षों से पौंग बांध विस्थापित अपने पुर्नवास के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

विस्थापितों ने न्याय की खातिर केंद्र सरकार व राजस्थान के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपने पुर्नवास के लिए अपील दायर की हुई है। उक्त केस में प्रदेश सरकार विस्थापितों के अभिभावक के रूप में पार्टी बनाई गई है। वहीं, अंतिम चरण में चल रही केस की सुनवाई 15 जुलाई को बहस के लिए प्रस्तावित है। राजस्थान सरकार भी विस्थापितों के खिलाफ केस लड़ने के लिए मैदान में प्रतिबद्धता के साथ खड़ी हो चुकी है, जबकि विस्थापितों ने भी सामूहिक रूप से दायर किए को लड़ने के लिए सॉलिसीटर जनरल के साथ अन्य वकील कोर्ट में पैरवी के लिए निर्धारित किए हैं। डीसी और प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि एक एडवोकेट जनरल के साथ वरिष्ठ एडवोकेट को पैरवी के लिए नियुक्त किया जाए। इस मौके पर प्रदेश पौंग बांध विस्थापित समिति के उपाध्यक्ष एमएल कौंडल, बिशंबर पगडोत्रा, शाम वशिष्ठ विशेष रूप से उपस्थित रहे।




राहत एवं पुनर्वास उपायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए।

## कांगड़ा भाजपा ने प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री की एक और गाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा नेताओं ने कहा कि मंडी के बाढ़ प्रभावितों के दुख में कांगड़ा भाजपा पूरी तरह उनके साथ है। मंगलवार को एक और गाड़ी जरूरत का सामान लेकर रवाना की। गाड़ी में खाना बनाने के जरूरी बर्तन हैं, जिसकी लगभग 60 किट भेजी गई हैं। भाजपा नेताओं का कहना है कि मंडी की आपदा में हम उनके साथ हैं। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक पवन काजल के मटौर स्थित कार्यालय से यह गाड़ी सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज व जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा की अध्यक्षता में रवाना की गई। काजल और सांसद भारद्वाज ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा भी की।

इससे पहले सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज का मटौर पहुंचने पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक पवन काजल, पूर्व विधायक अरुण कुमार मेहरा (कूका), जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला महामंत्री देवेंद्र कोहली, राकेश चौहान पिंका, जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजू रस्तोगी उपस्थित रहे।

## भवारना की सानविका सूद को किया सम्मानित



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना उपमंडल के तहत अपर बाजार भवारना की सानविका सूद, जो आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट कार्यक्रम में विजेता रही, उसको नाटी किंग कुलदीप शर्मा व लोक गायक करनैल राणा ने सम्मानित किया। सानविका सूद (भवारना) की रहने वाली है। जानकारी के अनुसार उसने छोटी सी उम्र में डांस में महारत हासिल की है। सानविका सूद बहुत से मंचों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। उनको नाटी किंग कुलदीप शर्मा और करनैल राणा द्वारा अवार्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर चंकी पांडे विशेष रूप से मुंबई से पालमपुर कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए पहुंचे थे। इससे पूरे भवारना में खुशी का माहौल है।

## श्री साई ग्रुप के 22 स्टूडेंट्स का ल्यूपिन फार्मा कंपनी में प्लेसमेंट



श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मास्यूटिकल उद्योग में अंतरराष्ट्रीय कंपनी ल्यूपिन फार्मास्यूटिकल्स की ओर से ज्वॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन ग्रुप के सीएमडी कंवर तुषार पुंज की अध्यक्षता में किया गया।

प्रिंसिपल डॉ. राजेश गुप्ता व डायरेक्टर प्लेसमेंट सुलक्ष्य कुमार मुरगई ने कंपनी ऑफिशल्स में मैनेजर एचआर धीरज धवन व उनकी टीम का स्वागत किया। कंवर तुषार पुंज ने बताया कि ल्यूपिन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने बी फार्मा और डी फार्मा कर रहे अंतिम वर्ष के 22 छात्रों का चयन किया गया। सुलक्ष्य मुरगई डायरेक्टर प्लेसमेंट्स ने बताया कि ल्यूपिन एक अग्रणी वैश्विक दवा कंपनी है, जो अपने उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और शोध-संचालित दृष्टिकोण के लिए जानी जाती है। चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज ने कहा कि हमारे छात्रों ने उत्कृष्टता और व्यावसायिकता का उदाहरण पेश किया है। इनकी उपलब्धि न केवल एक व्यक्तिगत जीत है, बल्कि संस्था की ओर से बनाए गए मजबूत शैक्षणिक और प्रशिक्षण ढांचे का भी प्रमाण है। मैनेजिंग डायरेक्टर तृप्ता पुंज व वाइस प्रेजिडेंट रिया पुंज ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## विधायक किशोरी ने महिलाओं की सुनीं समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**विधानसभा** क्षेत्र बैजनाथ के महिला मंडल करनार्थु की महिलाओं ने विधायक बैजनाथ किशोरी लाल से उनके कार्यालय में भेंटकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। महिलाओं ने महिला मंडल भवन की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, रास्तों की मरम्मत सहित अन्य मुद्दे विधायक के समक्ष रखे।

विधायक ने संबंधित विभाग को महिला मंडल भवन की मरम्मत तथा अन्य कार्यों के लिए शीघ्र आंकलन कर मरम्मत कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं को प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से बरसात के मौसम में सतर्क रहने तथा नदी-नालों के समीप न जाने की अपील करते हुए कहा कि आपदा की स्थिति में तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान चरणबद्ध ढंग से किया जाएगा तथा महिलाओं के सुझावों और समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सरकार और विभागों के समक्ष रखा जाएगा।




महिलाओं ने विधायक बैजनाथ किशोरी लाल को समस्याओं से करवाया अवगत।

## दानी सज्जन धर्मपाल व परिवार सहित श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम में किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**

**श्री** चामुंडा नादिकेश्वर धाम में मंगलवार को दानी सज्जन व्यवसायी व समाजसेवी धर्मपाल निवासी लुधियाना अपने परिवार सहित चामुंडा मंदिर पहुंचे तथा मंदिर में नई बनने वाली माता जी की रसोई कक्ष पाकशाला, पुजारी कक्ष, संगीत हाल व यज्ञशाला का भूमि पूजन कर नींव पत्थर रखा गया। इस मौके पर उनके साथ जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बेरवा, एसडीएम धर्मशाला, मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ,मंदिर न्यासी पवन गोस्वामी, मदन गोस्वामी, स्थानीय पदर पंचायत उप प्रधान बॉबी गोस्वामी के अतिरिक्त मंदिर कर्मचारी इत्यादि मौजूद रहे रहे। मंदिर के मुख्य पुजारी ओमकार व्यास, हरीश शर्मा द्वारा भूमि पूजन व पूजा-अर्चना करवाई। डीसी ने बताया कि मंदिर में लगने वाली चांदी व सोने का कार्य भी धर्मपाल के परिवारिक सदस्यों व समाजसेवी द्वारा करवाया जाएगा, जिसमें लगभग 8 से 12 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। जिलाधीश कांगड़ा ने धर्मपाल व उनके परिवार के सदस्यों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया तथा मां चामुंडा की प्रतिमा व मांग चामुंडा की चुनरी भेंट की।

## खड्ड में दवा डालने से धार्मिक स्थल मछिंदर नाथ मच्छियाल में मरी मछलियां



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** जोगल खड्ड में अज्ञात लोगों द्वारा डाली जा रही कीटनाशक दवाइयों से मुमता के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल मछिंदर नाथ मच्छियाल में मछलियों के मरने से लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है। श्री मछिंदर नाथ मंदिर एवं मछियाल सभा मुमता के प्रधान सुमित्र सिंह मसंद ने कहा कि कुछ अज्ञात लोग जोगल खड्ड में कोई जहरीली दवाइयां डाल रहे हैं, जिससे मच्छियाल में मछलियां मर रही हैं। उन्होंने प्रशासन और मत्स्य विभाग से गुहार लगाते हुए कहा कि अज्ञात लोगों को काबू करने के लिए सभा पूरा सहयोग करेगी।

**भक्तों की आस्था को पहुंची ठेस**

**अज्ञात लोगों को काबू करने की मांग**

## नकली सोना बेचने वाली महिला व पुरुष गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार नकली सोना बेचने वाली महिला और पुरुष।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस ने नकली सोना बेचने वाली एक महिला और पुरुष को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक घटना पिछले कुछ दिनों पहले की है, जब दिल्ली के सुल्तानपुरी के रहने वाले एक पुरुष और महिला बैजनाथ उपमंडल के मांडेहर गांव में आए और एक व्यक्ति को कहा कि यह सोना उन्हें खुदाई में मिला है, जिसे वह बेचना चाहते हैं। पुरुष ने एक सोने का टुकड़ा लिया और उस सुनार से चेक करवाया। इसके बाद अढ़ाई लाख रुपए में सोना खरीद लिया। महिला और पुरुष के जाने के बाद जब सोने को चेक करवाया तो वह नकली पाया गया। इसके बाद थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने दिल्ली निवासी दोनों आरोपियों को बिलासपुर जिले के घुमारवीं से गिरफ्तार किया है। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने बताया कि मामला दजर्द कर छानबीन शुरू कर दी है।

**विजिट** तकनीकी टीम एवं विभागीय निदान विशेषज्ञों ने किया विभिन्न गांवों का दौरा

## मक्की फसल पर फॉल आर्मी वर्म का प्रकोप

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** मक्की की फसल को नुकसान पहुंचाने वाला घातक कीट फॉल आर्मी वर्म इस वर्ष फिर जिले के अनेक क्षेत्रों में सक्रिय हो गया है। इस कीट का प्रकोप पिछले कुछ वर्षों से किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। इससे समय रहते बचाव के लिए कृषि विभाग जिला कांगड़ा ने फसल की निगरानी एवं किसानों को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान प्रारंभ किया है। इसी क्रम में राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, पालमपुर की तकनीकी टीम एवं विभागीय निदान विशेषज्ञों की संयुक्त टीम ने विकास खंड नगरोटा सूरियां के तहत आने वाले जवाली क्षेत्र के गांव खरोटा, मनभरी, ठंगर तथा धन का दौरा किया।

राज्य जैव नियंत्रण प्रयोगशाला पालमपुर की विषयवाद विशेषज्ञ अंजू ठाकुर ने किसानों को बताया कि प्रारंभिक अवस्था में यह कीट पत्तियों पर सुई जैसे छोटे छेद करता है, जो समय के साथ बड़े अनियमित सुराखों में बदल जाते हैं। सुंडियां पत्ती गोभ के अंदर छिपकर पत्तियां खाती हैं और तने को खोखला कर देती हैं, जिससे पौधे सूख जाते हैं। उन्होंने किसानों को सुझाव दिया कि यदि कीट का प्रकोप 10 फीसदी से कम हो, तो 5 मिली नीम आधारित कीटनाशी प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। यदि प्रकोप 10 फीसदी से अधिक हो, तो एमामेक्टिन बेंजोएट 5एसजी (0.4 ग्राम/लीटर) या क्लोरएन्ट्रानिलीप्रोल 18.5एसजी (कोराजन) 0.4 मिली/लीटर का छिड़काव किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि कीटग्रस्त पौधों को खेत से निकालकर नष्ट कर देना चाहिए तथा छिड़काव करते समय नोजल को पत्ती गोभ की ओर निर्देशित करें, ताकि कीटनाशी सीधे कीट पर प्रभावी हो सके।

डॉ. विशाखा पॉल उप परियोजना निदेशक (आत्मा) कांगड़ा ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि फॉल आर्मी वर्म अत्यंत तेजी से फैलने वाला कीट है, जिसकी सुंडी अवस्था सबसे अधिक नुकसानदायक होती है। यदि प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रण नहीं किया गया, तो यह पूरे खेत को बर्बाद कर सकता है।



जैव नियंत्रण प्रयोगशाला ने किया जवाली क्षेत्र के खरोटा, मनभरी, ठंगर गांव का दौरा।

## आपदा पीड़ितों को छोड़ सुक्खू सरकार कर रही मित्रों को खुश : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** भाजपा के सह मीडिया प्रभारी विश्व चक्षु ने आपदा के दौर में सुक्खू सरकार द्वारा निगम बोर्ड के अध्यक्ष व उपाध्यक्षों मानदेय में भारी बढ़ोतरी किए जाने पर कहा कि प्रदेश में आर्थिक बदहाली का रोने वाले सरकार आए दिन नए कारनामें कर रही है। सुक्खू सरकार आपदा पीड़ितों की मदद करने की बजाए अपने मित्रों को खुश कर रही है।

प्रदेश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। सत्ता लोभ में झूठी घोषणाएं कर प्रदेश को कर्ज के बोझ में दबाया जा रहा है। सुक्खू सरकार ऋण प्रदेश के विकास के लिए नही अपनों के वेतन बढ़ाने व अपने विकास के लिए ऋण ले रही है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग तीन सालों से कांग्रेस सरकार ने जनता को मूर्ख बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास कर्मचारियों व ठेकेदारों को देने के लिए पैसा नही है, परंतु अपनी मौज मस्ती के लिए सरकार दोनों हाथों से पैसा खर्च कर रही है। प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई है, तब से सरकार गरीबों के हकों को छीनने में लगी हुई है। इससे पहले सुक्खू सरकार ने भवन निर्माण और कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के मानदेय में सीधे एक लाख रुपए की बढ़ोतरी कर दी, जबकि पहले उन्हे 30 हजार रुपए मानदेय मिलता था।

उन्होंने कहा कि सुक्खू ने जो व्यवस्था परिवर्तन की शुरुआत की है, उससे हिमाचल प्रदेश विकास के मामले में कई वर्ष पीछे चला गया है। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी ने कहा कि उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू मित्रों को खुश करने में लगे हुए हैं।



**कहा- आर्थिक बदहाली का रोना रोकर सुक्खू सरकार कर रही नए कारनामे**

# पौंग बांध का जलस्तर बढ़ते ही मंडवासियों की सूखने लगी सांसें

## जलस्तर 1324.08 फुट पहुंचा; खतरे का निशान 1390 फुट, आज भी रौंगटे खड़ा कर देता है निचले क्षेत्र में तबाही का मंजर

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही तेज बारिश के साथ-साथ पंडोह बांध से छोड़े जा रहे पानी के कारण कांगड़ा जिले की महाराणा प्रताप सागर झील पौंग का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। इस कारण मंडवासियों की सांसें सूखने लगी हैं, क्योंकि हर बार बांध से छोड़ा गया पानी क्षेत्र में तबाही मचा देता है। पिछले आंकड़ों के मुकाबले इस बार पौंग बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मंगलवार को पौंग बांध का जलस्तर 1324.08 फुट आंका गया है, जबकि खतरे का निशान 1390 फुट रखा गया है।

वहीं, 1390 फुट के आंकड़े को छू जाने के साथ ही पानी छोड़ दिया जाता है। पौंग बांध का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है तथा स्थिति को देखते हुए 1390 फुट के आसपास जलस्तर पहुंचते ही बीबीएमबी प्रबंधन द्वारा पौंग बांध से ब्यास नदी में पानी छोड़ा जा सकता है। बांध से छोड़ा जाने वाला पानी मंड क्षेत्र के साथ-साथ इंदौरा व साथ लगते पंजाब के क्षेत्रों में तबाही मचा देता है।



### बरसात के आते ही लोगों के जख्म हो जाते हरे

**बरसात** के आते ही इन लोगों के जख्म हरे हो जाते हैं। दो साल पहले भी इन क्षेत्रों में भारी तबाही मची थी। लोगों की जमीनें, घर सहित घरों को जाने वाले रास्ते व पुल बह गए थे। लोगों ने मकानों की छतों पर चढ़कर जान बचाई थी। आर्मी का सहारा लेकर लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा था। आर्मी के हेलिकॉप्टर भी लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए लगाए गए थे।

### लोगों और बीबीएमबी के संपर्क में : भावनी



**राज्य** योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया ने कहा कि वह जनता से संपर्क बनाए हुए हैं। बीबीएमबी को सरकार ने एक दम पानी छोड़ने के बजाए थोड़ा-थोड़ा पानी बांध से छोड़ने के आदेश दिए हैं। मैं स्वयं बीबीएमबी से संपर्क बनाए हुए हूं। डीसी कांगडा व स्थानीय प्रशासन भी जनता व बीबीएमबी से संपर्क बनाए हुए है। हर रोज जिस मात्रा में बांध में पानी आ रहा है, उसे देखते हुए बांध से पानी ब्यास नदी में छोडा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश होती है व पंडोह बांध से पानी छोड़ा जाता है, ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन मोर्चा संभाले हुए है।

### स्थिति पर रखे हुए हैं नजर, लोकसभा में ब्यास के चैनलाइजेशन की रखेंगे मांग : सांसद भारद्वाज



कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज का कहना है कि हर बरसात व पौंग बांध के छोड़े गए पानी से मंड क्षेत्र व इंदौरा के गांवों में तबाही आती है। हमेशा इन लोगों के लिए आवाज उठाई है और अब भी उठाता रहूंगा। बीबीएमबी के अधिकारियों को आदेश दे दिए गए हैं और मैं स्वयं भी इस पर नजर बनाए हुए हूं। लगातार पौंग बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। आपदा कब आ जाए, कब अचानक पौंग बांध का जलस्तर बढ़ जाए, अगर ऐसी स्थिति बनती है, तो समय रहते लोगों व मवेशियों को पहले सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए प्रशासन को आदेश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जब वह सांसद नहीं थे, तब भी इस क्षेत्र के लिए आवाज उठाई थी और अब भी उठा रहा हूं। भविष्य में स्थायी हल हो, जिसके लिए हम लोकसभा में ब्यास नदी के चैनेलाइजेशन की मांग रखेंगे। प्रदेश सरकार को भी इसके लिए सोचना चाहिए।



## न्यूज ब्रीफ

### सहकारिता दिवस पर परागपुर में रोपे पौधे



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के उपलक्ष्य में कांगड़ा सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के आंचलिक कार्यालय डाडासीबा के दिशा-निर्देशन में शाखा कार्यालय परागपुर की ओर से बाबा भरथरी के प्रांगण, अपर परागपुर गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी सभाएं देहरा की उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर पौधरोपण अभियान, सहकारी जागरूकता सत्र और स्थानीय सहकारी समितियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहकारी समिति सदस्यों, बैंक कर्मियों तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पाहड़ा, तप्पा में 10 को बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि 132/33/11 केवी दैहण के तहत विद्युत लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते 33 केवी सब स्टेशन खैरा भौंरा के तहत पाहड़ा, कोठी, पाहड़ा, मनियाड़ा, तप्पा, ठंडोल, दत्तल, टिक्कर, खैरा, वाहे दा पट्ट, शिवनगर, जैंद, लाहट, रिट, पपलाह, कुरुं, केलन, जालग, लंघा, सुभाष नगर, द्रमण, लाहड़ू, लदी, मल्ली, आरठ, डल्ली, भोडी, चठ, मोटू, पट्ट, बेहड़ू, सपेड़ व टटरोला आदि गांवों मे 10 जुलाई को सुबह 9:00 बजे से कार्य समाप्ति तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### पीएचसी कोटला में लगाई पानी की टंकी

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** उपमंडल कोटला में जुलाई महीने में पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला में पानी की टंकी एवं नलका लगाया है। इस सुविधा से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोटला में रोगियों के साथ-साथ बाजार में खरीदारी करने के लिए यहां आने वाले लोगों को पीने के लिए पानी मिलेगा। देवभूमि मां बगलामुखी टैक्सी यूनियन के प्रधान नरेश कुमार ने बताया कि बाजार में पानी की व्यवस्था नहीं होने से लोग काफी परेशान हो रहे थे, इसलिए पानी के लिए पानी की टंकी की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर सचिन बलविंदर सिंह, विनय कुमार, केवल राणा और समस्त मां बगलामुखी टैक्सी यूनियन कोटला के सदस्य मौजूद रहे।

### ज्वालामुखी पुलिस ने चरस के साथ दो गिरफ्तार

**पंकज सोनी, अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी पुलिस ने 139 ग्राम चरस के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार में किया है। आरोपियों की पहचान सुरेंद्र कुमार पुत्र लज्जी राम निवासी खराबान तहसील पदर जिला मंडी व शरीफ दीन पुत्र करम दीन निवासी सलिहार खुंडियां के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एस पी देहरा मयंक चौधरी ने की है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने कहा कि भविष्य में भी जिला पुलिस देहरा का नशे के विरुद्ध छेड़ा अभियान जारी रहेगा। उन्होंने जनता से अपील की है कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध परिस्थितियों की सूचना तुरंत नजदीकी स्टेशन में दें।

### भनाड में वन विभाग ने वितरित किए पौधे

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** थुरल भनाड में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत वन विभाग की ओर से युवा क्लब भनाड और समाज जागरण थुरल के सदस्यों व अन्य लोगों को राधा-कृष्ण मंदिर भनाड में आंवला, हरड़, बहेड़ा, खैर,जामुन, कराली, टाली आदि पौधे वितरित किए। गए। इस मौके पर चरणजीत राणा, जोगेश राणा, संजय चौहान, राजीव राणा, अश्विनी राणा, कुनाल राणा, किशोरी राणा, भूपेंद्र चौहान, बलवीर चौहान इत्यादि लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण के संरक्षण के महत्व व लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

### धर्मशाला में रोपे आंवला, जामुन के पौधे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा स्थित धर्मशाला राजीव बाली की अध्यक्षता में धर्मशाला में पौधरोपण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राजीव बाली ने सर्किट हाउस धर्मशाला परिसर के निकट आंवले का पौधा रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धर्मशाला के छात्रों और अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत डढ़वाल, पीठासीन न्यायाधीश, फैमली कोर्ट धर्मशाला राजेश चौहान, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन मित्तल आदि ने आंवला, जामुन, बेहड़ा, हरड़, वान एवं देवदार जैसे 35 पौधे रोपे। राजीव बाली ने बच्चों को अधिक से अधिक लगाने के लिए प्रेरित किया

# भारी पुलिस बल के बीच विकास खंड नगरोटा सूरियां से सामान जवाली शिफ्ट

## महिलाओं ने कृषि मंत्री चंद्र कुमार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति 27वें दिन भी विकासखंड मुख्यालय के प्रांगण में धरने पर बैठी रही। वहीं, प्रशासन ने भारी पुलिस बल के सुरक्षा घेरे में विकास खंड नगरोटा सूरियां का सामान निकाल कर ट्रकों में भर दिया। इसकी भनक लगते ही ग्रामीण जब तक इकट्ठा होते जब तक सामान से लदा एक ट्रक जवाली के लिए रवाना हो चुका था। इसके बाद स्थानीय महिलाओं ने सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन शुरू कर दिया।

उन्होंने कृषि मंत्री चंद्र कुमार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी और जमकर भड़ास निकाली। प्रशासन के कर्मचारी खंड विकास कार्यालय का सामान पुलिस बल के सुरक्षा घेरे में दूसरे ट्रक में सामान भरते रहे। ग्रामीणों ने मंत्री चंद्र कुमार मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे। ग्रामीणों ने बस अड्डे तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इसी बीच संघर्ष समिति के संयोजक संजय महाजन ने सूचना दी की हाईकोर्ट ने संघर्ष समिति द्वारा जो विकास खंड को शिफ्ट करने की अधिसूचना को लेकर चुनौती याचिका दायर की थी, उसके ऊपर स्टे मिल गया है। यह सूचना मिलते ही लोग खुश हो गए और फिर से खंड विकास कार्यालय में चले गए और वहां जाकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। समाजसेवी भाजपा नेता संजय गुलेरिया ने जनता को संबोधित करते हुए इस सारे प्रकरण की कड़ी शब्दों में निंदा की और उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि समय आने पर इसका हल निकल लिए जाएगा।



विकास खंड नगरोटा सूरियां में ट्रक में सामान को रखते कर्मचारी।

### कुछ लोग विकास के विरोधी : चंद्र कुमार

**जवाली** के विधायक एवं कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि ये जो लोग विकास खंड कार्यालय में इकट्ठे हुए थे, यह विकास के विरोधी हैं। यह संघर्ष समिति और उनके नेता ग्रामीणों को बहला फुसलाकर और महिलाओं को आगे करके राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं। जब विकासखंड के पुनर्गठन पर देहरा विधानसभा की 10 पंचायतें देहरा में चली गईं, चार पंचायतें नगरोटा सूरियां की नगर पंचायत बना दी गई। अब 6 पंचायतों पर ब्लॉक नगरोटा सूरियां में रहने का कोई औचित्य नहीं बनता।

### यह प्रकरण अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण : अर्जुन सिंह

जवाली के पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने कहा कि यह प्रकरण अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा जवाली में नया विकास खंड और नगरोटा सूरियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड किया था, जिसकी अधिसूचना को कांग्रेस सरकार ने रद्द किया था, तब उसी समय ग्रामीणों को संघर्ष समिति बनाकर विरोध करना चाहिए था।

### अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## 3 ट्रैक्टर व 2 लोडर मशीनें की जब्त 7 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज



चक्की नदी के क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ की छापेमारी।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर की ओर से अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार रात को बड़ी कार्रवाई की है। एसपी अशोक रतन ने बताया कि चक्की नदी के क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापेमारी की गई। दो स्थानों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों व लोडर मशीनों के माध्यम से खनन कार्य चल रहा था। पुलिस ने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां एवं दो लोडर मशीनें जब्त की गई हैं। पुलिस ने जब मौके पर मौजूद व्यक्तियों से खनन कार्य केलिए वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो आरोपी कोई भी वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके अलावा एक व्यक्ति द्वारा पुलिस कार्रवाई में बाधा उत्पन्न की गई तथा उपस्थित लोगों को पुलिस के विरुद्ध भड़काने का भी प्रयास किया गया। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक अशोक रत्न ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध खनन के खिलााऊ अभियान जारी रहेगा। आम जनता से अनुरोध है कि यदि किसी स्थान पर अवैध खनन दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### मकोल स्कूल में 93 विद्यार्थियों को बांटी पुस्तकें

**अजय पाल, अनंत ज्ञान।** पालमपुर। उपमंडल पालमपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मकोल में प्रधानाचार्य नरेंद्र कौर ने 93 विद्यार्थियों को सामान्य ज्ञान की पुस्तकें बांटी। प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की जानकारी होना जरूरी है। इस मौके पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### नागनी माता मेले को लेकर बैठक

## साफ-सफाई, पीने के पानी की आपूर्ति करें सुनिश्चित : एसडीएम

अनंत ज्ञान, इंदौरा

**ऐतिहासिक** नागिनी माता मंदिर में 19 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय नागनी माता मेले को लेकर मंगलवार को एसडीएम अरुण शर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई।

एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मेले में प्रतिवर्ष भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, अत: आवश्यक है कि सभी विभाग आपसी समन्वय से पूर्व तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करें। बैठक में निर्णय लिया कि मंदिर परिसर तथा आसपास के क्षेत्र की समुचित साफ-सफाई, पीने के पानी की आपूर्ति तथा प्राथमिक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार राधिका सैनी, बीडीओ अशोक कुमार, बीईईओ अजय सहोत्रा, बिजली बोर्ड के एसडीओ भूपिंदर, खाद्य आपूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार, मंदिर कमेटी के प्रधान प्रीतम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बैह ढोंटा में गैस सिलेंडर से भरी गाड़ी पलटी, चालक की मौत, दो घायल

अनंत ज्ञान, देहरा

**देहरा** उपमंडल के बैह ढोंटा क्षेत्र में मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एचपी गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस हादसे में चालक दीप चंद (निवासी जलंधर लाहड़, देहरा) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य कर्मचारी देवेंद्र सिंह पिंटू और कमल घायल हो गए। गनीमत रही कि हादसे में गाड़ी में रखे सिलेंडरों में विस्फोट नहीं हुआ, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। प्रत्यक्षदर्शी संजय डोगरा ने बताया कि हादसा गाड़ी के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। उन्होंने गंभीर रूप से घायल देवेंद्र सिंह को अपनी गाड़ी में सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। कमल को हल्की चोटें आई हैं और उसका भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मोइन पुलिस चौकी ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि पुलिस हर पहलू की जांच की जा रही है। चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में शोक की लहर है। लोगों ने प्रशासन और गैस एजेंसी से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए गैस सिलेंडर सप्लाई में इस्तेमाल होने वाले वाहनों की तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके।



बैह ढोंटा क्षेत्र में अनियंत्रित होकर पलटी गैस सिलेंडरों से भरी गाड़ी।

# स्कूलों में बच्चों की एनरोलमेंट बढ़ाने का करें सार्थक प्रयास : पठानिया



उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया की अध्यक्षता में हुई स्कूल प्रमुखों की बैठक।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**विधानसभा** क्षेत्र शाहपुर के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं मुख्याध्यापकों की समीक्षा बैठक प्रौद्योगिकी संस्थान (एटीसी) के सभागार में आयोजित की गई।

इसकी अध्यक्षता उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने की। विधायक पठानिया ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और विद्यालय प्रमुखों से सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए समन्वित प्रयासों पर बल दिया। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि सरकारी स्कूलों में आमजन की सहभागिता से बच्चों की एनरोलमेंट बढ़ाने के सार्थक प्रयास करें। विधायक ने सभी विद्यालयों में पौधारोपण अभियान चलाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र के 21 टॉपर छात्रों, जिन्होंने केमिस्ट्री विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, को एटीसी शाहपुर के सौजन्य से एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए एसटीपी प्लांट गमरू और एचपीपीसीबी लैब दाढ़ी के लिए रवाना किया गया।

**मीटिंग** एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में बोले सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज

# कांगड़ा एयरपोर्ट से जुड़ेंगे मुंबई और अहमदाबाद

अनंत ज्ञान, धर्मशाला



**कहा- दिल्ली में करेंगे बात**

**एयरपोर्ट से शटल बस सेवा के लिए एचआरटीसी से होगी बात**

**प्रदेश** के दूसरे महत्वपूर्ण शहर धर्मशाला के नाम प्रचलित कांगड़ा एयरपोर्ट को मुंबई और अहमदाबाद से जोड़ने के प्रयास होंगे। साथ ही कांगड़ा एयरपोर्ट का नाम धर्मशाला कांगड़ा रखने पर भी सहमति बनी है, इस संबंध में जल्द आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एयरपोर्ट से शटल बस सेवा शुरू करने के लिए एचआरटीसी से बात की जाएगी। यह बात कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मंगलवार धर्मशाला मिनी सचिवालय के मीटिंग हाल में एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने बताया कि धर्मशाला में आने वाले विभिन्न राज्यों व पर्यटकों का डाटा एकत्रित करने के संबंध में पर्यटन अधिकारी को निर्देश जारी किए गए थे। इसमें पाया गया है कि यहां सबसे अधिक टूरिस्ट पड़ोसी राज्य पंजाब से आते हैं। साथ ही यहां एक अच्छी संख्या में पर्यटक महाराष्ट्र से आते हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र से हवाई सेवा कनेक्टिविटी के आधार पर हैं, लेकिन अहमदाबाद और मुंबई से यहां सीधी हवाई सेवाएं शुरू हों, इसके लिए वह दिल्ली में बात करेंगे। उन्होंने बताया कि इन फ्लाइटों की शुरुआत को लेकर जिला प्रशासन को अपनी कार्रवाई पूरा करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि गगल स्थिति कांगड़ा एयरपोर्ट में मौजूदा समय में सुबह से लेकर शाम तक हवाई सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जबकि हाल ही में इंडिगो एयरलाइंड द्वारा अप्रैल माह से चंडीगढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू कर दी गई हैं। अगर अहमदाबाद और मुंबई के लिए सीधी विमान सेवा शुरू हो जाती है तो इससे पर्यटन नगरी धर्मशाला में पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी और पर्यटन कारोबार से जुडे हर वर्ग की आर्थकी मजबूत होगी।

### गगल एयरपोर्ट का नाम धर्मशाला-कांगड़ा एयरपोर्ट रखने पर बनी सहमति

**डॉ.** भारद्वाज ने बताया कि बैठक के दौरान गगल एयरपोर्ट का नाम धर्मशाला-कागड़ा एयरपोर्ट रखने पर सहमति बनी है। इसके लिए पूरा निर्णय प्रदेश सरकार द्वारा कैबिनेट में लिया जाएगा। इसके तहत जिला प्रशासन को अपनी सारी औपचारिकताएं पूरा शिमला भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बाद प्रदेश सरकार के समक्ष इस सारे विषय को विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया मुख्यमंत्री के साथ आगे रखेंगे। एयरपोर्ट विस्तारीकरण को लेकर भूमि अधिग्रहण के मामले को लेकर डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि वे 21 जुलाई से शुरु हाने वाले संसद संत्र में इस विषय को पूरजोर व मजबूती के साथ रखेंगे। साथ ही इस विषय में केंद्र की ओर से करने वाला जो भी काम होगा, उस पर कदम उठाए जांएगे। बैठक के दौरान एयरपोर्ट से शटल बस सुविधा से संबंधित प्रस्ताव के तहत यह सहमति बनी है कि इस मामले को लेकर एचआरटीसी मुख्यालय में बात रखी जाएगी, ताकि इसपर एक बेहतर सुविधा प्रदान की जाए।

# डीएवी तियारा के होनहारों ने जीते सिल्वर और कांस्य मेडल



अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दिखाया दमखम।

आशीष दमीर, अनंत ज्ञान

**शिवांक और नव्या ने किया स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन**

**कांगड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र शिवांक और छठी कक्षा की नव्या ने नेपाल के पोखरा में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाया।

शिवांक ने सिल्वर मेडल और नव्या ने कांस्य मेल जीतकर स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन किया है। ताइक्वांडो के कोच विजय डोगरा और शिक्षक कुलभूषण, शम्मी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल चेयरमैन रिटायर्ड जस्टिस प्रीतम पाल, क्षेत्रीय अधिकारी बिक्रम सिंह, मैनेजर डॉ. रश्मि जम्वाल और प्रधानाचार्या एकता अत्री ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू। पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत उपतहसील जांगला की 65 वर्षीय महिला ने पुलिस को लिखित में शिकायत कर बताया कि उसके पति की मृत्यु के बाद वह घर में अकेली रहती है। पुलिस के अनुसार उसने बताया कि 3 जुलाई को दोपहर करीब 1:30 बजे गांव का ही एक युवक दीपक कुमार (25) जो शिकायतकर्ता महिला का रिश्ते में पोता लगता है ने अवैध रूप से उसके घर में प्रवेश किया और उसके साथ बलात्कार किया। युवक ने महिला को घटना का खुलासा करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### थुनाग कॉलेज को नौणी विवि में अस्थायी रूप से किया जाए स्थानांतरित : कर्म चंद भाटिया

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने सीएम सुक्खू से आग्रह किया है कि सोलन जिले के डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के तहत मंडी जिले के थुनाग में स्थित बागवानी और वानिकी कॉलेज को अस्थायी रूप से नौणी विश्वविद्यालय में स्थानांतरित किया जाए। यह मांग थुनाग क्षेत्र में हाल ही में आई आपदा से हुए भारी नुकसान के मद्देनजर की गई है। भाटिया का कहना है कि ऐसा करने से छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। उनका मानना है कि जब तक थुनाग कॉलेज में उचित सुरक्षा व्यवस्था बहाल नहीं हो जाती, तब तक छात्रों की पढ़ाई और परीक्षाएं बिना किसी बाधा के नौणी में सुचारू रूप से चल सकेंगी। इससे छात्रों और उनके अभिभावकों को अनावश्यक मानसिक परेशानी से बचाया जा सकेगा।

### पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। रामपुर के दरबार प्रांगण में मंगलवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को उनकी चौथी पुण्यतिथि पर रामपुर के कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर स्थानीय विधायक एवं राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष नंदलाल विशेष तौर पर मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉक कांग्रेस रामपुर, युवा ब्लॉक कांग्रेस रामपुर के कार्यकर्ता तथा ननखड़ी क्षेत्र के सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता भी श्रद्धांजलि देने के लिए इस मौके पर मौजूद रहे। नंदलाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री को स्थानीय जनता ही नहीं पूरे प्रदेश के लोग आधुनिक हिमाचल के मसीहा के रूप में हमेशा याद रखेंगे। इस दौरान 2 मिनट का मौन रखकर पूर्व मुख्यमंत्री को याद किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सोनी, कांग्रेस कार्यकर्ता पूज्य देव, चुन्नीलाल, पूर्व प्रधान वीरेंद्र भलुनी, फूंजा प्रधान शशि जिंटा दरोहा, डीडी कश्यप, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को किया याद

अनंत ज्ञान, रोहड़ू। कांग्रेस मंडल रोहड़ू ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि रोहड़ू में विधायक मोहन लाल ब्राक्टा की अध्यक्षता में मनाई। इस अवसर पर मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने स्व. राजा वीरभद्र सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष करतार सिंह कुल्ला ने उनको याद करते हुए बताया कि स्व.राजा वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता माना जाता है। जिन्होंने संपूर्ण जीवन में बिना किसी भेदभाव के हिमाचल प्रदेश का एक समान विकास किया है। इस दौरान विधायक ब्राक्टा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि जहां तक रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के विकास की बात है यहां के विकास में स्व. राजा वीरभद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि वे प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री रहे हैं और वे प्रदेश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक थे।

### महिलाओं ने जुन्गा में रोपी हरियाली

अनंत ज्ञान, जुन्गा। नारी शक्ति ग्राम संगठन और पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच के संयुक्त तत्वाधान में जुन्गा में मंगलवार को पौधरोपण किया। इस मौके पर महिलाओं ने देवदार, बान, खनूर, दाडू, खुमानी सहित करीब एक सौ औषधीय पौधे रोपित किए गए। वनीकरण कार्यक्रम में एलआरपी प्रीती और सुमन ने भी अहम भूमिका निभाई। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधे उपलब्ध करवाने के लिए पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच संस्था का आभार व्यक्त किया।

# बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे सभी बच्चों के बनेंगे स्वास्थ्य कार्ड: उपायुक्त

## बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति व मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर बाल कल्याण और संरक्षण से संबंधित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करना तथा बच्चों के समग्र विकास और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करना था।

उपायुक्त ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत बच्चों को बेहतर जीवन, सुरक्षा, शिक्षा और पुनर्वास की सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने संबंधित विभागों को योजना के सभी लाभार्थियों की नियमित निगरानी करने और बच्चों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपायुक्त ने घोषणा की कि जिला शिमला के बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे सभी बच्चों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जाएंगे। यह पहल बच्चों के बीमार होने की स्थिति में उनकी उचित स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करेगी। इसके अतिरिक्त, सभी बच्चों की व्यक्तिगत फाइलें बनाई जाएंगी जिनमें उनका संपूर्ण रिकॉर्ड रखा जाएगा, और विभागीय अधिकारियों को इसे समय-समय पर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए।



जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त शिमला।

### बाल आश्रमों के जीर्णोद्धार का कार्य तेज

बाल आश्रमों के जीर्णोद्धार और नए भवनों के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है, जिसमें रोहड़ू के बाल आश्रम मशली में 25 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य और ऑब्ज़रवेशन होम हीरानगर में अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ होना शामिल है।

### पीएम जन आरोग्य योजना के तहत बनाए जा रहे कार्ड

शिमला जिले में मिशन वात्सल्य के तहत 9 बाल/बालिका आश्रम कम चिल्ड्रन होम, एक स्पेशल एडॉप्शन एजेंसी और एक ऑब्जरवेशन होम संचालित हैं, जिनमें कुल 399 बच्चे निवास कर रहे हैं। इन बच्चों के प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कार्ड बनाए जा रहे हैं।

# उद्यान केंद्रों की बदहाली और महंगी दवाइयों ने बढ़ाई परेशानी: बरागटा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल के सेब बागवान एक गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। अल्टरनेरिया और मार्सोनिना जैसी फफूंदजनित बीमारियों का तेजी से फैलना सेब उत्पादकों के लिए चिंता का विषय बन गया है, जिससे फसल को भारी नुकसान होने की आशंका है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने इस गंभीर स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कांग्रेस सरकार के कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं।



भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने जारी बयान में आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उद्यान केंद्रों की हालत बदतर हो गई है। उनके अनुसार आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जिससे बागवानों को महंगे दामों पर खुले बाजार से दवाइयां खरीदने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इससे न केवल उत्पादन पर असर पड़ रहा है, बल्कि बागवानों की जेब पर भी अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। चेतन ने कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य सरकार ने सेब बागवानों को उनके हाल पर भगवान भरोसे छोड़ दिया है। उन्होंने याद दिलाया कि पिछले साल भी इसी तरह की स्थिति सामने आई थी और उम्मीद की जा रही थी कि सरकार इससे सबक लेकर इस बार बेहतर तैयारी करेगी। लेकिन, दुख की बात है कि न तो कोई ठोस रोकथाम हुई और न ही कोई प्रभावी कदम उठाया गया।

बरागटा ने सीधे तौर पर बागवानी मंत्री और संबंधित विभाग की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि बागवानी मंत्री और विभाग आखिर कर क्या रहे हैं? नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अब तक इस बीमारी पर कोई ठोस शोध क्यों नहीं किया? उन्होंने तर्क दिया कि यदि समय रहते वैज्ञानिक समाधान खोज लिया गया होता, तो आज हजारों बागवानों को इस संकट का सामना नहीं करना पड़ता।

# सुन्नी में अघोषित बिजली के कट को लेकर प्रदर्शन

महेंद्र सिंह, अनंत ज्ञान

- विभाग और स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ की जमकर नारेबाजी
- अधिशाषी अभियंता ने दिया समाधान का आश्वासन

सुन्नी। शिमला ग्रामीण की नगर पंचायत सुन्नी में पिछले कई दिनों से अघोषित बिजली कटौती से परेशान निवासियों ने मंगलवार को सुन्नी स्थित विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। लगभग 200 लोगों ने इस प्रदर्शन में भाग लिया, जिसमें स्थानीय व्यापारी, युवा, महिलाएं और आम नागरिक शामिल थे।

प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग और स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका आरोप है कि पिछले 10 दिनों में 6 रातें ऐसी रहीं जब पूरी रात बिजली गुल रही, दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन के बाद, अधिशाषी अभियंता सुन्नी ने समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और अपने काम पर लौटे।

नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा ने विरोध प्रदर्शन को जायज ठहराते हुए कहा कि 12-12 घंटे तक लगने वाले अघोषित कट से सुन्नी वासी बेहद परेशान हैं। उन्होंने विभाग में स्टाफ की कमी को स्वीकार किया, लेकिन साथ ही अघोषित कट के लिए विभाग की लापरवाही को भी जिम्मेदार ठहराया। व्यापार मंडल सुन्नी के अध्यक्ष टेकचंद ठाकुर ने बताया कि इन कटों से सबसे ज्यादा परेशानी व्यापारी वर्ग को हो रही है।

इस संबंध में, विद्युत मंडल सुन्नी के अधिशाषी अभियंता जय चंद वर्मा ने मौसम की खराबी और अलग-अलग स्थानों पर आई तकनीकी खराबी को पावर कट का कारण बताया।

### बूथ लेवल अधिकारियों का प्रशिक्षण शुरू

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि 66 रामपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों को केंद्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 8 से 11 जुलाई तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें रामपुर विधानसभा क्षेत्र के 1 से 50 बूथ के बीएलओ व 5 बीएलओ सुपरवाइजर, 9 को 51 से 100 बूथ के बीएलओ व 5 बीएलओ सुपरवाइजर जबकि 10 को बाकि के बचे बूथ 101 से 156 बूथ के बीएलओ व 06 बीएलओ सुपरवाइजर को नेशनल ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण की योजना बीएलओ को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 तथा समय-समय पर जारी आयोग के निर्देशों के अनुसार उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से परिचित कराना तथा मतदाता सूचियों के त्रुटिरहित अद्यतनीकरण के लिए प्रासंगिक प्रपत्र भरने की आवश्यकताओं से उन्हें लैस करने के लिए दिया जा रहा है।

# शहर के सौंदर्यीकरण के लिए बनी कार्य योजना

## एनएच किनारे लगेंगे पौधे व महालक्ष्मी मंदिर के पास व्यू प्वाइंट होगा विकसित

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। रामपुर नगर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से एसडीएम रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की।

बैठक में व्यापार मंडल रामपुर के उपाध्यक्ष निशु बंसल ने एनएच-5 के किनारे बनी खराब ड्रेनेज और फुटपाथ की दुर्दशा पर चिंता जताई। वहीं, नगर परिषद की ओर से बताया गया कि चौधरी अड्डा, लवी मेला मैदान के गेट और ब्रौ पुल के समीप हाईमास्ट लाइटें लगाने के लिए प्रस्ताव भेजे गए हैं।

इसके अलावा एसजेवीएन से भी एक अतिरिक्त हाईमास्ट लाइट की मांग की गई है। शहर में वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एयर क्वालिटी मॉनिटर स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा वन विभाग ने एनएच-5 के दोनों किनारों पर सजावटी और पर्यावरण अनुकूल पौधे लगाने का सुझाव दिया है। इसके अलावा, बौद्ध मंदिर, पदम छात्र स्कूल और एनएच-5 की दीवारों पर बुशहर की सांस्कृतिक विरासत, इको टूरिज्म और प्रेरक विषयों पर वॉल पेंटिंग बनाई जाएंगी।



एसडीएम हर्ष अमरेंद्र सिंह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

शहर के खोपड़ी क्षेत्र में स्थित मां महिषमर्दिनी महालक्ष्मी मंदिर के पास एक व्यू प्वाइंट भी विकसित किया जाएगा, जहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों के बैठने की सुविधा होगी। राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे सौंदर्यीकरण के तहत एनएचएआई द्वारा झाड़ियां, फूलों के पौधे, सजावटी घास, स्टोन सजावट, पब्लिक आर्ट और सूचना पट्ट लगाए जाएंगे।

कुछ स्थानों पर मिनी उद्यान और इको-फ्रेंडली हाईवे कॉरिडोर बनाए जाएंगे। हाईवे के दोनों ओर 30 मीटर तक हरित क्षेत्र विकसित कर पेड़ लगाए जाएंगे। बैठक में यह तय किया गया कि एक माह के भीतर कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए पुनः बैठक आयोजित की जाएगी।

# बिलासपुर भाजपा ने आपदा प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री




मंडी में आई आपदा के प्रभावितों के लिए मंगलवार को राहत सामग्री भेजते जिला बिलासपुर भाजपा के नेता।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला बिलासपुर भाजपा ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री की दो जीप कैंफे ओहर से रवाना कीं। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल, विधायक रणधीर शर्मा, त्रिलोक जम्वाल, पूर्व मंत्री रजिंद्र गर्ग, जिला परिषद के उपाध्यक्ष मान सिंह और चेतना संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा भी उपस्थित रहे। कृष्ण लाल चंदेल ने कहा कि यह समय राजनीति से ऊपर उठकर जनसेवा का है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता दिन-रात राहत कार्यों में जुटे हुए हैं और जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, सेवा कार्य जारी रहेंगे।

विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि पीड़ित परिवारों के आंसू पोंछने और उन्हें संबल देने के लिए भाजपा कृत संकल्प है। विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा भाव के साथ जुड़ा हुआ है और संकट की इस घड़ी में जनता को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। गर्ग ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन की सुस्ती के कारण कई गांवों में अब तक उचित राहत नहीं पहुंची है। उन्होंने मांग की कि तुरंत विशेष राहत पैकेज की घोषणा की जाए।

### विधायक त्रिलोक ने किया राहत सामग्री वाहन को रवाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि मंडी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा से बड़े पैमाने पर तबाही हुई है। कई लोगों की जान चली गई, वहीं बड़ी संख्या में लोग बेघर भी हो गए। भाजपा उनकी सहायता के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने सदर भाजपा कार्यालय से राहत सामग्री के रूप में गद्दे व कंबल से लदे वाहन को आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए रवाना किया। इससे पहले वह जिला भाजपा की ओर से और से राशन, बर्तन तथा अन्य जरूरी सामग्री लेकर दो अन्य वाहन भेजने के समय भी नयनादेवी के विधायक रणधीर शर्मा, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल समेत पार्टी के कई अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद रहे। मंगलवार को बिलासपुर से राशन, बर्तन व अन्य जरूरी सामग्री तथा गद्दे व कंबल प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए। पीड़ित मानवता की सहायता और सेवा के लिए भाजपा के सभी कार्यकर्ता बढ़चढ़ कर अपना योगदान दे रहे हैं।

### भाजपा मंडल झंडूता ने भी आपदा प्रभावित परिवारों को भेजी राहत सामग्री

अनंत ज्ञान, झंडूता। भाजपा मंडल झंडूता की ओर से मंडी जिले के आपदा प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए राहत सामग्री से भरी एक गाड़ी रवाना की गई। यह पहल झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल के निर्देशानुसार एवं मंडल अध्यक्ष रस्म सिंह चंदेल की अगुवाई में की गई। इस मौके पर भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता दिनेश चंदेल, मनोज चंदेल, मदन ठाकुर और विपिन धीमान समेत अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष रस्म सिंह चंदेल ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता समाजसेवा के प्रति हमेशा तत्पर रहते हैं और संकट की घड़ी में जरूरतमंदों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### महिला आरक्षण के लिए 10 को निकलेगी लॉटरी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बिलासपुर जिले की चार शहरी स्थानीय निकायों-नगर परिषद बिलासपुर, नगर परिषद घुमारवीं, नगर परिषद श्री नयना देवी जी और नगर पंचायत तलाई में महिलाओं के लिए वार्डों का आरक्षण 10 जुलाई को किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी (नगरपालिकाएं) राहुल कुमार ने दी।

- चार नगर निकायों के लिए होंगे वार्ड आरक्षित

डीसी ने बताया कि यह ड्रॉ प्रक्रिया 10 जुलाई को प्रातः 11 बजे बचत भवन, उपायुक्त कार्यालय परिसर, बिलासपुर में आयोजित की जाएगी। आरक्षण की प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विभिन्न नगर निकायों के निर्वाचित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रमुख नागरिकों को नामित किया गया है। सभी चारों नगरीय निकायों की आरक्षण प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और भाजपा के जिला अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि ड्रॉ प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाएगा और इसमें किसी प्रकार की भेदभाव की कोई संभावना नहीं होगी।

### रेडक्रॉस यूनिट के 30 स्वयंसेवक किए प्रशिक्षित

अनंत ज्ञान, स्वारघाट। राज्य रेडक्रॉस और जिला शाखा बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में टोबा स्कूल में जूनियर रेडक्रॉस यूनिट के 30 स्वयंसेवकों ने सामाजिक परिवर्तन में रेडक्रॉस की भूमिका, आपदा प्रबंधन, फर्स्ट एड और फायर सेफ्टी पर ऑन-हैंड प्रशिक्षण दिया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण का उद्देश्य रेडक्रॉस यूनिट को सुदृढ़ करना था। रेडक्रॉस यूनिट के सभी बच्चों ने अपनी-अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाया। स्कूल प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार मुसाफिर, प्रधान कुलदीप चंद, अमित कुमार, जिला सचिव रेडक्रॉस, विनोद कुमार, रेडक्रॉस स्वयंसेवक, आदि ने भी पेड़ लगाए। वहीं, 9 को राजकीय वरिष्ठ पाठशाला गेहड़वीं, 10 जुलाई को राजकीय संस्कृत कॉलेज डंगार और राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज बिलासपुर में भी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 84 दिव्यांग बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। स्पेशल ओलिंपिक्स स्पोर्ट्स सेंटर बिलासपुर एवं चेतना संस्था के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन चेतना संस्था विजयपुर में करवाया गया। शिविर में चेतना संस्था के 84 दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया। चेतना संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने शिविर का शुभारंभ किया। हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर से डॉक्टर रमेश रानी एवं प्रशिक्षुओं व शिवानी पटियाल क्लीनिकल डायरेक्टर स्पेशल ओलिंपिक्स ने बच्चों का स्वास्थ्य की जांच की।

### फोरलेन किनारों से हटाए अवैध कब्जे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर फोरलेन परियोजना की प्रगति में बाधा बन रहे अवैध कब्जों को हटाने के लिए बिलासपुर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। तहसील सदर के अंतर्गत गांव थुणू और जोल में सड़क के अधिकार क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अधिकारियों ने गांव थुणू के किशोरी लाल (पुत्र बंसी), बाबूराम व छोटू राम (पुत्रगण पोहलो) तथा जोल गांव के कुलदीप कुमार (पुत्र सीताराम) द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाकर एनएचएआई की जमीन को मुक्त करवाया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फोरलेन निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा को सहन नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### श्री शिव राम पुरी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा आज से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। द्रोबड़ पंचायत के तहत श्री शिव राम पुरी मंदिर में बुधवार से 16 जुलाई तक श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान सुरेश ठाकुर ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव से संपन्न किया जाएगा। यह भागवत यज्ञ पंचायत के उत्थान, सुख-समृद्धि और समाज में धार्मिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि बुधवार को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी और उसके बाद श्रीमद्भागवत स्थापित किया जाएगा। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक संतराम शर्मा द्वारा किया जाएगा।

### उपभोक्ता 15 तक जमा करवाएं बिजली बिल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। इंजीनियर सचिन आर्य, सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1 ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे 15 जुलाई तक अपने बिल जमा करना सुनिश्चित करें। उपभोक्ताओं को नोटिस पहले ही भेजे जा चुके हैं। बिल जमा न होने की स्थिति में उपभोक्ताओं के कनेक्शन बिना किसी नोटिस के अस्थाई तौर पर काट दिए जाएंगे और दोबारा से बिजली सप्लाई चालू करने के लिए 250 रुपए फीस के रूप में अलग से वसूले जाएंगे।

### घुमारवीं स्कूल में पोक्सो एक्ट की दी जानकारी

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। आदर्श उच्च पाठशाला घुमारवीं में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. राज कुमारी साइकोलॉजिस्ट ने बच्चों को पोक्सो एक्ट की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सामाजिक और न्याय अधिकारिता विभाग की तरफ से 16 वर्ष से कम आयु वाली बच्चियों को अनुदान तौर पर 7500/ रुपए मिलते हैं। 16 वर्ष से अधिक आयु वाली बच्चियों को डालसा से अनुदान राशि मिलती है। बच्चियों का मनोबल बढ़ाने के साथ बच्चियों की शिक्षा और प्रशिक्षण में भी अनुदान सार्थक हो रहा है। समाज में नशा एक खतरा बन चुका है। बच्चों को नशा दीमक की तरह खोखला कर रहा है। बच्चों को हमेशा नशे से दूर रहने की सलाह दी।

### व्यास गुफा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। डियारा सेक्टर में स्थित महर्षि व्यास जी तपोस्थली व्यास गुफा परिसर में दस जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। लाल गिरी महंत की शिष्या एवं केयर टेकर बंती गिरी ने व्यास पूजन और हवन सुबह नौ बजे शुरू हो जाएगा, जबकि दोपहर दो बजे से अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि इस समागम को सफल बनाने के लिए हर सहयोग करें।

### सरकार आपदा से लड़ रही, भाजपा कर रही सियासत :संदीप सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने भाजपा पर आपदा में राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के उस बयान पर सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने सरकार की आपदा प्रबंधन क्षमता पर प्रश्नचिह्न लगाया था। उन्होंने कहा कि जब सरकार आपदा क्षेत्रों तक नहीं पहुंच रही, तो दो दिन पहले विक्रमादित्य सिंह और जयराम ठाकुर की साझा तस्वीरें किस बात की गवाही दे रही हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा आपदा में अवसर और सियासत दोनों ढूंढना बंद करे। उन्होंने भाजपा द्वारा सांसद कंगना रनौत को 'सेलिब्रिटी सांसद' की तरह पेश करने और उनके बेतुके बयानों पर भी सवाल उठाए। सांख्यान ने कहा कि भाजपा खुद आपदा में गुटों में बंटी दिख रही है, जबकि कांग्रेस और प्रदेश सरकार पूरी तरह से राहत कार्यों में लगी है। उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि यदि मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त हैं तो भाजपा नेता बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों तक कैसे पहुंच रहे हैं? जनता इन सवालों का जवाब चाहती है।

# विकास कार्यों को समय पर किया जाए पूरा: धर्माणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- आवास, तकनीकी शिक्षा मंत्री ने की विकास परियोजनाओं की समीक्षा

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बिलासपुर में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि 54 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन 387 मीटर लंबे नंद नगराओं पुल का कार्य अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिल सके। मंत्री ने बताया कि श्री नयना देवी जी में 50 बिस्तरों वाले अस्पताल का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है और इसे शीघ्र ही जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा घुमारवीं में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा आईपीडी भवन भी अपने अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र चालू किया जाएगा। राजेश धर्माणी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जिले की सभी अनकनेक्टेड बस्तियों को सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएं। लुहणू से ऋषिकेश तक प्रस्तावित सुरंग निर्माण की व्यवहार्यता पर परामर्शदाता एजेंसी द्वारा प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे प्राथमिकता से आगे बढ़ाया जाएगा। मानसून के दृष्टिगत उन्होंने सभी विभागों को प्रोएक्टिव दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग को आदेश दिए कि वर्षा से प्रभावित लोगों की रिपोर्ट शीघ्र तैयार कर मुआवजा और राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि माइनिंग फंड से पशुपालन विभाग के लिए हाइड्रोलिक एंबुलेंस खरीदी जाएगी, ताकि दुर्घटना में घायल पशुओं को शीघ्र पशु चिकित्सालय तक पहुंचाया जा सके।

### बड़ोल देवी पंचायत के ग्रामीणों ने एडीसी को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। बड़ोल देवी पंचायत के ग्रामीणों ने एडीसी ओम कांत ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर बीपीएल सूची से हटाए गए नामों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। इसके उपरांत ग्रामीण तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी से भी मिले। ग्रामीणों का कहना है कि बीपीएल सूची सर्वे में कई पात्र लाभार्थियों के नाम बिना किसी स्पष्ट कारण के हटा दिए गए, जिससे गरीब व जरूरतमंद परिवारों के साथ अन्याय हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि बीपीएल सूची की दोबारा जांच करवाई जाए और ऐसे सभी पात्र परिवारों के नाम इसमें पुनः शामिल किए जाएं, जिन्हें बिना किसी ठोस वजह के बाहर कर दिया गया है। एडीसी ने आश्वासन दिया कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो उसमें तुरंत सुधार किया जाएगा व मंत्री ने भी इस मामले में प्रशासन को कार्रवाई अमल लाने के आदेश दिए।

- बीपीएल सूची से नाम हटाने पर जताया विरोध

### गाहर में खुले शराब ठेके को हटाने के विरोध में डटे ग्रामीण

जगदीश सेठी, अनंत ज्ञान, डंगार चौक। भराड़ी उपतहसील की गाहर पंचायत के तहत दधोल-लदरौर सड़क किनारे गाहर में खुले ठेके का विरोध 12वें दिन जारी रहा। बारिश के दौरान भी ग्रामीण विरोध में डटे रहे। ठेके को हटाने के लिए, ग्रामीणों ने शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन के लिए प्रशासन से अनुमति लेकर अपने विरोध-प्रदर्शन को जारी रखा है। धरने पर बैठे ग्रामीण सरकार व प्रशासन के प्रति अपना गहरा रोष प्रकट कर रहे हैं।

- बोले- ठेके को बंद नहीं किया तो जारी रहेगा विरोध

ग्रामीणों का कहना है कि इस शराब ठेके को एक ऐसी जगह पर खोला गया है, जहां से प्रतिदिन कई स्कूलों के विद्यार्थी पैदल आते-जाते हैं। इसके अतिरिक्त आसपास के रिहायशी इलाकों में महिलाएं और बच्चे अकेले रहते हैं।

लोगों ने बताया कि उन्होंने ठेके को हटाने की अपील करते हुए इस विषय में प्रशासन से तत्काल कदम उठाने की बात कही थी, लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे नाराज ग्रामीण अब विरोध की राह पर उतर आए हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया है कि जब तक ठेका बंद नहीं किया जाता, तब तक उनका शांतिपूर्ण धरना जारी रहेगा। यही रवैया रहा तो चुनावों के समय नेताओं को इस बात का जवाब दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कल गरोला-लूणा में बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** 11केवी गैहरा फीडर के जरूरी रखरखाव व मरम्मत के चलते 10 जुलाई को गरोला, खड़ामुख, भुजनैली, उलांसा, सतनाला पिल्ली, ककरी, सवाई सामरा, रुणहकोठी, लूणा, कूंरा, औरा, सैहली, दुर्गेठी, ढकोग, जगत वह दूसरे आसपास के क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत विभाग मंडल भरमौर ने कहा कि मौसम की खराबी वह वीआईपी टूर के चलते यह काम अगले दिन किया जा सकता है। इस मौके पर उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की।

### डिपो खोलने के लिए 28 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा विकास खंड मैहला की ग्राम पंचायत राडी के वार्ड गुडासा में उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जाएंगी। इसके लिए विभाग द्वारा 28 जुलाई तक इच्छुक व्यक्तियों व संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले पुरुषोत्तम सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रार्थियों-सार्वजनिक संस्थान अथवा सार्वजनिक निकायों (जैसे कि ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं, महिलाओं द्वारा संचालित समूह), एकल नारी, विधवा जो अपने बच्चों का स्वयं पालन पोषण कर रही हो व भूतपूर्व सैनिक/शिक्षित बेरोजगार व्यक्ति जिसके परिवार से कोई भी सदस्य नियमित रोजगार में न हो उचित मूल्य की दुकान के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं पास है। आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए विभाग के दूरभाष न0 01899-222401 पर सभी कार्य दिवस में सम्पर्क कर अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### स्वच्छ मणिमहेश अभियान 15 से 30 तक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** आगामी पवित्र मणिमहेश यात्रा के दृष्टिगत 15 से 30 जुलाई 2025 तक एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत हड़सर से पवित्र डल झील मणिमहेश तक के क्षेत्र में विस्तृत साफ सफाई की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान में कोई भी व्यक्ति या संस्था हिस्सा लेकर अपना यथासंभव योगदान दे सकता है मुकेश रेपसवाल ने कहा कि मणिमहेश यात्रा हिमाचल प्रदेश में भगवान शिव को समर्पित सबसे प्रतिष्ठित और पवित्र तीर्थों में से एक है।

### पीएम पोषण स्कीम बारे बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम पोषण स्कीम के संबंध में उपायुक्त कार्यालय चंबा में एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पीएम पोषण स्कीम के तहत विद्यालयों में प्रदान किए जा रहे मध्यकालीन भोजन की गुणवत्ता व निगरानी के विषय में महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में विद्यालय में प्रदान किए जा रहे मध्यकालीन भोजन से संबंधित त्रैमासिक रिपोर्ट, मध्यकालीन भोजन की गुणवत्ता तथा इस्तेमाल किए जाने वाले पेयजल की गुणवत्ता के अलावा इससे संबंधित व्यय की गई धनराशि के विवरण के अलावा विद्यालय में दिए जाने वाले तिथि भोजन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई।

### चुराह के सन्नी जेएसपी फेलो चंबा में नियुक्त

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी को नीति आयोग के एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम के तहत जेएसपी फेलो चंबा में नियुक्त किया गया है। यह कार्यक्रम मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के द्वारा संचालित हो रहा है, जिसमें सन्नी जिला चंबा के तीसा एवं पांगी ब्लॉकों में शिक्षक-नेतृत्वित जीवन कौशल शिक्षा के प्रभावी कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनका कार्य सरकारी समन्वय, कार्यक्रम समर्थन, संचालन प्रबंधन और नीति-निर्माण में सहयोग करना होगा, सन्नी जिला चंबा के लगभग 90 स्कूलों में जीवन शिक्षा कौशल कार्यक्रम को लागू करवाने में अपना अहम योगदान देंगे जिससे स्कूली शिक्षा में जीवन कौशल को एकीकृत किया जा सके।

### 9 से 11 तक लगेगा पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला प्रशासन चंबा द्वारा जिले के नागरिकों की सुविधा हेतु अब पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप का आयोजन 9 से 11 जुलाई तक तीन दिवसीय रूप में किया जाएगा। पहले यह कैंप 8 से 10 जुलाई तक प्रस्तावित था, जिसे अब संशोधित कर 9 से 11 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। सहायक आयुक्त द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र में कहा गया है कि जिले के नागरिक अधिक से अधिक पासपोर्ट सेवा का लाभ उठा सकें, इसके लिए संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। यह पासपोर्ट मोबाइल वैन कैंप जिला चंबा के निवासियों को पासपोर्ट संबंधी सेवाएं आसानी से उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है, ताकि उन्हें पासपोर्ट कार्यालय के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें।

### आहला वन में लगाए 80 देवदार के पौधे

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिलदारी डलहौजी, वन विभाग डलहौजी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डलहौजी के संयुक्त प्रयास से आहला वन कैचमेंट क्षेत्र में एक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यालय के यूथ इको क्लब के 20 छात्रों ने भाग लिया और कुल 80 देवदार (सीडरस देवदार) के पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम में कई प्रमुख स्थानीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी की, जिनमें कुनाल जोशी, हिमालयन नेचर क्लब (एनजीओ), देवेंद्र शर्मा, प्रबंधक, यूथ हॉस्टल डलहौजी गौरव कोहली, प्रधानाचार्य, किंडरगार्टन स्कूल डलहौजी ऋषभ घई, रमैय्या डलहौजी (एनजीओ) शामिल हुए ।वन विभाग डलहौजी से खंड अधिकारी संदीप गुलेरिया और उनकी टीम ने छात्रों को वृक्षारोपण के महत्व और सही तरीके की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एक सूचनात्मक और प्रेरणादायक सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। यह अभियान हिलदारी डलहौजी की पर्यावरण संरक्षण और ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना है।

# कूड़ा संयंत्र के विरोध में डीसी ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन

## वाल्मीकि सभा व महिला मंडल ने नगर परिषद के प्रस्ताव को बताया अनुचित

आरके सहगल, अनंत ज्ञान



कूड़ा संयंत्र के विरोध में डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन करते हुए।

**चंबा।** नगर परिषद चंबा द्वारा मोहल्ला पकाटाला के समीप भगौत क्षेत्र में कूड़ा प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करने के प्रस्ताव के खिलाफ मंगलवार को स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस विरोध का नेतृत्व वाल्मीकि सभा के उपाध्यक्ष पीसी राणा ने किया, जो अन्य स्थानीय नागरिकों के साथ जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे।

प्रदर्शन में महिला मंडल, युवा मंडल, जिला वाल्मीकि सभा और ईसाई समुदाय के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जिस स्थान पर नगर परिषद कूड़ा सयंत्र स्थापित करना चाहती है, वह न केवल एक पुराना वाल्मीकि कबरस्थान और शमशानघाट है, बल्कि वहीं पास में एक सरकारी गौशाला भी स्थित है। प्रदर्शनकारियों ने इस प्रस्ताव को धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ बताते हुए कहा कि यदि वहां कूड़ा सयंत्र स्थापित किया गया, तो इससे क्षेत्र का पर्यावरण प्रदूषित होगा और आमजन के स्वास्थ्य पर भी गंभीर असर पड़ेगा। स्थानीय महिलाओं ने प्रेस के समक्ष अपनी चिंता जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों और बुजुर्गों को इससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बना रहेगा।

प्रदर्शनकारी नागरिकों ने बताया कि वे आगामी एक-दो दिनों में उपायुक्त चंबा को औपचारिक ज्ञापन सौंपेंगे और नगर परिषद द्वारा पारित इस प्रस्ताव को रद्द करने की मांग करेंगे। विरोध जताते हुए नागरिकों ने स्पष्ट कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर होंगे।

## लतु कुमारी को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा एवं एनएसएस स्वयंसेवी लतु कुमारी ने गुजरात के धरमपुर में आयोजित 7 दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर-2025 में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम गर्व से ऊंचा किया है। शिविर में शानदार प्रदर्शन के उपरांत कॉलेज में एक सादे समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने लतु कुमारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना जिला नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश ने जानकारी दी कि भारत भर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से चयनित स्वयंसेवियों के लिए 27 जून से 3 जुलाई तक यह शिविर आयोजित किया गया था। शिविर में लतु कुमारी ने हेयर स्टाइल, दीया सजावट, पोस्टर निर्माण, व लोक नृत्य जैसे विविध आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया।

## भटियात में बीएलओ का प्रशिक्षण प्रारंभ

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार भटियात विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइज़रों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण मतदाता सूची के अद्यतन, नए वोटरों का नामांकन तथा मतदान केंद्रों के भौतिक सत्यापन से संबंधित दिशा-निर्देशों को लेकर आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एसडीएम एवं निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी ने अधिकारियों को घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन की प्रक्रिया को गंभीरता से संपन्न करने का आह्वान किया। यह विधानसभा निर्वाचन सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान आगामी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा, जिसके अंतर्गत सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में जाकर प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन करेंगे। प्रथम दिन के प्रशिक्षण में मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 50 तक के बीएलओ व सुपरवाइजर शामिल हुए, जबकि 9 और 10 जुलाई को मतदान केंद्र 51 से 122 तक के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

## बनीखेत में होगी लड़कों की खेलकूद स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** जिला प्रारंभिक स्कूल खेलकूद संगठन की बैठक राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बलवीर सिंह द्वारा की गई। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य प्रीतम ठाकुर ने मुख्य अतिथि को बैज लगाकर सम्मानित किया। स्थानीय पाठशाला के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता योगेश शर्मा ने उप जिला शिक्षा अधिकारी उमाकांत को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस बैठक में जिला के लगभग 400 अध्यापकों में अपनी उपस्थिति की दर्ज करवाई। मंच का संचालन करते हुए एडीपीओ महेंद्र सिंह ने जिलाभर के खेलकूद प्रतियोगिताओं के जोनल और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के वेन्यू निर्धारित किए। जिसमें जिला स्तरीय लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में होने निश्चित हुए। जबकि अंडर-14 लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ककीरा में संपन्न करवाए जाएंगे। एडीपीओ महेन्द्र सिंह ने बताया कि मौसम की स्थिति को देखते हुए खेलकूद के बैन्यूज में परिवर्तन भी किया जा सकता है।

## पूर्व सीएम वीरभद्र की पुण्यतिथि पर बांटे फल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पूर्व मुख्यमंत्री, स्व. राजा वीरभद्र सिंह जी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजा वीरभद्र फाउंडेशन द्वारा एक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के ट्रस्टी नवीन चोना की अध्यक्षता में टीवी अस्पताल चम्बा में मरीजों को फल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना था, बल्कि मरीजों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता एवं सेवा भावना को भी प्रकट करना था। श्री नवीन चोना जी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर एनएसयूआई कैंपस अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज व एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चौगान नंबर-4 की 14.25 लाख में नीलामी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की तैयारियों के तहत चंबा प्रशासन द्वारा चौगानों की नीलामी प्रक्रिया आरंभ की गई। एसडीएम चंबा व आईएएस अधिकारी प्रियांशु खाती ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक केवल चौगान नंबर-4 की ही नीलामी हो सकी है, जो 14.25 लाख रुपये में नीलाम किया गया। उन्होंने बताया कि चौगान नंबर 1, 2 और 3 के लिए नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। विशेषकर चौगान नंबर 3 के लिए तो एक भी आवेदन या निविदा प्राप्त नहीं हुई, जिसके चलते नीलामी संभव नहीं हो पाई। प्रशासन ने निर्णय लिया है कि इन शेष चौगानों के लिए अब पुनः री-टेंडरिंग की जाएगी, जो 7 दिन बाद दोबारा शुरू की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं इस प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी।

# मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा को लेकर की चर्चा



अनंत ज्ञान, चंबा

**पांगी-भरमौर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने मंगलवार को भरमौर स्थित मिनी सचिवालय में अतिरिक्त दंडाधिकारी कुलबीर राणा के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें आगामी मणिमहेश यात्रा 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में मणिमहेश टैक्सी यूनियन से जुड़े प्रतिनिधियों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना गया और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। डॉ. जनकराज ने कहा कि यह प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास है कि मणिमहेश यात्रा में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई असुविधा न हो और उन्हें एक सुरक्षित, व्यवस्थित और श्रद्धा-पूर्ण वातावरण प्राप्त हो।

**डॉ. जनकराज ने की यात्रा को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग की अपील**

डॉ. जनकराज ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे मणिमहेश यात्रा को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें, ताकि यह पवित्र यात्रा बिना किसी बाधा के संपन्न हो सके और सभी को भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त हो। उन्होंने यह भी कहा कि जब हम सभी मिलकर कार्य करेंगे, तभी समस्त विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा।

# चुराह में आपदा प्रबंधन के लिए युवाओं ने बढ़ाया हाथ

अनंत ज्ञान, चुराह

**अधिवक्ता मुकेश कुमार ने स्वयंसेवकों की सूची प्रशासन को सौंपी**

**संभावित** प्राकृतिक आपदा या किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रशासन को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चुराह क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की गई है। स्थानीय अधिवक्ता मुकेश कुमार ने मंगलवार को तहसीलदार चुराह को स्वयंसेवकों की एक संगठित सूची औपचारिक रूप से सौंपी, जिसमें क्षेत्र के उन नागरिकों और युवाओं का विवरण है, जिन्होंने आपदा या राहत कार्यों में प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है।

इस सूची में स्वयंसेवकों के नाम, मोबाइल नंबर, संसाधनों की उपलब्धता और अन्य जरूरी जानकारी शामिल है, जो किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाने में उपयोगी साबित हो सकती है। मुकेश ने बताया कि आपदा के समय जनसहयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यह प्रयास इसी सोच के तहत किया गया है कि ज़रूरत पड़ने पर प्रशासन और स्वयंसेवक मिलकर त्वरित और समन्वित तरीके से कार्य कर सकें। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि संकट की घड़ी में इन पंजीकृत स्वयंसेवकों की सेवाएं प्राथमिकता के आधार पर ली जाएं, ताकि जनमानस को राहत देने में कोई विलंब न हो।

## चंबा कॉलेज की कैंटीन में लगाएं सीसीटीवी कैमरे

**अनंत ज्ञान, चंबा। भारतीय** राष्ट्रीय छात्र संगठन ( एनएसयूआई) जिला इकाई चम्बा ने राजकीय महाविद्यालय चम्बा में फैली अव्यवस्था और नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर महाविद्यालय प्राचार्य को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने कैंटीन परिसर विशेषकर उसके पिछले हिस्से में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने की मांग की है, ताकि असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखा जा सके। एनएसयूआई इकाई अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज ने बताया कि कैंटीन के पिछले हिस्से में गंदगी फैली हुई है और कुछ बाहरी असामाजिक तत्व वहां नशीले पदार्थों का सेवन और प्रचार करते हुए पाए जा रहे हैं। यह स्थिति न केवल महाविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंचा रही है।

# बिजली और पानी की समस्या को लेकर 7 तक टला धरना-प्रदर्शन

तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान

**डलहौजी।** बनीखेत में पानी और बिजली को लेकर ग्रामीणों द्वारा 15 जुलाई को धरना-प्रदर्शन होना था लेकिन अब उसे 7 अगस्त तक स्थगित कर दिया गया है। बनीखेत, कंडा, पुखरी एवं आसपास के ग्रामीण के क्षेत्र में काफी दिनों से पानी और बिजली की समस्या आ रही है। अब जल शक्ति विभाग एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजित किया गया। जिसमें की स्थानीय ग्रामीण व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों और युवा क्लब बनीखेत के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में दोनों विभागों के सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंताओं ने विस्तार पूर्वक चर्चा कर की। स्थानीय ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को एक लिखित शिकायत भी भेजी थी। लेकिन दोनों विभागों के अधिकारियों द्वारा बैठक में उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वह गंभीर हैं और उनकी प्राथमिकता है कि लोगों को बिजली और पानी जैसी आवश्यक सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध करवाई जाए। अधिकारियों ने आश्वासन किया की समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय स्तर पर समीक्षा और पुनर्विचार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। व्यापार मंडल बनीखेत के प्रधान तथा यूथ क्लब बनीखेत के अध्यक्ष ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया की दोनों विभागों ने इस बात को स्वीकार किया है कि मौजूदा समस्याओं का एक बड़ा कारण कर्मचारियों की कमी भी है ।

### सूडोकु नवताल- 7485 (***** मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7484 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

बुधवार, 9 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** चतुर्दशी (24:36) **: नक्षत्र** ज्येष्ठा (27:06), **पक्षः** शुक्ल, **योग :** शुभ (10:02), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:53)। **राहुकाल** (15:51-17:34)।

**विशेष दिन**

9 जुलाई : शिव शयन चतुर्दशी आज।

9 जुलाई : कश्मीर में ज्वाला मां का मेला आज।

**मेषः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**वृषः** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मिथुनः** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे।

**कर्कः** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी।

**सिंहः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**कन्याः** आशा व उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**तुलाः** आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**वृश्चिकः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने काम सुबह ही निपटा लें।

**धनुः** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकरः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**कुंभः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीनः** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

## प्रार्थना सभाओं में गूंज रही गद्दी संस्कृति की आवाज

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान, भरमौर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मांधा में इन दिनों प्रार्थना सभा के माध्यम से बच्चों को गद्दियाली संस्कृति, नैतिक शिक्षा और वैदिक परंपराओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। स्कूल में तैयार की गई प्रार्थना में विद्यार्थियों के द्वारा अपने ग्राम देवता बाबा बुहारी का गुणगान किया गया है। प्रार्थना के माध्यम से बाबा से सद्बुद्धि और ज्ञान देना और हर काम में रक्षा करने की कामना की जा रही है। इसमें यह भी बताया गया है कि किस तरह से बाबा बुहारी लाहौल के एक गांव से आए थे और भरमौर के खनबग्गा नामक गांव में उनके मंदिर की स्थापना हुई थी। इस प्रार्थना सभा की शब्द संरचना और सांस्कृतिक शैली प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा के द्वारा तैयार की गई है। इस पहल को सफल बनाने में रमेश कुमार डीपीई, वेद प्रकाश, अरुण कुमार, संदीप कुमार, सुरेश कुमार, कामिनी शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार, बबिता कुमारी व विद्यालय के प्रभारी सुशील पठानिया का विशेष योगदान रहा। इन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवक्ता हिंदी सुभाष शर्मा के द्वारा यह एक अच्छी पहल की गई है और इस पहल को सफल बनाने के लिए सब अध्यापकों का भी विशेष योगदान रहा है।

**प्रार्थनाओं के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और परंपरा का समन्वय**

## नगर पालिकाओं व नपं के आरक्षण प्रक्रिया 11 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में नगर परिषद चंबा व डलहौजी तथा नगर पंचायत चुवाड़ी व बनीखेत के विभिन्न वार्डों के लिए आरक्षण संबंधी प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश म्युनिसिपल इलेक्शन रूल 2015 के नियम 10 के तहत 11 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे बचत भवन चंबा में की जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने दी।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

मैं, भवनीत कौर नागपाल पत्नी रमित गुप्ता और पुत्री मंगल जीत सिंह निवासी मकान नंबर-385/11 पुराना बाजार सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करती हूं कि मैंने रिकॉर्ड के अनुसार अपना नाम भवनीत कौर नागपाल से बदलकर भवनीत रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं रीनू राज,** पत्नी श्री ध्रुव राज, निवासी वार्ड नं. 09, वीपीओ चौकी खलेट, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176061, घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम रीनू अहीर से बदलकर रीनू राज रख लिया है। रीनू अहीर और रीनू राज एक ही महिला हैं। कृपया सभी इस बात पर ध्यान दें।

GOVERNMENT OF HIMACHAL PRADESH
OFFICE OF THE CONVENER, TEH-BAJARI COMMITTEE, MINJAR MELA
CHAMBA-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE CHAMBA, DISTT. CHAMBA, H.P.
No. CBA-SDO(C)/SDK/Minjar Mela-2025/Chowgan No.1/: 3838-43 Dated:-08-07/2025

**Notice Inviting Short Term e-Tender**

Electronic tenders are hereby invited on behalf of the Deputy Commissioner Chamba-cum-Chairman Minjar Mela Committee Chamba H.P. for the works given below during Minjar Fair-2025 from the eligible/approved firms, contractors on or before 14.07.2025 upto 01:00 p.m.

The Technical Bid will be opened on 14.07.2025 at 2:00 p.m. and Financial Bid will be opened immediately after the evaluation of Technical Bids on same day. The tender forms/documents (showing terms and conditions) are available online at **http://hptenders.gov.in,** w.e.f. 09.07.2025 from 09:00 a.m. onwards.

| Sr. No. | Name of the Item/work | Earnest money | Cost of tender form |
|---|---|---|---|
| 1 | **Description:-** Bids are invited for letting out space in Chowgan No. 1 for setting up of temporary Mela shops during Minjar Fair-2025 w.e.f. 27.07.2025 to 08.08.2025 as per following details.<br>**Structure 1:** Construction of Rain proof, water proof & Fire proof Dome behind Kala Kendra in Chowgan no. 1 in L-shape with limbs measuring 145x50 feet and 70x40 feet for erecting temporary shops including partition for shop as per site plan/sketch map shown at annexure -A.<br>**Structure 2:** Construction of Rain proof, Water proof & Fire Proof Shopping Complex with CGI Sheet/ Aluminium Hanger near Post Office end of Chowgan No. 1 measuring 306 x 140 sq. feet suitable for Mela Shopping with minimum shop size of 10x9 sq. feet with suitable fire proof sheets as per site plan /sketch map at annexure-A.<br>**Structure 3:** Construction of temporary shops (Rain proof, Water proof & Fire Proof) with CGI Sheet/ Aluminium Hanger in Chowgan No. 1 in three parts, measuring 83x15 sq. feet, 60x15 sq. feet and 100x15 feet in size (Aluminium/CGI adjoining railing towards post office end side as per site plan/sketch map at annexure-A.<br>**Structure 4:** Construction of temporary shops (Rain proof, Water proof & Fire Proof) with CGI Sheet/ Aluminium Hanger in Chowgan No. 1, measuring 55x40 sq. feet, in size (Aluminium/CGI backside shops of Fish market as per site plan/sketch map at annexure-A.<br>**Structure 5:-** Construction of temporary shops (Rain proof, Water proof & Fire Proof) with CGI Sheet/Aluminium Hanger in Chowgan No. 1, measuring 90x15 sq. feet, in size as per site plan/sketch map at annexure-A.<br>**Structure 6:-** In addition, the successful bidder shall be required to construct a rain/fire proof Pandal with CGI sheet/Aluminium Hanger in front of Kala Kendra in Chowgan no.-1 with separate seating arrangements for VIPs, general public, media personnel measuring approx 130x136 sq. feet as shown in annexure-A and including all arrangements like electricity and lighting arrangements, mattresses, cushions, white sheets, matting, chairs and tables as required, and all other arrangements required to be made to the satisfaction of Convener-Teh Bazari & Technical Sub-Committees constituted for the same. (for the period 27.07.2025 to 03.08.2025).<br>The successful bidder shall be required to construct a separate stage **(Free of Cost),** if required, using Aluminum Hanger for which space will be allocated separately by the Teh Bazari Committee.<br>The successful bidder shall be required to erect total **6** structures in Chowgan No. 1, out of which he shall be allowed to let out shops erected in Structure no. **1, 2, 3, 4 & 5.** | Rs. 18.00 Lakh | Rs. 20,000/- |

1. Successful bidder shall be permitted to rent out structure no. 1, 2, 3, 4 & 5 to desirous traders and he shall be permitted to collect rent for the same. Subletting shall not be allowed failing to comply, security of the successful bidder shall be forfeited.
2. The reserve price for the Tender shall be Rs. 2,06,00,000/- (Rs. Two Crore Six Lakh only) **[excluding GST].** The GST and other taxes as applicable shall be paid/deposited by the successful bidder with the competent authority (s) at his own level.
3. The bidders shall be required to deposit Rs. 18.00 lakhs (Rs. Eighteen Lakhs only) as Earnest Money by way of Demand Draft payable in favour of the Convener Teh Bazari Committee, Minjar Mela Chamba-cum-SDM Chamba or through RTGS in the official account no. 50100502990025 (IFS Code HDFC0002875, HDFC Bank Chamba) of the undersigned or in shape of FDR pledged in favour of the undersigned. This amount shall be released to unsuccessful bidders, other than the second and third highest bidders, immediately after the tender is awarded in favour of the successful bidder. Earnest Money deposited by the second and the third highest bidder shall be released to them on 03.08.2025. Besides giving the hard copy, proof of depositing EMD shall be uploaded by tenderer in technical bid.
4. The successful bidder shall ensure to deposit hundred percent (100%) final bid amount with this office.
5. The Bidders interested will have to deposit in original Demand Draft for earnest money, Demand Draft for cost of tender documents, affidavit declaring similar works is done previously, list of material and goods to be deposited in original with undersigned on or before 14.07.2025 (upto 01:00p.m.). Tender Documents related to Technical Bid can also be sent through Regd. Post/Regd. Parcel but non- receipt of documents on or before date fixed for this purpose by postal or any other reasons shall not be the responsibility of this department.
(अगर कोई बोलीदाता किसी कारणवश व्यक्तिगत तौर पर तकनीकी बिड से सम्बन्धित समस्त मूल दस्तावेज कार्यालय में जमा करवा पाने में असमर्थ है तो दस्तावेज पंजीकृत पत्र के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं या जमा करवाए जा सकते हैं। दस्तावेज सही पाए जाने पर स्वीकार कर लिए जाएंगे। लेकिन पंजीकृत डाक के माध्यम से भेजे गए दस्तावेज अगर निर्धारित दिनांक या समय पर कार्यालय में नहीं पहुंचते हैं तो इस बारे इस कार्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी। इसीलिए इच्छुक पार्टियों को समय रहते दस्तावेज भिजवाना सुनिश्चित करना होगा)
6. As a RSA No. 418/2016 titled as Davinder Singh & others Versus Municipal Council Chamba through its Executive Officer & others is pending adjudication before Hon'ble High Court of Himachal Pradesh. Therefore, finalization of Tender Process and process of issuance of Award Letter to the successful bidders shall be subject to the permission granted by Hon'ble High Court of H.P. in aforesaid RSA matter.
7. The Successful bidder shall complete all the works in all the respect on or before 25.07.2025 at 01:00 p.m. sharp. Teh Bazari Committee, Minjar Mela Chamba reserves the right to accept or reject any or all the bids without assigning any reasons/arguments.

**Note: All terms and conditions have been mentioned in the Tender Documents in detail.**

Sd/-
Convener
Teh-Bajari Committee
Minjar Mela Chamba-cum-Sub Divisional
Magistrate Chamba, Distt. Chamba, H.P.

‘ **किसानों** की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होगी, तब तक देश की प्रगति संभव नहीं है। –चौधरी चरण सिंह

## संपादकीय

# फिर छिड़ा टैरिफ वॉर

वैश्विक व्यापार में एक बार फिर अस्थिरता और अनिश्चितता हावी होती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पुराने रवैये पर लौटते हुए 14 देशों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। यह टैरिफ 1 अगस्त से प्रभावी होंगे और इससे वैश्विक व्यापारिक रिश्तों पर बड़ा असर पड़ने की संभावना है। म्यांमार और लाओस जैसे छोटे दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों पर 40 प्रतिशत तक की टैरिफ दरें लगाना केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक संदेश भी माना जा सकता है। ट्रंप जब पहली बार राष्ट्रपति बने थे तब भी उन्होंने ‘अमेरिका फर्स्ट’ नारे के तहत कई देशों पर टैरिफ लगाए थे। इसके पीछे वह तर्क देते हैं यह कदम अमेरिकी व्यापार संबंधों को संतुलित करने और घरेलू उद्योगों की रक्षा के लिए उठाया गया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह नीति वास्तव में आर्थिक संतुलन की ओर ले जाती है या फिर वैश्विक व्यापारिक स्थिरता को और अधिक अस्थिर करती है? जब एक महाशक्ति छोटे और मध्यम आकार के देशों पर अचानक भारी टैरिफ थोपती है, तो इसका असर केवल दो देशों के बीच के व्यापार पर नहीं, बल्कि पूरी वैश्विक व्यापार व्यवस्था पर पड़ता है। यह बात वैश्विक मंदी की आशंका के दौर में और भी चिंताजनक बन जाती है।

ट्रंप की घोषित टैरिफ नीति के अनुसार, म्यांमार और लाओस पर 40, कंबोडिया और थाईलैंड पर 36, बांग्लादेश और सर्बिया गणराज्य पर 35, इंडोनेशिया पर 32 और दक्षिण अफ्रीका पर 30 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाएंगे। इनमें से अधिकांश देश अमेरिका के लिए सस्ते उत्पादन और आपूर्ति के केंद्र रहे हैं। वस्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक कल-पुर्जे और उपभोक्ता वस्तुएं इन देशों से अमेरिका को निर्यात होती हैं। अब इन पर टैरिफ लगाने से अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ेगी, जिससे उपभोक्ताओं को महंगे दाम चुकाने पड़ सकते हैं। राहत की बात यह है कि अभी तक भारत ट्रंप की इस नई टैरिफ नीति की चपेट से बाहर है, बल्कि ट्रंप ने भारत के साथ एक बड़े व्यापार समझौते के संकेत भी दिए हैं। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं।

टेक्नोलॉजी, रक्षा, फार्मा, कृषि और डिजिटल क्षेत्र में दोनों देशों ने साझेदारी की है। यदि यह समझौता होता है, तो भारत को अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच मिल सकती है, लेकिन हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ट्रंप की नीतियां अक्सर अनिश्चितता से भरी होती हैं। वे एक दिन समझौते की बात करते हैं और अगले दिन उस पर पुनर्विचार की चेतावनी दे सकते हैं। ऐसे में भारत को सावधानी बरतने की आवश्यकता है। भारत को अमेरिका के साथ व्यापारिक साझेदारी करते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी रणनीतिक स्वायत्तता बनी रहे। किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता खतरनाक हो सकती है। भारत को अमेरिका के अलावा यूरोप, अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और एशियाई देशों के साथ भी अपने व्यापारिक संबंधों को गहरा करना चाहिए। एक संतुलित और विविधतापूर्ण व्यापार नीति भारत के हित में होगी।

भारत के निर्यातकों को यह समझाना होगा कि वैश्विक व्यापार में टैरिफ और नीतिगत बदलाव अचानक और अप्रत्याशित हो सकते हैं। इसके लिए उन्हें विविधता और लचीलापन अपनाना होगा। भारत को डब्ल्यूटीओ, जी 20 और ब्रिक्स जैसे मंचों पर टैरिफ वॉर के खिलाफ ठोस नीति और सहयोग को आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि वैश्विक व्यापार प्रणाली को स्थिर और पारदर्शी बनाया जा सके। अमेरिका की यह टैरिफ नीति केवल प्रभावित देशों तक सीमित नहीं रहेगी। यह निवेशकों की धारणा, बाजार की स्थिरता और वैश्विक विकास दर को प्रभावित करेगी। आईएमएफ और विश्व बैंक पहले ही इस वर्ष वैश्विक विकास दर में गिरावट की आशंका जता चुके हैं। यदि व्यापार युद्ध बढ़ता है, तो यह संकट और गहरा सकता है। टैरिफ वॉर से छोटे और विकासशील देशों को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।

वहीं, चीन और रूस जैसी महाशक्तियां इस अवसर का फायदा उठाकर वैकल्पिक व्यापार ब्लॉक बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप की टैरिफ नीति वैश्विक व्यापार के लिए एक चेतावनी है कि अब आर्थिक हितों के साथ-साथ रणनीतिक प्राथमिकताएं भी प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। भारत को इस उथल-पुथल के बीच अपनी भूमिका को समझदारी से निभाना होगा। व्यापारिक समझौतों के अवसरों को स्वीकार करते हुए, उसे आत्मनिर्भरता, बहुपक्षीय सहयोग और रणनीतिक चतुराई का परिचय देना होगा। आज जबकि विश्व व्यवस्था बहुध्रुवीय हो रही है, भारत को वैश्विक मंचों पर अपनी भूमिका सशक्त करने का मौका भी है और जिम्मेदारी भी। टैरिफ वॉर जैसे फैसले केवल तात्कालिक राजनीतिक फायदे के लिए नहीं होने चाहिए—ये विश्व की आर्थिक स्थिरता और लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े मसले हैं। भारत को इस युद्ध से बचते हुए एक संतुलित, दीर्घकालिक और समावेशी व्यापारिक नीति की दिशा में कदम बढ़ाने होंगे। यही आज की वैश्विक चुनौती और भारत की कूटनीतिक परीक्षा है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी फिल्मों के अभिनेता

**संजीव** कुमार हिंदी फिल्मों के भारतीय अभिनेता थे। इनका नाम हरिभाई जरीवाल था, लेकिन फिल्मी दुनिया में यह अपने दूसरे नाम ‘संजीव कुमार’ के नाम से प्रसिद्ध हैं। इनके द्वारा अभिनीत प्रसिद्ध फिल्मों में ‘कोशिश’, ‘शोले’, ‘अंगूर’, ‘त्रिशूल’, ‘पारस’, ‘खिलौना’, आदि हैं। इनका जन्म मुंबई में एक मध्यम वर्गीय गुजराती परिवार में हुआ था। वह बचपन से ही फिल्मों में बतौर अभिनेता काम करने का सपना देखा करते थे। इसी सपने को पूरा करने के लिए वह अपने जीवन के शुरुआती दौर में रंगमंच से जुड़े और बाद में उन्होंने फिल्मालय के एक्टिंग स्कूल में दाखिला लिया। इसी दौरान वर्ष 1960 में उन्हें फिल्मालय बैनर की फिल्म ‘हम हिंदुस्तानी’ में एक छोटी सी भूमिका निभाने का मौका मिला। शोले की शूटिंग के दौरान कैमरे के पीछे चट्टान पर पहली बार जेलर की वर्दी पहने हुए असरानी के अभ्यास पर हंसते हुए अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार व अमजद खान वर्ष 1970 में ही प्रदर्शित फिल्म ‘दस्तक’ में उनके लाजवाब अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के ‘राष्ट्रीय पुरस्कार’ से सम्मानित किया गया। ■



संजीव कुमार
जन्म : 9 जुलाई, 1938
मृत्यु : 6 नवंबर, 1985



कविता

## आशा के दीप जगाएं

आरव भारद्वाज, हिम अकादमी, हमीरपुर

*बह गए जो घर, बुझ गईं तमाम आशाएं,*
*पीछे छूट गईं केवल आंसू और निराशाएं।*
*टूटे जो सपने, वो केवल ईंट-पत्थर न थे,*
*वो रिश्तों के मंदिर थे, जीवन के स्वर थे।*

*मां की ममता, बच्चे की किलकारी खो गई,*
*धरती की छाती फिर से शून्य सी हो गई।*
*पर छाई घटा में भी किरणें हैं छिपी हुई,*
*हर पीड़ा के बाद कोई दवा है लिखी हुई।*

*आओ मिलकर हम उम्मीदें फिर जगाएं,*
*चैरिटी के दीप से अंधियारा मिटाएं।*
*कौन क्या लाया, कौन क्या ले जाएगा,*
*बस मानवता का नाम ही रह जाएगा।*
*बढ़ें वो हाथ जो दिल से मदद बढ़ाएं,*
*हिमाचल के घावों पर अपनापन बरसाएं।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आधुनिकता क्या सच में विकास है या विनाश का रास्ता ?

यह प्रश्न आज उस दुनिया के सामने है, जिसने आकाश की सीमाएं लांघ ली हैं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जीवन को आसान बना लिया है, लेकिन साथ ही जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में भी आ गई है। यह विरोधाभास केवल भारत या हिमाचल जैसे क्षेत्रों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरी पृथ्वी पर महसूस किया जा रहा है। जिन देशों को वैज्ञानिक रूप से उन्नत और अत्याधुनिक माना जाता है, वे स्वयं आज अपने ही बनाए औद्योगिक और तकनीकी ढांचे के बोझ तले कराह रहे हैं। अमरीका, फ्रांस, जापान जैसे देशों ने प्रगति के नाम पर प्रकृति का एकतरफा दोहन किया। परिणामस्वरूप इन देशों में गर्म हवाएं, सूखा, जंगलों में आग और असामान्य बर्फबारी जैसी आपदाएं सामान्य हो गई हैं।



सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बुशैहर

वर्ष 2024 में ही अमरीका के टैक्सास और एरिजोना राज्यों में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के कारण 147 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई, जबकि कनाडा में ग्रीष्म ऋतु के दौरान जंगल की आग से लगभग 1 करोड़ 80 लाख हेक्टेयर क्षेत्र जलकर राख हो गया, जिसे इतिहास की सबसे भीषण आग कहा गया। अविकसित से विकसित हो रहे देशों में, जहां आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी है, वहां बिना विवेक के अपनाए गए तकनीकी विकास ने समस्याओं को और जटिल बना दिया है।

चीन, ब्राजील, भारत जैसे देशों में औद्योगीकरण और नगरों के विस्तार ने प्राकृतिक संतुलन को गहरी क्षति पहुंचाई है। भारत में जहां एक ओर चंद्रयान की सफलता और डिजिटल योजनाओं की चर्चा होती है, वहीं दूसरी ओर जल संकट, प्रदूषित नदियां और अत्यधिक मौसमी परिवर्तन गंभीर चिंता का विषय बन गए हैं। वर्ष 2024 में भारत में कुल 318 दिन अत्यधिक मौसमीय घटनाओं के नाम रहे। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र द्वारा अप्रैल 2025 में जारी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में देश में 3,287 भीषण मौसमी घटनाएं हुईं, जिनमें 3,271 लोगों की मृत्यु हुई। उत्तर प्रदेश, बिहार,



ओडिशा, पश्चिम बंगाल और राजस्थान सबसे अधिक प्रभावित हुए। इन घटनाओं में गर्म हवाएं, बाढ़, और बादल फटना सबसे अधिक विनाशकारी रहे। अप्रैल से जून 2024 के बीच देश के 17 राज्यों में औसतन 30 दिन गर्म हवाओं का प्रकोप रहा।

हिमालयी प्रदेशों में, विशेषकर हिमाचल प्रदेश में, जहां पहले पर्यावरण का संतुलन उदाहरण स्वरूप प्रस्तुत किया जाता था, वहां अब विकास के नाम पर हो रही लापरवाह गतिविधियां विनाश का रूप ले चुकी हैं। वर्ष 2024 के मानसून काल में, विशेष रूप से जुलाई और अगस्त के महीनों में हिमाचल में सामान्य से 43 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज हुई, जिससे 165 लोगों की मृत्यु हुई और 2,300 से अधिक मकान पूर्ण या आंशिक रूप से नष्ट हो गए। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, केवल वर्ष 2024 में हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं से 9,832 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, जो राज्य के इतिहास में सर्वाधिक है। इन आंकड़ों से भी अधिक चौंकाने वाली हैं कुछ हालिया घटनाएं। समेज गांव, जो शिमला और कुल्लू जिलों की सीमा पर स्थित है, वहां अगस्त 2024 में बादल फटने की भीषण आपदा आई।

इस एक रात की घटना में 36 लोगों की जान चली गई, जिनमें विद्यालय जाने वाले बच्चे भी शामिल थे। मंदिर परिसर, आवासीय मकान, खेत और सड़कें सब मलबे में दब गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उस रात पूरा गांव जलप्रलय जैसा बन गई था। इसी प्रकार मंडी जिले के करसोग और थुनाग विधानसभा क्षेत्रों में 30 जून 2025 को बादल फटने और अत्यधिक वर्षा ने तबाही मचा दी। पूरा बाजार क्षेत्र मलबे में दब गया, सैकड़ों घर ध्वस्त हो गए, कई लोगों की मृत्यु हुई, और हजारों लोग बेघर हो गए। सड़कें बह गईं, पेयजल और बिजली की आपूर्ति बाधित हो गई। प्रशासन ने इसे पिछले वर्षों की सबसे भयावह आपदाओं में गिना। यह तबाही केवल प्राकृतिक नहीं, मानवजनित भी थी— क्योंकि क्षेत्र में अनियोजित निर्माण, वृक्षों की कटाई और जल निकासी की उपेक्षा ने स्थिति को और भयावह बना दिया। उत्तराखंड में भी वर्ष 2024 में जोशीमठ क्षेत्र की जमीन धंसने की घटनाएं और अत्यधिक वर्षा से हुई आपदाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि पर्वतीय क्षेत्रों में हो रहा तथाकथित विकास वास्तव में प्रकृति का अत्याचारपूर्ण दोहन बन चुका है। नालों और नदियों के प्रवाह मार्गों को बाधित कर बनाए जा रहे जलविद्युत परियोजनाएं इस संकट को और गहरा बना रही हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, हिमाचल और उत्तराखंड मिलाकर 2024 में कुल 312 भूस्खलन की घटनाएं दर्ज हुईं। इन भयावह घटनाओं के बीच, एक देश ऐसा भी है, जिसने आधुनिकता और पारिस्थितिकी के बीच अद्भुत संतुलन स्थापित किया है—भूटान। भूटान विश्व का एकमात्र ऐसा देश है जो कार्बन ऋणात्मक है, अर्थात वह जितना वायु में कार्बन छोड़ता है, उससे अधिक उसे शोषित करता है। वहां के संविधान में यह प्रावधान है कि कम से कम 60 प्रतिशत क्षेत्रफल सदैव वनों से आच्छादित रहना चाहिए और यह लक्ष्य वह सफलतापूर्वक बनाए हुए है।

भूटान की प्रगति का मापदंड भी भिन्न है— वहां सकल घरेलू उत्पाद के स्थान पर सकल राष्ट्रीय आनंद को प्रमुखता दी गई है। इसमें पर्यावरण संरक्षण एक प्रमुख स्तंभ है। वहां पर्यटन सीमित संख्या में होता है और पर्यावरण शुल्क लिया जाता है। ऊर्जा उत्पादन स्वच्छ जलविद्युत पर आधारित है और नागरिक पारंपरिक जीवनशैली को महत्त्व देते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यदि राजनीतिक इच्छा, जन-जागरूकता और दूरदर्शिता हो, तो प्रगति और प्रकृति साथ-साथ चल सकते हैं। आज भी समय है—हम चाहें तो दिशा बदल सकते हैं। प्रगति और विनाश के इस मोड़ पर खड़ा मानव अभी भी विवेक से कार्य करके भविष्य का निर्माता बन सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# पहाड़ को मत बनाओ शहर वरना झेलना पड़ेगा कहर

हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने सबको विचलित किया है। सराज विधानसभा एवं करसोग तथा नाचन क्षेत्रों में जानमाल की व्यापक क्षति चिंतनीय है।

पिछले लगातार तीन वर्षों में हिमाचल में जल प्रलय अनेक जीवन समाप्त कर प्रदेश को हजारों करोड़ रुपए की चपत लगा गया है। हिमाचल के अलावा उत्तराखंड भी पिछले कई दशकों से जल प्रलय का शिकार बना हुआ है। पहाड़ी राज्यों में बादल फटने की अनवरत घटनाएं हम सबके लिए चुनौती है। यदि समय रहते इसके समाधान तलाशने के प्रयास न किए गए तो न जाने भविष्य में कितने ही लोग असमय काल का ग्रास बन जाएंगे। बादल फटना वास्तव में एक प्राकृतिक घटना है जिसके ज्ञात भौगोलिक एवं मौसमी कारण है। एक छोटे से क्षेत्र में अचानक भारी वर्षा यानी लगभग एक घंटे के भीतर सौ मिली मीटर या इससे अधिक की वर्षा बादल फटना कहलाती है। दक्षिणी पश्चिमी मानसून में पहाड़ी राज्यों में बादल फटने की घटनाएं वास्तव में इसलिए होती है, क्योंकि जैसे नमी वाली हवा ऊपर की और उठती हैं तो बादल बनने लगते हैं एवं जलवाष्प के भारी मात्रा में संघनित होने से बादलों का आकार बढ़ता जाता है एवं भारी बादल पहाड़ों से टकराकर आगे न जा पाने से एक क्षेत्र विशेष में बरसना शुरू कर देते हैं एवं लाखों लीटर पानी एक साथ छोटे से क्षेत्र में बहना शुरू हो जाता है एवं भारी मात्रा में मवाद, पत्थर एवं पेड़ पौधों को उखाड़कर अनियंत्रित गति से पहाड़ों से नीचे उतरना शुरू कर देता है।



अजय श्याम
स्वतंत्र लेखक

इस विश्लेषण से यह तो स्पष्ट है कि बादल फटने के प्राकृतिक कारणों को रोका जाना तो संभव नहीं है, परंतु हम मानवीय हस्तक्षेप से इससे उत्पन्न होने वाले नुकसान को कम जरूर कर सकते हैं।



यदि विगत दशकों में पहाड़ी राज्यों खासकर हिमाचल एवं उत्तराखंड की स्थिति को देखा जाए, तो ये आकलन किया जा सकता है कि इन राज्यों ने पहाड़ों में अवैज्ञानिक विकासात्मक योजनाएं चलाकर बादल फटने जैसी घटनाओं से होने वाले नुकसान को स्वयं जन्म दिया है जिसके लिए सरकारें एवं आम जनमानस स्वयं उतरदायी हैं। पहाड़ों में जिस प्रकार सड़कों के निर्माण को बिना योजना के अमलीजामा पहनाया गया एवं बेतरतीब अंधाधुंध निर्माण किया गया एवं मलबे को नदी नालों में फेंका गया है उसके कारण जो प्राकृतिक प्रवाह तंत्र भारी वर्षा से बरसने वाले पानी को नदियों अथवा उसकी सहायक खड्डों तक ले जाता था उसमें अवरोध के चलते पानी बाढ़ का रूप लेकर आबादी की ओर मुड़ जाता है एवं गांव की कच्ची सड़के जिसमें ड्रेनेज की व्यवस्था नहीं होती वही पानी के लिए प्रवाह तंत्र का काम करती है जिसके चलते आवासीय क्षेत्रों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है एवं जान माल की व्यापक क्षति होती है।

इसके अतिरिक्त जिस तरह कंक्रीट का अवैज्ञानिक निर्माण पहाड़ों में हो रहा है वो पहाड़ों की भूगर्भीय स्थिति के बिलकुल विपरीत है बिना भूमि की जांच किए ढलानदार जगहों एवं नदी नालों के आसपास कंक्रीट के मकान ही आपदा के समय श्मशान बनते जा रहे हैं।

पहाड़ों की पुरातन वास्तुशैली से हटकर बहुमंजिला निर्माण न तो बादल फटने एवं न ही भूकंप आने जैसी घटनाओं के लिए अनुकूल है। जलवायु परिवर्तन के लिए उत्तरदायी कारक जिसमें वनों का अंधाधुंध कटान, वैश्विक तापमान में बढ़ोतरी भी अप्राकृतिक मौसमी घटनाओं के लिए उत्तरदायी है जिसके लिए मानव ही जिम्मेदार है। सरकारों को चाहिए कि पहाड़ी राज्यों में निर्माण के लिए एक स्थायी एवं वैज्ञानिक नीति लाए एवं सरकारी अथवा निजी निर्माण को आपदा प्रबंधन की दृष्टि से रेगुलेट किया जाए एवं अंधाधुंध निर्माण को रोका जाए। अंत में यही कहना चाहूंगा कि पहाड़ को पहाड़ रहने दो इसे मत बनाओ शहर अन्यथा झेलना पड़ेगा विपदाओं का कहर।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**सरकार** के अवैध कब्जों के विरुद्ध उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय के कई सख्त आदेश जारी हुए हैं। भारत की सरकार के भी कई दिशा-निर्देश आए हैं। इसके बावजूद कुछ लोग सरकारी भूमि पर फिर कब्जे किए जा रहे हैं। कानूनन कई जगह सार्वजनिक रास्ते पर भी असामाजिक तत्वों द्वारा बनाए-फैलाए गए कचरे, पत्थर, मिट्टी के ढेर को तुरंत हटाया जाना अनिवार्य है। अब तो लोगों के घरों को जाने वाले रास्तों पर भी नया कब्जा करने की निकृष्ट-धूर्त कोशिशें की जा रही हैं। इससे सैकड़ों लोगों को बहुत परेशानी और असुविधा हो रही है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे हटाने के लिए अफसरों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। सरकार की भूमि सिर्फ और सिर्फ सार्वजनिक कार्य के लिए ही होती है,न कि लोगों के अपने निजी कार्य के प्रयोग के लिए नहीं है।

**सुमन कुमार, कांगड़ा**

# गुरु का ज्ञान, श्रद्धा और मार्गदर्शन का पर्व ‘गुरु पूर्णिमा’

गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वरः। गुरु साक्षात् परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः ।। भारतवर्ष की सांस्कृतिक परंपराएं अत्यंत समृद्ध और वैविध्यता से पूर्ण रही हैं। यहां हर पर्व, उत्सव और दिवस के पीछे एक गहरा आध्यात्मिक, नैतिक और सामाजिक संदेश छुपा होता है। इन्हीं में से एक विशेष दिवस है ‘गुरु पूर्णिमा’। यह दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि गुरु शिष्य-परंपरा का सम्मान करने का, ज्ञान की पूजा करने का और जीवन में मार्गदर्शन देने वाले व्यक्तित्वों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का अवसर है। ‘गुरु पूर्णिमा’ आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इसका धार्मिक महत्व अत्यधिक है, क्योंकि इसी दिवस को महर्षि वेदव्यास का जन्म दिवस माना जाता है।



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं ,बिलासपुर

महर्षि वेदव्यास जी को संपूर्ण वेदों के संकलन कर्ता, महाभारत के रचयिता और अठारह पुराणों के रचयिता के रूप में जाना जाता है। अत: यह दिवस ‘व्यास पूर्णिमा’ भी कहलाता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के पास जाकर उन्हें श्रद्धा ,भक्ति और आदर सहित गुरु जी के चरणों में दूध, जल और पुष्प अर्पित कर उनकी पूजा करते हैं। उन्हें यथाशक्ति भोजन सामग्री या भोजन कराते हैं। गुरु जी से ज्ञान अर्जित कर आत्म मंथन भी करते हैं कि वे उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए कितने खरे उतरे हैं या नहीं? इस दिन आश्रमों और गुरुकुलों में सत्संग, प्रवचन, योग साधना और भजन संध्या जैसे आयोजन होते हैं।‘गुरु’ शब्द दो धातुओं से मिलकर बना है--‘गु’ अर्थात् अंधकार और ‘रु’ अर्थात उसे दूर करने वाला। इस प्रकार गुरु वह होता है जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश देता है। गुरु का कार्य केवल जानकारी देना ही नहीं, अपितु वे जीवन के मूल्य, दृष्टिकोण, आचरण, अनुशासन को भी दिशा देता है। एक सच्चा गुरु अपने शिष्य की अंतरात्मा को जागृत करता है, उसे स्वयं का बोध कराता है और उसे समाज व मानवता के लिए भी उपयोगी बनाता है।

भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति गुरुकुल प्रणाली पर आधारित रही है। शिष्य गुरु के आश्रम में रहकर जीवन की आवश्यक शिक्षा ग्रहण करता था। शिक्षा केवल पाठ्य विषयों तक सीमित नहीं होती, बल्कि संस्कार, अनुशासन, सेवा, आत्मनिर्भरता और चरित्र निर्माण का आधार बनती थी। महाभारत के द्रोणाचार्य और एकलव्य, रामायण के गुरु वशिष्ठ और श्री राम, चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य, द्रोणाचार्य और अर्जुन जैसी अनेक ऐतिहासिक गाथाएं इस परंपरा की महानता को दर्शाती हैं। शिष्य अपने गुरु के प्रति पूर्ण समर्पण का भाव रखते थे और गुरु अपने शिष्यों के निर्माण हेतु नि:स्वार्थ भाव से सेवा करते थे। गुरुकुलों में केवल शास्त्रों का अध्ययन ही नहीं होता था ,बल्कि धर्म, नीति ,युद्ध कला, खगोल, आयुर्वेद ,संगीत ,नृत्य ,कृषि और व्यावहारिक जीवन कौशल भी सिखाए जाते थे।



हिंदू धर्म के अतिरिक्त बौद्ध धर्म में भी गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इस दिन भगवान गौतम बुद्ध ने सारनाथ में अपने प्रथम पांच शिष्यों को धर्म का उपदेश दिया था और इसी दिन से बौद्ध संघ की स्थापना हुई। जैन धर्म में भी यह दिन विशेष मना गया है क्योंकि 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अपने प्रथम शिष्य को इसी दिन दीक्षा दी थी। इन तथ्यों से स्पष्ट होता है, कि गुरु पूर्णिमा केवल एक धर्म विशेष का पर्व नहीं, बल्कि भारत की समग्र आध्यात्मिक चेतना का एक साझा उत्सव है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में समय के साथ-साथ गुरु का स्वरूप भी बदला है। अब गुरु केवल गुरुकुल या मठों में नहीं, बल्कि विद्यालयों, महाविद्यालयों, ऑनलाइन मंचों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में मिलते हैं। शिक्षक, माता-पिता, लेखक, कोच, आध्यात्मिक मार्गदर्शक और कभी-कभी सामान्य जीवन में मिला कोई अनुभवी भी गुरु बन सकता है। आज जहां तकनीक ने शिक्षा के स्वरूप को बदल दिया है, वहां फिर भी गुरु की महत्ता कम नहीं हुई है।

तकनीक माध्यम हो सकती है, लेकिन सच्चा मार्गदर्शन तो एक गुरु ही प्रदान कर सकता है। गुरु वही है, जो केवल ज्ञान ही नहीं देता बल्कि विवेक ,दृष्टि और संतुलन भी देता है। भारतीय दर्शन में गुरु को मोक्ष प्राप्ति तक का मार्गदर्शक माना गया है। भगवद्गीता में स्वयं श्री कृष्ण अर्जुन के गुरु बनते हैं।

गीता की शिक्षाएं केवल युद्ध की ही नहीं, बल्कि जीवन की जटिलताओं से जूझने की कला सिखाती हैं। वहां श्री कृष्ण एक सखा , मार्गदर्शक, दार्शनिक और गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हुए हैं। गुरु पूर्णिमा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, यह श्रद्धा ,ज्ञान और आत्म विकास का पर्व है। यह दिन हमें सिखाता है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शक का होना कितना आवश्यक है। आज के युवाओं के लिए यह पर्व अत्यंत प्रासंगिक है। जब जीवन की दिशा अनिश्चित हो, विकल्प अनेक हों और भ्रम की स्थिति हो हो-तब एक सच्चा गुरु ही रोशनी बन सकता है और सही पथ पर अग्रसर कर सकता है। जब हम गुरु के प्रति श्रद्धा रखते हैं तभी हम सच्चे ज्ञान की ओर अग्रसर होते हैं। आज के समय में जब व्यक्ति अकेलेपन, भ्रम और भौतिकता की दौड़ में भटक जाता है तब गुरु की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। आइए, इस गुरु पूर्णिमा पर हम सभी अपने जीवन के गुरुओं को नमन करें, उनसे मिली शिक्षाओं को जीवन में उतारें और स्वयं भी दूसरों के लिए मार्गदर्शक बनने का संकल्प लें।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# गुरु का ज्ञान ही व्यक्ति को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है

एक बार की बात है। एक संत एक गांव में से होकर जा रहे थे। एक घर में एक मां अपने बेटे से चिल्लाते हुए कह रही थी, ‘राम! तुम कब तक सोते रहोगे? उठो!’ महिला के शब्दों ने संत को एक बार चौंका दिया। उनका मन जो अतीत और भविष्य के बारे में सोचने में लीन था, जाग गया। उसी क्षण उन्हें ज्ञान प्राप्त हो गया। प्रकृति आपको मन में चल रही शिकायतों और रोने-धोने से जागने के भरपूर संकेत देती है। गुरु पूर्णिमा जीवन के ज्ञान को जगाने का एक ऐसा ही अवसर है। जब आप जीवन का सम्मान करते हैं और जब आप में कृतज्ञता होती है, तो शिकायत बंद हो जाती है।



श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

**गुरु तत्व का सम्मान :** जरा इस चमत्कार को देखिए - आपके शरीर में अरबों कोशिकाएं लगातार पैदा हो रही हैं और विलीन हो रही हैं, प्रत्येक की अपनी लय है। आपने अपने शरीर के भीतर एक पूरा शहर बसा हुआ है, जैसे एक छत्ते में हजारों मधुमक्खियां एक रानी मधुमक्खी के चारों ओर इकट्ठा होती हैं। यदि रानी गायब हो जाती है, तो छत्ता ढह जाता है। इसी तरह, आपके केंद्र में आत्मा है- स्व, दिव्य या गुरु तत्व। ये तीनों एक ही हैं-जीवन रूपी छत्ते के भीतर रानी मधुमक्खी की तरह हमें एक रखते हैं। गुरु तत्व गरिमामय है, फिर भी एक बच्चे की तरह विनम्र है। गुरु का सम्मान करना जीवन का सम्मान करना है। यही गुरु पूर्णिमा का सार है। शिक्षक आपको जानकारी देते हैं। गुरु आपके भीतर की जीवन शक्ति को जगाता है। गुरु आपको केवल ज्ञान से नहीं भरता अपितु, वह आपको इसका अनुभव कराता है। इसमें ज्ञान और जीवन का पूर्ण एकीकरण है। आपके जीवन में ज्ञान ही आपका गुरु है। जीवन ने आपको पहले ही बहुत कुछ सिखाया है कि आपने कहां गलत किया और आपने क्या सही किया। आपको समय-समय पर इस ज्ञान पर प्रकाश डालना चाहिए। यदि आप इस ज्ञान के बारे में जागरूकता के बिना अपना जीवन जीते हैं, तो आप गुरु तत्व का सम्मान नहीं कर रहे हैं। गुरु पूर्णिमा साधक के लिए एक नया वर्ष है। यह वार्षिक रिपोर्ट कार्ड देखने का समय है-आप जीवन में कितने आगे बढ़े हैं और आप कितने अधिक स्थिर हैं।



**अपने उपहारों का सम्मान करें :** दूसरी बात जो आपको इस गुरु पूर्णिमा पर करनी चाहिए, वह है, आपको जो उपहार दिया गया है उसका उपयोग करना। यदि आप अच्छा बोलते हैं या आपकी बुद्धि अच्छी है, तो इसका उपयोग दूसरों के लाभ के लिए करें। आपको बहुत से आशीर्वाद दिए गए हैं। उनका बुद्धिमानी से उपयोग करें और आपको और अधिक दिया जाएगा। देने वाला आपको अथक रूप से बहुत कुछ दे रहा है और आपसे किसी प्रकार की स्वीकृति या सम्मान भी नहीं चाहता है।

**शब्दों से मौन की ओर बढ़ें :** समझ के तीन स्तर हैं-एक शब्दों का स्तर है; फिर भावनाएं आती हैं जहां आप शब्दों पर नहीं टिकते, बल्कि शब्दों के पीछे के अर्थ या भावना को देखते हैं और फिर तीसरा स्तर वह है जहां आप भावना से भी परे हो जाते हैं, क्योंकि भावनाएं और अर्थ बदल जाते हैं। तीसरा मौन के स्तर पर है। मौन के माध्यम से संदेश दिया जाता है।

**जानें कि गुरु साक्षी हैं :** गुरु को केवल एक शरीर या व्यक्तित्व समझने की भूल मत कीजिए। गुरु को रूप से परे देखिए। निस्संदेह, गुरु सुख और सांत्वना देते हैं, लेकिन गुरु सभी प्रकार की बुद्धि, मन और विचारों के साक्षी भी हैं। अच्छा, बुरा, सही गलत में से वे किसी में भी शामिल नहीं हैं। सुखद अनुभवों ने आपको विकसित किया है, और इसी तरह अप्रिय अनुभवों ने भी। जीवन के सुखद अनुभवों ने आपको ऊंचाई दी और दुखद अनुभवों ने आपको गहराई और बुद्धिमत्ता दी। गुरु तत्व इन सबका साक्षी है-भावनाओं के परे होते हुए भी सभी गुणों को समेटे हुए। जीवन में कोई पलायन नहीं है। ऐसा मत सोचिए कि ज्ञान जीवन से पलायन है। ज्ञान का अर्थ है जीवन में बने रहना, हर चीज का साक्षी होना और जीवन में बने रहना। आपको बस इतना करना है कि यह दृढ़ विश्वास रखें कि एक बार जब आप रास्ते पर चल पड़ें, तो जान लें कि आपके लिए केवल सबसे अच्छा ही होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# आपदा की रात गाय को बचाते बहे ललित का 100 किलोमीटर दूर करला गांव में मिला शव

**अनंत ज्ञान, करसोग**

- करसोग में 30 जून को बादल फटने से चपेट में आए थे तीन लोग
- एक व्यक्ति का उसी रात को मिल गया था शव
- साथ में बहे साले का नहीं कोई सुराग


ललित कुमार की फाइल फोटो।

**करसोग** में 30 जून को बादल फटने से तीन लोग चपेट में आए थे। एक व्यक्ति का शव उसी रात मिल गया था, जबकि कुटी निवासी ललित कुमार का शव आठ दिन बाद ततापानी के समीप करला गांव से बहने वाली सतलुज नदी से बरामद हुआ। ललित कुमार अपने साले के साथ गौशाला में गाय बचाने गए थे और सैलाब में बह गए थे। निहरी पुलिस ने शव बरामद कर करसोग पुलिस को सौंपा।41 वर्षीय ललित कुमार पुत्र टेक चंद करसोग के कुटी गांव के निवासी थे।

ललित कुमार खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। ललित कुमार भूमि लीज पर लेकर सब्जियां उगाते थे। वह आपदा के दिन साले के साथ गौशाला में बंधी गाय को बचाने के लिए गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ललित व उनका साला नाले में आए सैलाब में गौशाला सहित बह गए। वहीं आज सुबह स्थानीय लोगों ने सतलुज में शव को पानी में देख स्थानीय पुलिस को सूचित किया। निहरी पुलिस ने शव को सतलुज से निकालकर शिनाख्त के लिए स्वजन को बुलाया। शव की पहचान करने के बाद निहरी पुलिस ने शव को करसोग पुलिस के सुपुर्द कर दिया। नागरिक चिकित्सालय करसोग में पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए स्वजन को सौंप दिया गया है। अंतिम संस्कार में करसोग प्रशासन भी परिजनों को सांत्वना देने के लिए मौजूद रहा। बता दें कि साथ में बहे साले का कोई सुराग नहीं मिला है।

# अवैध डंपिंग, नालियां न बनाने से हो रही तबाही

## एनएच निर्माण कार्य से बनाल, बरोटी, बनेहड़ी, कुमाहरड़ा और पैहड़ में दर्जनों घरों और गांवों को नुकसान

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

- मामला दर्ज करने के विरोध में आज सरकाघाट में होगा प्रदर्शनः भूपेंद्र


बेतरतीब की गई कटिंग के कारण मकान को पैदा हुआ खतरा।

**सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग 003 निर्माण कार्य में अवैध डंपिंग, नालियां और कल्वर्ट न बनाने से बनाल, बरोटी, बनेहड़ी, कुमाहरड़ा और पैहड़ ग्राम पंचायतों में दर्जनों घरों और गांवों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है और लोग भय में जी रहे हैं।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह व किसान सभा के पदाधिकारियों ने आज इन क्षेत्रों का दौरा किया तो पता चला कि कंपनी द्वारा जो एनएच निर्माण कार्य करवाया जा रहा है उसमें नियमों को ताक पर रख किया जा रहा है और लोगों का जीवन दुभर हो गया है। बनाल ग्राम पंचायत पूरी तरह से तहस नहस हो गई है और यही स्थिति सरसकान पंचायत की है जहां ग्यारह नालों में कलवर्ट नहीं डाले गए हैं और सारा पानी घरों में घुस रहा है और जमीन बर्बाद हो गई है। दोनों ग्राम पंचायतों में दर्जनों जगह फैंकी गई मिट्टी और मलबा बह कर धर्मपुर पहुंच गया है। सरसकान पंचायत प्रधान उप प्रधान व सदस्यों से चर्चा करने पर पता चला कि एक ही बारिश से पचास लाख रुपए का नुकसान हो गया है, जबकि अभी बरसात के दो महीने और हैं।

बनेहड़ी के सोहन सिंह, रोशन लाल, गिरधारी लाल, सरस्वती नंद पराशर इत्यादि ने बताया कि नुकसान का मुख्य कारण अवैध डंपिंग है। सोहन सिंह के घर के पास दो बार डंगा लगाया गया और वह भी दोनों बार ढह गया। अब उनको रातें जाग कर काटनी पड़ रही है और ऐसा ही रोशन लाल के घर के लिए बने लिंक रोड को तोड़ने से उन्हें आने जाने में दिक्कत हो रही है। रियूर ओबीसी बस्ती और अनुसूचित जाति बस्ती की स्थिति भी ऐसी ही है जहां पर एक दर्जन परिवार रहते हैं। हालांकि इन सबके बारे प्रशासन को पिछले छह महीने से अवगत करवाया जा रहा है और 23 जून को कंपनी के खिलाफ धर्मपुर थाने में एफआईआर दर्ज करने के लिए डेढ़ दर्जन लोगों ने भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शिकायत दी है, लेकिन उस पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है, जिसके विरोध में 9 जुलाई को सरकाघाट में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा और मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी कि वे हिमाचल पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी करें।

## न्यूज ब्रीफ

### नवविवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान, जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर की त्रयांबली पंचायत के कड़कूही गांव से एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां तीन माह पूर्व ब्याही गई एक 25 वर्षीय नवविवाहिता ने ससुराल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार आंचल की शादी अप्रैल माह में अजीत नामक युवक से हुई थी, जो शादी के कुछ ही समय बाद मई में अपनी नौकरी पर दुबई चला गया था। ससुराल में आंचल अपनी सास निर्मला देवी के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले आंचल अपनी मां की तबीयत खराब होने पर चंडीगढ़ गई थी और दो दिन पहले ही वापिस ससुराल लौटी थी। लौटने के एक दिन बाद ही आंचल ने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपने ही कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेजा गया। डीएसपी देवराज ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के पीछे की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई कर रही है।

### आपदा पीड़ितों को दिया 41,000 का चेक



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पूर्व सैनिक संगठन कोर ऑफ सिग्नल्स यूनिट सरकाघाट के चेयरमैन वेटरन अमृत लाल सकलानी ने बताया कि स्याठी गांव के आपदा प्रभावित लोगों की सहायता के लिए 41,000 रुपए की राशि का चेक दिया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम इन पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। वेटरन अमृत लाल सकलानी ने सभी सामाजिक संगठनों और सक्षम व्यक्तियों से भी अपील की है कि वे इस आपदा के समय आगे आएं और आपदा से जूझ रहे लोगों की सहायता करें।

### वीर मंडल ने भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वीर मंडल ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए संस्था के प्रधान चंद्रशेखर वैद्य की अध्यक्षता में एक आपातकालीन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पारित किया गया कि बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की किटें तैयार कर वितरित की जाएं। उक्त निर्णय की कड़ी में मंगलवार को राहत सामग्री से भरे पहले वाहन को मां बगलेश्वरी मंदिर बंगला मुहल्ला से रवाना किया गया। प्रैस सचिव हेमंत कपूर ने जानकारी दी कि राहत सामग्री की इस पहली खेप में राशन एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं की 50 किटें तैयार की गई है, जिन्हें कुकलाह, बाड़ा और कटिपरी गांव में बाढ़ प्रभावित परिवारों को वितरित किया गया है और जल्द ही अगली खेप शीघ्र आवश्यक वस्तुओं सहित रवाना की जाएगी।

### बलविंद्र बने मंदिर कमेटी मच्छयाल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सद्गुरु कबीर मंदिर मच्छयाल में बीते माह 11 जून को सद्गुरु कबीर मंदिर कमेटी का गठन सतीश कुमार की अध्यक्षता में एक वर्ष के लिए किया गया है। कमेटी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। इसमें धर्म सिंह गांव अथराह को मुख्य सलाहकार, बलविंद्र कुमार को प्रधान बनया गया। प्रेम चंद व फिलु राम को उपप्रधान, हरि सिंह को महासचिव, प्रकाश चंद व जनक सिंह को उपप्रधान, राहुल कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया। प्रसार सचिव प्रताप सिंह, देवी राम, काकु राम, ज्ञान चंद, पूर्ण चंद, श्याम चंद को सदस्य चुना गया है। अन्य सदस्यों में रूप लाल, लक्ष्मण, नरेश कुमार, बीरी सिंह व विनता देवी, केसरी लाल, चिंतामणी व मिलाप चंद को चुना गया है।

### कार्तिक एसबीआई में मैनेजर पद पर चयनित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट के पूर्व छात्र कार्तिक शर्मा पुत्र राजेश कुमार शर्मा निवासी गांव गरसाहड़ डाकघर भरेड़ी का चयन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मैनेजर पद पर चंडीगढ़ (पंचकूला) ब्रांच में हुआ है। कार्तिक ने एसबीआई पीओ परीक्षा 2024-25 को प्रथम प्रयास में ही उत्तीर्ण कर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी प्लस टू (नॉन-मेडिकल) की पढ़ाई एसपीएस. इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट से की थी। इसके पश्चात उन्होंने एम.टेक की डिग्री एम.एन.आई.टी. जयपुर से प्राप्त की और गैट परीक्षा भी सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। कार्तिक की यह सफलता न केवल उनके परिश्रम का परिणाम है, बल्कि वह विद्यालय के सभी छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार राणा डायरेक्टर प्रेम चंद ठाकुर प्रधानाचाय नरेंद्र कुमार गौतम एवं सुपरिंटेंडेंट नेक राम ने कार्तिक एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छात्रों को निष्ठा व जिम्मेदारी की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में मंगलवार को अलंकरण समारोह हर्षोल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम स्कूल के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जोगिंद्रनगर थाना प्रभारी सकीनी कपूर रहे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह की शुरुआत राजसी मार्च पास्ट से हुई, जिसमें छात्रों ने अनुशासन और एकता की मिसाल पेश की। इसके बाद नवनियुक्त छात्र परिषद के सदस्यों को बैज प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। खेल शिक्षक विकास मंढोत्रा ने छात्रों को निष्ठा और जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि यह समारोह छात्रों में नेतृत्व कौशल और सेवाभाव को बढ़ावा देने का प्रतीक है। उ इस अवसर पर हेड बॉय शुभम, सह हेड बॉय युवराज बरवाल, हेड गर्ल रिद्धिमा ठाकुर और सह हेड गर्ल हितैषी सहित विभिन्न क्लबों और सदनों के छात्र प्रतिनिधियों को पद व कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई।

### नौवीं बार कांवड़ यात्रा पर निकले संजय कुमार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बालकरूपी निवासी संजय कुमार ने श्रद्धा और आस्था के साथ अपनी नौवीं कांवड़ यात्रा का शुभारंभ मंगलवार को किया। इस अवसर पर स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से भर दिया। संजय कुमार हर वर्ष सावन के पावन माह में हरिद्वार से गंगाजल लाकर भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। इस बार भी वे बड़े उत्साह और धार्मिक भावना के साथ कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। उनके इस समर्पण और अनुशासन को देखकर क्षेत्रवासियों में आस्था की भावना और प्रबल हो गई है। भजन-कीर्तन के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए और संजय कुमार की मंगल यात्रा की कामना की। ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर उन्हें विदा किया। संजय ने कहा कि यह यात्रा उनके लिए सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और भगवान शिव के प्रति भक्ति का माध्यम है।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र अहान, वाडा व कुकलाह में बांटे बर्तन-कंबल


राहत सामग्री के साथ विधायक इंद्र सिंह गांधी व जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाजपा मंडी जिला ने सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अपनी ओर से यहां प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि भाजपा तन मन धन से आपदा प्रभावित लोगों के साथ है। निहाल ने कहा जो इस आपदा की घड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सराज की जनता के साथ उनके दुख में खड़े हैं, वहीं भाजपा भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। निहाल चंद ने कहा कि आज बर्तन की जरूरत को घुमारवीं के एक साथी ने यहां पहुंचा कर पूरा किया है। बल्ह विधानसभा के भाजपा विधायक इंद्र सिंह गांधी ने सराज के आपदा प्रभावित क्षेत्र अहान, वाडा, कुकलाह में बर्तन, कंबल, राशन व अन्य राहत किटे प्रभावित परिवारों को दी। इस दौरान भाजपा मीडिया प्रभारी राकेश वालिया, देविंद्र राणा व अन्य उपस्थित रहे।

# जहां से 11 लोग लापता हुए वहां नहीं मिली फौरी राहत: जयराम

## खतरनाक रास्तों से 5 किलोमीटर पैदल चलकर प्रभावित गांव डेजी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

- आपदा राहत के कामों में बहुत तेजी लाने की जरूरत


पखरेर पंचायत के डेजी गांव में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

**मंडी।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मंगलवार को सराज विधानसभा क्षेत्र के पखरेर पंचायत के डेजी गांव पहुंचे। आपदा की शुरुआत यहीं से हुई थी। यहां से 11 लोग लापता है और अभी तक किसी को भी खोजा नहीं जा सका है।

आपदा की वजह से इस जगह की सिर्फ मुख्य सड़कें ही नहीं नष्ट हुई हैं बल्कि पैदल चलने वाले रास्ते भी पूरी तरीके से तबाह हो गए हैं। पैदल चलने के लिए भी यह रास्ते सुरक्षित नहीं है। इन्हीं खतरनाक रास्तों से लगभग पांच किलोमीटर कठिन चढ़ाई वाले रास्तों से चलकर जयराम ठाकुर पखरेर पंचायतें के डेजी गांव पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने आपदा प्रभावित लोगों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया, अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। जयराम ठाकुर ने कहा कि वहां की स्थिति बहुत भयानक है। एक ही गांव से 11 लोग लापता है उनका अभी तक कोई पता नहीं चला है। ज्यादातर मकान पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हैं। लोगों के सर ढकने की जगह भी नहीं बची है। यहां भी सिर्फ लोगों के घर ही नहीं बहें हैं बल्कि उनकी जमीन भी बह गई है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि यहां आने पर मुझे पता चला कि अभी तक यहां पर प्रशासन के आला अधिकारी भी नहीं पहुंचे हैं। लोगों को आठ दिनों बाद भी फौरी राहत नहीं मिल पाई है। यह चीजें भी बताती हैं कि यह आपदा कितनी बड़ी है। राहत एवं बचाव और पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन के कार्यों को किस लेवल पर करने की आवश्यकता है। यद्यपि रास्ते कठिन हैं लेकिन विपदा भी बहुत बड़ी है। इस समय हमें सामान्य परिस्थितियों के विपरीत काम करना है। ऐसे में जिस गांव में 11 लोग लापता हों वहां प्रशासन के आलाधिकारी और सरकार के नुमाइंदों के पहुंचने से लोगों को बल मिलता है। इसलिए इन कार्यों को जितनी जल्दी हो, किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने बगस्याड़ थुनाग और अन्य स्थानों पर प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें आपदा राहत सामग्री वितरित की।

# आपदा में राजनीति नहीं, राहत में भागीदारी करें करोड़पति जनप्रतिनिधि: जीवन ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



**पूर्व** विधानसभा प्रत्याशी जीवन ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में जोगिंद्रनगर क्षेत्र में आई मानसून आपदा पर गहरी चिंता जताते हुए जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि 'हमारे स्थानीय विधायक और सांसद करोड़पति हैं, यदि वे अपनी कमाई का कुछ हिस्सा पीड़ितों की मदद में लगाएं तो क्षतिग्रस्त क्षेत्रों की भरपाई में बड़ी सहायता मिल सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में चुने हुए जनप्रतिनिधि हाथ खड़े कर कह रहे हैं कि उनके पास कुछ नहीं है, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पिछली आपदा में अपनी निधि से आर्थिक सहायता दी थी। सांसद को भी सलाह दी कि वे जोगिंद्रनगर की समस्याओं को संसद में उठाएं, क्योंकि उन्हें सर्वाधिक समर्थन इसी क्षेत्र से मिला था।

जीवन ठाकुर ने बताया कि कोठी गांव में फसलों और खेतों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आपदा प्रदेश के इतिहास की सबसे बड़ी आपदाओं में से एक है। राहत कार्यों में देरी और राजनीति से बचते हुए सभी को एकजुट होकर मदद करनी चाहिए।

### 17 सड़कों को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्री गडकरी का सहयोग सराहनीय

**जीवन** ने जानकारी दी कि पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत जोगिंद्रनगर में 17 सड़कों को मंजूरी मिली है, जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का सहयोग सराहनीय रहा है। साथ ही 85 लिंक रोड का प्रस्ताव बजट के लिए भेजा गया है, जिससे क्षेत्र के कई गांवों को यातायात सुविधा मिल सकेगी।

# आपदा प्रभावित क्षेत्र में जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, गोहर।** आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र के आपदा ग्रस्त इलाके पखरैल व लाम्बशाफर जहां से पिछले दिनों 11 लोग जीवित ही जल सैलाब में बह गए हैं जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। क्षेत्र की सड़कें कनेक्टटिविटी तबाह हो चुकी है। आज विकट भौगोलिक परिस्थितियों को दरकिनार कर आयुष विभाग की एक टीम जिसमें जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया, आयुष चिकित्सा अधिकारी उपमंडल चैलचौक डॉ. सुखदेव आयुष फार्मेसी ऑफिसर डिम्पल शर्मा, प्रेम सिंह (एपीओ) डोले राम व सहायक कर्मचारी रेवत सिंह पैदल पहुंचे। आयुष विभाग की टीम ने आपदा प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य जांचा ओर लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई एक ग्राम पंचायत प्रधान व स्थानीय निवासी भूपल ठाकुर ने आयुष टीम का मुश्किल समय में भरपूर सहयोग किया।

# आपदा पीड़ितों की मदद के लिए विभिन्न संगठनों ने दी राहत सामग्री और नकदी


लौंगणी के स्याठी गांव के आपदा प्रभावित लोगों को मदद के लिए चेक सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

**धर्मपुर** उपमंडल की ग्राम पंचायत लौंगणी के स्याठी गांव में आपदा प्रभावितों के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। मंगलवार को नैना माता मंदिर तरैम्बलाधार में अजय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरौन अवाह देवी के विद्यालय परिवार ने 31 हजार, आरके इंटरनेशनल स्कूल नबाही के छात्रों व स्टाफ ने एक 1,65,369 का चेक योगदान के रूप में दिया। वहीं दूसरी तरफ अमृता सेवा समिति सरकाघाट द्वारा 51,000 की राशि व सामान आपदा प्रभावितों को वितरित किया, जबकि जिला पार्षद लौंगणी वार्ड जगदीश चंद बिट्टा ने 51 हजार रुपए की सहयोग राशि आपदा पीड़ितों को भेंट की। इसी दौरान आपदा प्रभावित परिवार कमेटी की प्रधान अती देवी ने लोगों से आग्रह किया है कि राशन बहुत हो चुका है इसलिए नकदी ही दें।

# मूक-बधिर कोमल डोगरा मिस्टर एंड मिसेज वर्सेटाइल में बनीं शो ओपनर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**सुंदरनगर** की निवासी कोमल डोगरा, जो सुन और बोल नहीं सकती हैं, ने हाल ही में पालमपुर में आयोजित 'मिस्टर एंड मिसेज वर्सेटाइल' प्रतियोगिता में शो ओपनर बनकर अपने शहर का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता सोनाली शर्मा और उनकी टीम द्वारा आयोजित की गई थी। इस गरिमामय आयोजन में नाटी किंग कुलदीप शर्मा, प्रसिद्ध गायक करनैल राणा और लेबर ऑफिसर नितेश सूद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया, जहां कोमल डोगरा ने अपनी अनूठी प्रतिभा से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोमल डोगरा को बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता चंकी पांडे ने क्राउन और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि का श्रेय कोमल ने आयोजक सोनाली शर्मा और अपने परिवार को दिया। कोमल की मां, अंजना डोगरा, जो एक गृहिणी हैं और पिता ओम प्रकाश डोगरा ने सोनाली शर्मा और उनकी टीम के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस मंच ने उनकी बेटी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। कोमल डोगरा की यह उपलब्धि उन सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है जो चुनौतियों के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखते हैं।

# खड़े टिप्पर से बैटरी टायर व अन्य सामग्री चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी कुल्लू मार्ग पर स्थित बिंदरावणी में बीती रात चोर एक खड़े टिप्पर की बैटरी, टायर, सरिया कटिंग मशीन व अन्य सामग्री उड़ा ले गए। टिप्पर के मालिक जितेंद्र कुमार ज्योति ने बताया कि इन दिनों यहां पर फोरलेन का काम चला हुआ है। इसी के चलते हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के भवन को तोड़ा जा रहा है। उनकी टीम भवन को तोड़ने का काम कर रही है। इसी के चलते रोजाना की तरह बीते दिन भी उन्होंने टिप्पर व दूसरी मशीनरी वहीं पर खड़ी की थी। सुबह उठकर देखा तो इसकी बैटरी, टायर व सरिया काटने वाली मशीन गायब थी। जितेंद्र कुमार ने पुलिस में इसकी सूचना दे दी है तथा चोरों का पता लगाने का आग्रह किया है।

# जोगिंद्रनगर पुलिस ने परिजनों से मिलाया भटका युवक

## नेरचौक अस्पताल में उपचार के बाद यूपी के रतनपुरा गांव से हुई पहचान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**


युवक को परिजनों को सौंपने के उपरांत पुलिस टीम।

**जोगिंद्रनगर** पुलिस ने एक बार फिर मानवीयता का परिचय देते हुए एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को उसके परिवार से मिलवाने में अहम भूमिका निभाई। युवक करीब एक माह पूर्व जोगिंद्रनगर क्षेत्र में भटकता हुआ पाया गया था। 7 मई को पुलिस चौकी बस्सी को सूचना मिली कि गांव बनबार डाकघर कुराटी में एक अज्ञात व्यक्ति भटक रहा है जो अपना नाम और पता बताने में असमर्थ है।

सूचना मिलते ही मुख्य आरक्षी दीप कुमार, आरक्षी संतोष और विक्रम मौके पर पहुंचे और युवक को मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के तहत सुरक्षा में लेते हुए माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी), जोगिंद्रनगर के आदेश अनुसार नेरचौक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। करीब एक महीने तक चले इलाज और देखरेख के बाद युवक की मानसिक स्थिति में सुधार हुआ। उसने अपना नाम आसिफ पुत्र मशिता गांव रतनपुरा जिला रामपुर उत्तर प्रदेश बताया। इसके बाद जोगिंद्रनगर पुलिस ने थाना अजीबनगर उत्तर प्रदेश से संपर्क कर उसकी पहचान की पुष्टि करवाई। गांव रतनपुरा के प्रधान ने भी युवक की पहचान की पुष्टि की और उसके परिजनों से संपर्क किया गया। सोमवार को आसिफ के पिता और भाई ने नेरचौक अस्पताल पहुंचकर उसे पहचानते हुए अपने साथ घर ले गए। परिजनों ने जोगिंद्रनगर पुलिस और नेरचौक अस्पताल के स्टाफ का हृदय से आभार प्रकट किया।

इस पूरे मानवीय प्रयास में मुख्य आरक्षी दीप कुमार, आरक्षी संतोष व विक्रम पुलिस चौकी बस्सी, हेड हवलदार राम लाल पुलिस लाइन मंडी, मंडी पुलिस प्रोडक्शन गार्ड, नेरचौक अस्पताल स्टाफ, थाना अजीबनगर उत्तर प्रदेश और ग्राम प्रधान रतनपुरा का विशेष सहयोग रहा।

# ऐहजु बाजार में बंद पड़ी नालियों की सफाई का कार्य एक बार फिर शुरू

**अभिषेक, अनंत ज्ञान**


नालियों की सफाई करते हुए।

**जोगिंद्रनगर।** मंडी-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर स्थित ऐहजु बाजार में बंद पड़ी नालियों की सफाई का कार्य एक बार फिर शुरू कर दिया गया है। भारी बारिश से पहले नालियों की सफाई हर वर्ष की जाती है, लेकिन इसके बावजूद नालियों के जाम होने की समस्या लगातार बनी हुई है। स्थानीय दुकानदारों और निवासियों का कहना है कि यह सफाई सिर्फ औपचारिकता भर होती है। जैसे ही बरसात शुरू होती है, सड़कों पर पानी बहने लगता है और बाजार की गलियां जलभराव से परेशान हो जाती हैं। सवाल यह उठता है कि जब हर साल सफाई की जाती है तो फिर नालियां बार-बार क्यों जाम होती हैं? स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सफाई के काम में पारदर्शिता लाई जाए और इसकी नियमित निगरानी की जाए ताकि स्थायी समाधान हो सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि इस बार की गई सफाई सिर्फ कागज़ी कार्रवाई बनकर रह जाती है या वास्तव में समस्या का हल निकलेगा।

**आपदा** राज्य खाद्य आपूर्ति निगम ने थुनाग में 900 लोगों को उपलब्ध करवाया फ्री राशन

# थुनाग से जरोल तक सड़क मार्ग बहाल: उपायुक्त

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**


आपदा प्रभावित क्षेत्र में सड़क को जेसीबी मशीन से दुरुस्त करते हुए।

**गोहर।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने आज थुनाग में राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशों पर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में सड़क ंम्पर्क बहाल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को थुनाग से जरोल तक सड़क मार्ग अस्थायी तौर पर बहाल कर दिया गया है। पांडव शिला के पास सड़क मार्ग को बहाल करने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उन्होंने बताया कि मंगलवार देर सायं तक जंजैहली तक सड़क मार्ग बहाल करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में इंसीडेंट कमांडर संयुक्त निदेशक पंचायतीराज सुरेंद्र मोहन ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा आपदा प्रभावित थुनाग क्षेत्र में हि.प्र. राज्य खाद्य आपूर्ति निगम के माध्यम से भी राशन का आवंटन किया जा रहा है। अभी तक निगम की ओर से थुनाग में लगभग 900 जरूरतमंद लोगों को राशन व अन्य खाद्य सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध करवाई गई है। निगम द्वारा तैयार की गई 15 किलोग्राम की राशन किट में आटा, चावल, दो दालें, चीनी, खाद्य तेल, नमक तथा मसाले इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य आपूर्ति विभाग को पीडीएस की दुकानों को पुन: संचालित करने की संभावनाएं तलाशने को कहा गया है, ताकि लोगों को राशन घर के नजदीक ही उपलब्ध हो सके। उचित मूल्य की दुकानों लंबाथाच एवं थुनाग तक खाद्य सामग्री की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि घर-घर जाकर राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य भी जारी है। आईटीबीपी के 13 जवानों की एक टीम ने मंगलवार सुबह ग्राम पंचायत रोड के झुगान्ध गांव को राशन किट, मेडिकल किट, हाईजीन किट व अन्य सामग्री पहुंचाई, जबकि 13 लोगों की दूसरी टीम ढनियार गांव तक पहुंची। इसके अलावा सेना के 20 जवानों की एक टीम ग्राम पंचायत धार जरोल के रूशाड़ गांव राशन, हाईजीन व मेडिकल किट तथा अन्य जरूरी वस्तुएं लेकर पहुंची।

## न्यूज ब्रीफ

### अलख आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज से

**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** पोलियां से स्टे अलख आश्रम माहलपुर में पावन गुरु पूर्णिमा महोत्सव उत्सव मनाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक गुरु पूजा व्यास पूर्णिमा महोत्सव 9 जुलाई से 10 जुलाई तक मनाया जा रहा है। 9 जुलाई बुधवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी व शाम को भजन कीर्तन व सत्संग किया जाएगा व अगले दिन वीरवार को सुबह परम् संत सतगुरु देव स्वामी विशेषानंद महाराज द्वारा सत्संग किया जाएगा।

### पायल महंत ने बाढ़ प्रभावितों के लिए दी राहत राशि



**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की स्व. चांदनी महंत की शिष्य पायल महंत ने मंडी बाढ़ प्रभावितों के लिए मदद के हाथ बढ़ाए हैं। मंगलवार को उन्होंने 21000 रुपए की नकद राशि एसडीएम अंब सचिन शर्मा को सौंपी। उन्होंने प्रदेश की जनता से इस आपदा की घड़ी में प्रभावितों की मदद के लिए हाथ बढ़ाने की अपील भी की।

### असहाय परिवारों को निशुल्क तीर्थ यात्राएं कराएगा मिशन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्री सनातन धर्म प्रचार हेतु हिमाचल प्रांतीय हरे कृष्ण मिशन श्रावण मास के उपलक्ष्य में असहाय परिवारों को निशुल्क तीर्थ यात्राएं करवाएगा। इन तीर्थ यात्राओं में से पहली यात्रा 11 से 13 जुलाई तक श्री वृंदावन धाम के पावन तीर्थ स्थल नंदगांव, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, ब्रह्मधार रावल, रमण रेती, कृष्ण जन्म भूमि, द्वारिकाधीश, बाके बिहारी, बलराम-कृष्ण प्रेम मंदिर, भूमेश्वर महोदेव, रंगजी, गोपेश्वर, निधीवन, शाहजी मंदिर, ऐतिहासिक सप्त देवालय सहित मीरावाई मंदिर दर्शन करवाए जाएंगे। बुकिंग 10 जुलाई तक करवाई जाएगी। यात्रा वातानुकूल छोटी गाड़ियों द्वारा करवाई जाएगी। दूसरी तीर्थ यात्रा 26 से 31 जुलाई तक सलासार वाला जी, श्री नाथ द्वारा पुष्कर, श्री मदन मोहन कारौली राधा गोबिंद, राधा गोभी नाथ जयपुर एवं मथुरा वृंदावन के रमणीक स्थल दर्शन करवाएं जाएंगे। इसके अलावा 24 से 31 अगस्त तक विदेश नेपाल (काठमांडू) पशुपतिनाथ, जनकपुर, अयोध्या, नैमीषख्य के दर्शन करवाए जाएंगे। 8 से 20 सितंबर की तीर्थ यात्रा में द्वारिकापुरी धाम, सात ज्योतिर्लिंग, विश्वप्रसिद्ध शनि शिग्नापुर, शिर्डी सहित कई धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। इसकी बुकिंग 20 जुलाई तक होगी। श्रद्धालु अधिक जानकारी के शाखा कार्यालय शास्त्री भवन कोटला कलां ऊना में 7833990972 पर संपर्कर सकते हैं।

### चिंतपूर्णी कॉलेज में नए छात्रों का किया स्वागत



**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया,जिसमें नवागंतुक विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिसर में स्वागत किया गया और उन्हें महाविद्यालय में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को नए वातावरण में सहज बनाना और कॉलेज के बारे में परिचित कराना है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने छात्रों को महाविद्यालय के लक्ष्य और उद्देश्यों के बारे में बताते हुए अनुशासन में रहने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में डॉक्टर रेखा गुप्ता द्वारा प्राचार्य, समस्त स्टाफ तथा छात्रों का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर ज्योति शर्मा, डॉक्टर रिचा शर्मा, गोविंद शर्मा, राकेश शर्मा, स्वाति शर्मा आदि मौजूद थे।

### रतन इमिग्रेशन में पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रतन इमिग्रेशन मैहतपुर द्वारा वीजा काउंसलर, ऑफिस एग्जीक्यूटिव, एचआर मैनेजर और रिसेप्शनिस्ट के 12 पद भरे जाएंगे। इनमें वीजा काउंसलर के 4 पद, ऑफिस एग्जिक्यूटिव के 6 पद, एचआर मैनेजर और रिसेप्शनिस्ट का 1-1 पद शामिल है। जिला रोजगार अधिकार ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के साक्षात्कार 10 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित होगा। अक्षय शर्मा ने बताया कि वीजा काउंसलर पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक (संबंधित क्षेत्र में अनुभव), आयु 22 से 42 वर्ष और वेतन 12 से 17 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया है। ऑफिस एग्जिक्यूटिव पद के लिए स्नातक (अंग्रेजी भाषा में निपुण), 2 से 3 साल का अनुभव, 21 से 40 वर्ष आयु होनी चाहिए। एचआर मैनेजर पद के लिए एचआर में एमबीए, 2 से 3 साल का अनुभव, आयु 26 से 40 वर्ष और वेतन 16 से 21 हजार रुपए तथा रिसेप्शनिस्ट पद के लिए स्नातक (अंग्रेजी भाषा में निपुण), 21 से 40 वर्ष आयु सहित वेतन 8 से 12 हजार रुपए दिया जाएगा।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण पर कार्यशाला आयोजित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आगामी विशेष संक्षिप्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की पूर्व तैयारियों के अंतर्गत उपमंडल बंगाणा में एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यकारी उपमंडल अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अमित शर्मा ने की। कार्यशाला में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर अमित शर्मा ने बीएलओ को पुनरीक्षण से जुड़ी समस्त प्रक्रियाओं के संबंध में तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

### चौकीमन्यार से बाढ़ प्रभावितों को भेजी राहत सामग्री



**हीनी पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, चौकीमन्यार खंड द्वारा सेवा भारती के माध्यम से मंडी जिला के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री भेजी गई। संघ के स्वयंसेवकों ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से खाद्य सामग्री, कपड़े, कंबल, दवाइयां व अन्य जरूरी वस्तुएं एकत्र कर पैकिंग की और सेवा भारती के माध्यम से मंडी भेजी गई। चौकीमन्यार खंड के कार्यकर्ताओं ने बताया कि 'संघ सदैव सेवा कार्यों में आगे रहता है। संकट की इस घड़ी में हम अपने भाई-बहनों के साथ खड़े हैं।' उन्होंने समाज से भी अपील की कि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य में सहयोग करें।

### तनोह स्कूल के छात्रों ने निकाली नशा विरोधी रैली

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** राजकीय उच्च विद्यालय तनोह के विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ क्षेत्र में प्रभावशाली रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों से अवगत करवाना और युवा पीढ़ी को इस बुराई से दूर रहने का आह्वान किया। स्कूल के मुख्य अध्यापक तिलकराज धीमान ने कहा कि 'नशा एक धीमा जहर है, जो हमारी आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। कई युवा नशे की चपेट में आकर अपनी पढ़ाई और जीवन को बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में समाज के प्रत्येक अभिभावक का दायित्व बनता है कि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखें और विचारों का अदान प्रदान करना चाहिए।' इस जागरूकता रैली में शिक्षकगण ज्ञानचंद, पंकज कुमार, रेनू शर्मा, जोगिंदर कुमार, रोशनी देवी, रचना देवी एवं स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। स्थानीय लोगों ने भी रैली के दौरान विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की।




रैली के माध्यम से समाज को नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताते तनोह स्कूल के बच्चे।

# मेडिकल फिटनेस टेस्ट का नहीं लगेगा शुल्क

## धार्मिक यात्राओं पर जाने वालों को सिविल अस्पताल गगरेट देगा फ्री सुविधा

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**



रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने गगरेट सिविल अस्पताल का वर्ष 2025-26 का 24.52 लाख का वार्षिक बजट पारित किया।

**गगरेट।** बाबा अमरनाथ सहित विभिन्न धार्मिक यात्राओं को जाने के लिए अब सिविल अस्पताल गगरेट में चिकित्सा प्रमाण पत्र निशुल्क मिलेंगे। यही नहीं बल्कि जन्म प्रमाण-पत्र हासिल करने के लिए भी यहां कोई शुल्क नहीं लगेगा। विधायक राकेश कालिया के हस्तक्षेप के बाद मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की अस्पताल परिसर में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है। समिति के चेयरमैन एसडीएम सौमिल गौतम की अध्यक्षता में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक में अस्पताल का वर्ष 2025-26 का 24 लाख 52 हजार रुपए का वार्षिक बजट पारित कर दिया गया। अस्पताल में जन औषधि केंद्र की स्थापना पर भी बल दिया गया।

खास बात यह है कि इस बार भी अस्पताल में सुविधाएं हासिल करने के लिए मरीजों को राहत दी गई है। अस्पताल में विभिन्न सेवाओं के लिए यूजर्स चार्ज नहीं बढ़ाए गए हैं। हालांकि ईसीजी के लिए अब 80 रुपए का शुल्क देना होगा जबकि सरकार की तरफ से होने वाले तमाम 133 टेस्ट पहले की तरह ही निशुल्क होंगे। दंत चिकित्सा का लाभ लेने वाले मरीजों को भी पहले की तर्ज पर ही यूजर्स चार्ज देने होंगे।

इसके अतिरिक्त कंडक्टर लाइसेंस बनवाने के लिए फर्स्ट एड प्रमाण-पत्र हासिल करने के लिए तीन सौ रुपए का शुल्क अदा करना होगा जबकि मिड-डे मील वर्कर्स, विद्यार्थियों को मेडिकल टेस्ट फीस से बाहर रखा गया है। मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट पाने के लिए भी कोई शुल्क नहीं देना होगा। ड्राइवर लाइसेंस के लिए भी 200 रुपए का शुल्क चुकाना होगा। नौकरी ज्वाइन करने से पहले करवाए जाने वाले मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट के लिए भी 200 रुपए का शुल्क देना होगा।

फूड लाइसेंस बनवाने के लिए भी मेडिकल टेस्ट के लिए 200 रुपए का शुल्क होगा। सबसे बड़ी राहत धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को मिली है। अब धार्मिक यात्रा पर जाने से पहले कई स्थानों पर जरूरी किए गए मेडिकल फिटनेस सर्टीफिकेट का कोई भी शुल्क सिविल अस्पताल गगरेट में नहीं लिया जाएगा। मरीजों को साफ व स्वच्छ रोगी बेड उपलब्ध करवाने के लिए रोगी कल्याण समिति से चादर, गद्दा व पिल्लो खरीदने के लिए पचास हजार रुपए का बजट रखा गया है।

ओपीडी व रोगी वार्ड में मौसम के लिहाज से सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए भी दो लाख रुपए का बजट रखा गया है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज पराशर, सदस्य सचिव डॉ. शिवा लखनपाल, व्यापार मंडल के प्रधान शुभम पुरी, गुरमेल सिंह, नगर पंचायत के अध्यक्ष अनिल कुमार नीलू सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।

### क्रस्ना लैब के रिजल्ट पर उठाई अंगुली

**सिविल** अस्पताल गगरेट में क्रस्ना लैब द्वारा किए जा रहे टेस्ट की रिपोर्ट पर फिर से शंका जताई गई है। समिति के सदस्य गुरमेल सिंह ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं अपना एक टेस्ट क्रस्ना लैब से करवाया और जब वही टेस्ट बाहर निजी लैब में करवाया तो दोनों के रिजल्ट भिन्न थे। उन्होंने कहा कि उनका मामला पहला मामला नहीं है, बल्कि ऐसे कई मामले हैं जिनमें रिपोर्ट्स भिन्न आ रही हैं। इसकी जरूर जांच होनी चाहिए।

# सोमेश्वर शक्ति पीठ तक रास्ता बनाने को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान, ऊना**



उपायुक्त को प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपते हुआ।

ऊना जिले की तहसील बंगाणा के हरी नगर मुख्य सड़क से कच्चा लिंक रोड उठाऊ पेयजल योजना (जल शक्ति विभाग) के तहत बने हजारों लीटर के टैंक तक व साथ लगते सोमेश्वर शक्ति पीठ मंदिर रसोल तक के रास्ते को पक्का करने की समस्या को लेकर प्रतिनिधिमंडल को साथ लेकर ऊना जिले के उपायुक्त जतिन लाल से मिला गया। राज महे (राज्य महासचिव) राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान ने उपायुक्त के समक्ष प्रतिनिधिमंडल के साथ एक सामाजिक समस्या रखी।

तहसील बंगाणा के रसोल गांव में सोमेश्वर शक्ति पीठ मंदिर है, जो कई सालों से बना हुआ है और मान्यता है कि श्री भागवत गीता का छठा अध्याय इसी जगह पर लिखा गया है। इस मंदिर में मौजूदा संत पुजारी विशन देव (टाट वाले बाबा जी) रहते हैं जो करीब 85 वर्ष के हैं। इस मंदिर की मान्यता को लेकर हर आए दिन साद संगत का मंदिर में आना जाना लगा रहता है, जिसके लिए संगत को हरी नगर मुख्य सड़क से कच्चे रास्ते से पैदल करीब 3 किलोमीटर चलना पड़ता है। कच्चा रास्ता इतना खराब है कि दोपहिया वाहन भी वहां पर नहीं जा सकता, जिससे उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

इसी मंदिर के साथ ही उठाऊ पेयजल योजना के तहत एक विशाल टैंक बना हुआ है, जिससे हजारों लीटर पानी तहसील बंगाणा के कई गांवों को मिल रहा है, पर इस टैंक के लिए कोई भी रास्ता न होने कारण टैंक की हालत जर्जर होती जा रही है। इतना ही नहीं इस टैंक के साथ बने करीब 45 हजार क्षमता के टैंक की छत गिर गई है और रास्ता न होने कारण उस टैंक की रिपेयर का काम भी रुक गया है। राज महे ने प्रतिनिधिमंडल के साथ जिला उपायुक्त को इस रास्ते का मौका एक बार खुद जाके देखने की अपील की और इस कच्चे रास्ते का जल्द निर्माण करवाने की गुहार भी लगाई।

## विधायक विवेक की लंगर में सेवा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने अपनी पत्नी मृदु शर्मा एवं परिवार संग प्रसिद्ध धार्मिक स्थल अखंड धूना डेरा बाबा रुद्रानंद धाम, नारी में पहुंचकर माथा टेका और विधिवत रूप से शीश की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने गद्दी नशीन श्री श्री 1008 स्वामी हेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और गुरु परंपरा के महत्व को नमन किया।

इस मौके पर विधायक विवेक शर्मा ने डेरा में आयोजित लंगर सेवा में भी हिस्सा लिया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। विवेक शर्मा ने कहा कि डेरा बाबा रूद्रानंद धाम उत्तरी भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां लाखों श्रद्धालु हर वर्ष दर्शन करने आते हैं। यह धाम न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह सामाजिक एकता, सेवा और आध्यात्मिक उन्नति का प्रतीक भी बन चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ऐसे पावन स्थलों का होना सौभाग्य की बात है और हमें इनकी महत्ता को समझते हुए अपनी भावी पीढ़ी को भी धर्म, संस्कृति और सेवा से जोड़ना चाहिए।

## राहत : जलशक्ति विभाग मंडल थानाकलां को मिला अपना भवन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



उद्घाटन के दौरान विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों और मुख्यमंत्री सुक्खू के विशेष आशीर्वाद से कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में जलशक्ति विभाग मंडल थानाकलां को 2.12 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित नया भवन प्राप्त हुआ है। यह भवन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है और क्षेत्र के जल संबंधी कार्यों को और अधिक सुचारु रूप से संचालित करने में सहायक सिद्ध होगा।

इस भवन का उद्घाटन स्वयं मुख्यमंत्री सुक्खू ने 7 जून को कुटलैहड़ प्रवास के दौरान किया था। मंगलवार को स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भवन में गृह प्रवेश करवाया। इस अवसर पर जलशक्ति विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ क्षेत्रीय जनता की उपस्थिति भी रही। गृह प्रवेश के बाद आयोजित एक संक्षिप्त समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह भवन न केवल विभागीय कार्यप्रणाली को मजबूत करेगा, बल्कि क्षेत्र की विकास यात्रा में भी मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर कार्यवाहक एसडीएम बंगाणा अमित कुमार, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, कृषि विभाग के अधिकारी सतपाल धीमान, जल शक्ति के एक्सईएन राकेश ठाकुर, एसडीओ विद्युत विभाग, जल शक्ति विभाग कुटलैहड़, कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, देसराज गौतम, अरुण कुमार देसराज मोदगिल आदि सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

## ऊना वन मंडल में रोपे जाएंगे 2.80 लाख पौधे

- इस मानसून सीजन में 61 हेक्टेयर भूमि पर होगा पौधरोपण
- 13 प्रजातियों के लगाए जाएंगे पौधे : डीएफओ सुशील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

वन मंडल ऊना में इस वर्ष मानसून सीजन के दौरान 2 लाख 80 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इन पौधों में जामुन, शीशम, खैर, आंवला और दरेक सहित कुल 13 प्रजातियां शामिल हैं। डीएफओ सुशील कुमार ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के चलते मिट्टी में पर्याप्त नमी है, जो पौधरोपण के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण प्रदान कर रही है। सुशील कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत कुल 61 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है, जिसमें जुलाई और अगस्त महीने में 54 हेक्टेयर पर बड़े और 7 हेक्टेयर पर छोटे पौधे लगाए जाएंगे।

डीएफओ ने बताया कि राजीव गांधी संवर्धन योजना के अंतर्गत जिले के महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की मदद से यह पौधरोपण किया जाएगा। इसके लिए 17 स्वयं सहायता समूहों का चयन किया गया है, जिनके माध्यम से 28 हजार 800 पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पौधरोपण के बाद पौधों की देखरेख का कार्य भी महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से किया जाएगा और फेंसिंग का कार्य विभाग द्वारा होगा।

इसके अलावा पिछले सीजन में किए गए पौधरोपण की मेंटेनेंस कार्य भी सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें जिन पौधों का विकास नहीं हुआ है या क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनकी जगह नए पौधे रोपित किए जाएंगे। इस कार्य के लिए कुल 83 पौधे रोपित किए जाएंगे।

**एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत रोपित होंगे 5500 पौधे :** डीएफओ ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्कूलों में 50 हजार पौधे और स्वास्थ्य संस्थानों में 5 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। डीएफओ ने बताया कि पर्यावरण को धार्मिक दृष्टि से देखते हुए पीपल, बिल, बरगद और शामिंग के 5 हजार पौधे भी रोपे जाएंगे। उन्होंने जिलावासियों से अपील की है कि इस पौधरोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि धरती को हरा-भरा बनाया जा सके ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जलवायु और पर्यावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को पौधरोपण के लिए पौधे प्राप्त करना चाहता है तो वह वन विभाग या विभागीय नर्सरी से संपर्क कर सकता है।

### किसानों की निजी भूमि पर खैर के पौधे होंगे रोपित

डीएफओ ने बताया कि किसानों को अपनी निजी भूमि पर पौधे रोपित करने के लिए 88 हजार खैर के पौधों का निशुल्क वितरण भी किया जाएगा ताकि आने वाले समय में उनकी आजीविका में भी सुधार हो सके और पर्यावरण को भी स्वच्छ रखने में मदद मिल सके।

## मंडी के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं व सेवा संगठन ने भेजी राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

मंडी जिले के सिराज क्षेत्र में इस आपदा से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। सरकार और प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न संगठन भी राहत कार्यों में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में वॉलीबाल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने ऊना से सिराज क्षेत्र के लिए राहत सामग्री से भरा एक वाहन रवाना किया।

यह राहत सामग्री जिला भाजपा कार्यकर्ताओं एवं कुटलैहड़ सेवा संगठन के सहयोग से एकत्रित की गई है। इस अवसर पर कंवर ने कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा प्रदेश एकजुट है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। यदि आवश्यकता पड़ी तो आगे भी राहत सामग्री भेजी जाएगी। उन्होंने इस कार्य में सहयोग देने वाले सभी संगठनों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

इस मौके पर कुटलैहड़ सेवा संगठन के अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, मास्टर रमेश शर्मा, मदन राणा, राजेंद्र रिंकू, सुनील शारदा, देवराज शर्मा के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद थे।




वीरेंद्र कंवर समर्थकों सहित मंडी जिले को आपदा राहत सामग्री भेजते हुए।

## कुटलैहड़ से राहत का तीसरा ट्रक प्रभावितों के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



देवेंद्र कुमार भुट्टो राहत राशन के ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

प्रदेश के मंडी जिले के सराज थुनाग एवं अन्य जगहों में हाल ही में आई भीषण बाढ़ और भूस्खलन के चलते प्रभावित परिवारों की मदद के लिए कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से राहत सामग्री का तीसरा ट्रक मंगलवार को रवाना किया गया। यह राहत सामग्री कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के नेतृत्व में भेजी गई, जिसमें खाद्य सामग्री, वस्त्र और आवश्यक घरेलू सामान शामिल है। भाजपा नेता भुट्टो ने बताया कि इस तीसरे राहत ट्रक में कुल 140 राशन किट, 80 कंबल, 40 जोड़े जूते (पुरुषों एवं महिलाओं के लिए), 20 बर्तन किट, 20 छाते और 5 लीटर क्षमता वाले कुकर सहित आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।

बर्तन किट में रसोई के सभी आवश्यक सामान जैसे थाली, गिलास, कटोरी, चम्मच आदि रखे गए थे ताकि प्रभावित परिवारों को भोजन पकाने और खाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। भुट्टो ने कुटलैहड़ की समस्त जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे क्षेत्र के लोगों ने आपदा की इस घड़ी में जिस प्रकार से एकजुट होकर मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाए हैं, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, संतोष सैनी, मधु बाल, सुभाष शास्त्री, कुलदीप शर्मा, ज्योति शर्मा, सुदर्शन शर्मा, विजय धीमान, सतीश धीमान, सूरम सिंह, राजेश कुमार, निर्मल सिंह के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कुटलैहड़ के लोगों में जागरूकता और सेवा भावना :** कुटलैहड़ क्षेत्र में आम नागरिकों में भी इस आपदा को लेकर गहरी संवेदना देखी जा रही है। अनेक स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने भी अपनी जमा पूंजी से राहत सामग्री जुटाकर भेजी है। इस राहत प्रयास में महिलाओं की भी विशेष भागीदारी रही, जिन्होंने राशन की पैकिंग से लेकर वितरण तक में सक्रिय भूमिका निभाई।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में और भी राहत सामग्री मंडी जिले के लिए तैयार की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो भी सक्षम है, वह इस प्रयास में सहभागी बने। राशन, कपड़े, दवाइयां, तिरपाल और अन्य जरूरी सामग्री की अभी भी भारी आवश्यकता है।

## जेएनवी पेखुबेला में छठी में प्रवेश के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) पेखुबेला में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जेएनवी के प्रधानाचार्य राज सिंह ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट **https://navodaya.gov.in** या **https://cbseitms.rcil.gov.in//nvs** पर आवेदन कर सकते हैं।

राज सिंह ने बताया कि अभ्यर्थी का जन्म 1 मई, 2014 से पहले और 31 जुलाई, 2016 के बाद नहीं होना चाहिए। अभ्यर्थी वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त सरकारी या गैर सरकारी स्कूल में कक्षा पांचवी में नियमित विद्यार्थी के रूप में शिक्षा ग्रहण कर रहा हो। इसके साथ ही ऊना जिले का वास्तविक निवासी होना चाहिए।

**विकास** कुटलैहड़ का समूर डैम किसानों के लिए सिंचाई की एक बड़ी उम्मीद बनकर ही नहीं उभरा, बल्कि क्षेत्र नया 'सेल्फी प्वाइंट' भी बना

# कंवर के ड्रीम प्रोजेक्ट से किसानों के खेतों की सिंचाई का सपना होगा साकार

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित समूर डैम न सिर्फ किसानों के लिए सिंचाई की एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरा है, बल्कि यह अब क्षेत्र का नया 'सेल्फी प्वाइंट' भी बन गया है, मगर इसके पीछे की कहानी सिर्फ खूबसूरत तस्वीरों की नहीं, बल्कि वर्षों से अधूरे पड़े एक सपने की भी है।

एक ऐसा सपना जिसमें क्षेत्र के किसानों की पांच हजार कनाल भूमि को सिंचित करने की आकांक्षा छुपी हुई है। इस गाथा को लिखने वाले कोई और नहीं बल्कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र से चार बार जीते और एक बार सीपीएस और एक बार पांच विभागों के कैबिनेट मंत्री रहे वीरेंद्र कंवर हैं। कंवर ने 18 वर्ष पूर्व कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता को पीने के पानी के साथ-साथ खेतों की सिंचाई के लिए एक सपना दिखाया था। आज वह सपना किसानों का पूरा भी हो रहा है, लेकिन अभी भी अधूरे डैम से पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर हताश और निराश दिखाई दे रहे हैं।



समूर डैम को पूरा होने के लिए अब मात्र अढ़ाई करोड़ की जरूरत है।

**समूर डैम का 2007 से शुरू हुआ सपना :** राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष और प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बताया कि समूर डैम परियोजना की नींव 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल की सरकार के कार्यकाल में रखी गई थी। उस समय नाबार्ड (राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक) से 20 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाई गई थी। इस डैम से साथ लगते गांवों की पांच हजार कनाल भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिक उद्देश्य था। कंवर ने कहा कि हमने पांच वर्ष में युद्ध स्तर पर कार्य प्रारंभ किया और डैम निर्माण की दिशा में काफी प्रगति भी हुई, लेकिन 2012 में कांग्रेस सरकार के सत्ता में आते ही इस परियोजना पर काम ठप हो गया। हालांकि वीरेंद्र कंवर उस समय विपक्ष में विधायक थे और समूर डैम के निर्माण के लिए कई बार वीरभद्र सिंह सरकार के खिलाफ धरने-प्रदर्शन भी किए, लेकिन पांच वर्ष समूर डैम का कार्य अधर में लटका रहा।

**2017 में भाजपा सरकार के बनने से फिर जगी उम्मीद :** वर्ष 2017 में जब प्रदेश में भाजपा सरकार सत्ता में लौटी, तब वीरेंद्र कंवर ने बतौर ग्रामीण विकास मंत्री इस परियोजना को फिर से गति दी। उन्होंने समूर डैम के लिए अतिरिक्त 10 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत करवाई और कार्य को फिर से प्रारंभ किया।

डैम में बड़े-बड़े ट्रांसफॉर्मर लगाए गए और पानी को उठाकर विशाल टैंकों में भरने की व्यवस्था की गई, लेकिन जैसे ही कार्य तेजी से आगे बढ़ा, 2020 में वैश्विक महामारी कोविड 19 की दस्तक ने इस रफ्तार को एक बार फिर धीमा कर दिया। कंवर ने कहा कि यदि कोविड का प्रभाव न पड़ता, तो पांच वर्षों में समूर डैम का कार्य पूरा हो चुका होता, लेकिन फिर भी 90 प्रतिशत समूर डैम का कार्य पूर्ण किया गया और 2022 में राज्य में फिर कांग्रेस की सरकार बन गई।

**शिवा प्रोजेक्ट और हरित भविष्य की उम्मीद :** वीरेंद्र कंवर ने यह भी बताया कि समूर डैम के आसपास 'शिवा प्रोजेक्ट' के अंतर्गत कई पौधे रोपे गए हैं, लेकिन पानी की सीमित आपूर्ति के कारण इन पौधों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल पा रहा है, अगर डैम से पूरी क्षमता के अनुसार पानी छोड़ा जाए, तो ये पौधे भी हरे-भरे होकर पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

### डैम के कार्य को पूरा करने के लिए चाहिए अढ़ाई करोड़

**समूर** डैम के कार्य को पूरा करने के लिए अब केवल 2.5 करोड़ की दरकार : पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने मुख्यमंत्री सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से अपील करते हुए कहा कि यदि सरकार मात्र 2.5 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि इस परियोजना के लिए स्वीकृत कर दे, तो यह डैम पूरी तरह से कार्यान्वित हो सकता है। इससे किसानों की पूरी पांच हजार कनाल भूमि सिंचित होगी और क्षेत्र की कृषि व्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी। कंवर ने कहा कि आज केवल आधे खेतों तक ही पानी पहुंच पाया है, अगर सरकार सहयोग दे, तो जल्द ही पूरा क्षेत्र हरा-भरा हो सकता है।

**समूर डैम बना आकर्षण का केंद्र**

समूर डैम हालांकि सिंचाई परियोजना अभी अधूरी है, लेकिन समूर डैम का सौंदर्य स्थानीय जनता और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। अब यह डैम क्षेत्र का नया 'सेल्फी प्वाइंट'बन गया है। हरे-भरे खेत, शांत जलराशि और सुंदर प्राकृतिक दृश्य इसे एक मनोहारी पर्यटन स्थल का रूप दे रहे हैं।

**समूर डैम का कार्य पूरा होने पर किसानों के जीवन में लाएगा परिवर्तन :** कुटलैहड़ के स्थानीय किसानों की मानें तो समूर डैम उनके जीवन में परिवर्तन ला सकता है। अगर डैम पूरी तरह से चालू हो जाए, तो हमारी फसलें समय पर होंगी और पैदावार भी बढ़ेगी एक किसान ने बताया की हम सरकार से विनती करते हैं कि समूर डैम के लिए जो थोड़ी सी धनराशि बची है, उसे जल्द से जल्द जारी किया जाए। इससे हमारा जीवन स्तर सुधरेगा और हम आत्मनिर्भर बन जाएंगे और प्रदेश भी तरक्की करेगा।

# 18,000 फुट पर संकट में फंसी जिंदगियां
## एचआरटीसी के चालक-परिचालक बने देवदूत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

18,000 फुट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालक व परिचालक ने दुर्घटनाग्रस्त एक वाहन के घायलों की मदद कर साहस और सेवा का परिचय दिया है।



7 जुलाई सुबह 8 बजे के समय एचआरटीसी के चालक कमलेश कुमार और परिचालक पंकज रावत, जब लेह से दिल्ली की ओर हिमधारा बस लेकर जा रहे थे, तभी तंगलंगला टॉप (ऊंचाई 18,000 फुट से ऊपर) पर उन्होंने देखा कि रोड से लगभग 200 मीटर नीचे एक जीप गिरी हुई है। इसमें ड्राइवर और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल पड़े हैं। ऑक्सीजन की भारी कमी, बर्फीली हवा और खड़ी ढलान, वहां खड़े सभी लोग हालात को देख रहे थे, लेकिन नीचे उतरने की हिम्मत कोई नहीं जुटा पा रहा था, तभी हिमाचल पथ परिवहन निगम के असली हीरो आगे आए, चालक व परिचालक ने न केवल हालात को समझा, बल्कि तुरंत रेस्क्यू करने का साहसिक निर्णय लिया। उन्होंने बस से अपना स्लीपिंग बैग निकाला, उसका स्ट्रेचर बनाया और कुछ साहसी यात्रियों की मदद से घायलों को ऊपर सड़क तक सुरक्षित पहुंचाया फिर अपनी बस की पिछली सीट को इमरजेंसी बेड में बदला और 50 किलोमीटर दूर पांग आर्मी अस्पताल तक उन्हें पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद पता चला कि दोनों घायलों की टांग टूटी हुई थीं, लेकिन आर्मी ने हेलिकॉप्टर से उन्हें लद्दाख रेफर किया, जहां उनका इलाज चल रहा है। यह सिर्फ एक रेस्क्यू नहीं था, यह मानवता की सबसे ऊंची मिसाल थी। हिमाचल पथ परिवहन निगम के चालकों और परिचालकों को न सिर्फ गाड़ी चलानी सिखाई जाती है, बल्कि आपदा में सेवा, संकट में साहस और मानवता की सीख भी दी जाती है। उधर, दोनों घायल स्पीति के रहने वाले हैं। लिहाजा, एचआरटीसी के चालक व परिचालक इन दोनों घायलों के लिए एक मसीहा के रूप में आए और उन्हें रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया।

# फिर शुरू हुआ बिजली रोपवे का विरोध
## बिजली महादेव रोपवे के विरोध में उतरी महिलाएं, जमकर की नारेबाजी

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** एक बार फिर से बहुचर्चित बिजली महादेव रोपवे के विरोध के स्वर उठने लगे हैं।

इसी कड़ी में मंगलवार को बिजली महादेव रोपवे के विरोध में महिलाओं सड़क पर उतरीं और महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। क्षेत्र की महिलाओं ने रामशिला पहुंचकर रोपवे का कड़ा विरोध जताया। इस मौके पर महिलाओं ने कहा कि जिला कुल्लू के धार्मिक स्थल बिजली महादेव के लिए जब से रोपवे लगाने की बात शुरू हुई है, तभी से इसका विरोध शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि विरोध और बिजली महादेव की मनाही के बावजूद रोपवे का कार्य शुरू कर दिया है और इसके लिए सैकड़ों पेड़ों की बलि दी जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अब तक जिस तरह से रोपवे के लिए इतनी बड़ी तादाद में जंगल के हरे-भरे पेड़ों की बलि दी जा रही है वह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इससे जहां प्रकृति को नुकसान हो रहा है। वहीं, आने वाले समय में क्षेत्र के लोगों को प्राकृतिक आपदा के रूप में खामियाजा भी भुगतना पड़ सकता है।



बिजली महादेव रोपवे के विरोध में महिलाएं उतरीं और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

उन्होंने कहा कि वह पहले भी इस रोपवे के विरोध में थे और अब भी इसके विरोध में हैं। साथ ही उन्होंने यहां तक कहा कि यह धार्मिक स्थल है इसलिए ऐसे कार्य करने के लिए सर्वप्रथम परंपरा अनुसार देवता की आज्ञा जरूरी है, जबकि गुर के माध्यम से यह आज्ञा अब तक नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि यह सब कुछ देव आज्ञा के खिलाफ हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पेड़ों की हो रही अंधाधुंध कटाई को लेकर उन्होंने अपना रोष सामने रखा था। इसी बात को लेकर जिला फारेस्ट ऑफिसर, ठेकेदार और कंपनी के नुमाइंदों के साथ उनकी मीटिंग रखी गई थी, ताकि समस्या का समाधान निकाला जा सके। इसके लिए लोग एक स्थान पर एकत्रित भी हुए, लेकिन वह खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं क्योंकि न तो कोई कंपनी की ओर से उनसे बात करने के लिए आया, न कोई फारेस्ट अधिकारी और न ही कोई ठेकेदार। उनका कहना है कि इन वनों का इस्तेमाल आसपास के ग्रामीण लोग करते हैं और इन वनों को काटने के लिए आसपास के ग्रामीण लोगों की एनओसी भी नहीं ली गई है। महिलाओं ने बताया कि वन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें यहां बातचीत करने के लिए बुलाया था, लेकिन यहां पहुंचने पर न कोई प्रशासनिक अधिकारी और न ही वन विभाग का कोई अधिकारी पहुंचा। इस पर लोगों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि रोपवे के लिए पूरा जंगल साफ कर दिया है। महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह कार्य सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए किया जा रहा है।

# स्व. वीरभद्र सिंह एक दूरदर्शी राजनेता, हर राजनीतिक दल करता सम्मान: सत्य प्रकाश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर मंगलवार को सत्य-प्रेम भवन भुंट्टि कालोनी में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश जैसे कठिन भौगोलिक परिस्थिति वाले पहाड़ी राज्य की तस्वीर को विश्व मानचित्र में अलग पहचान के रूप में स्थापित करने वाले प्रदेश के छह बार मुख्यमंत्री व केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ने शोक सभा के उपरांत अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का चार वर्ष पूर्व आज ही के दिन स्वर्गवास हुआ था। उन्होंने कहा कि स्व. वीरभद्र सिंह का इस तरह से जाना न केवल हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे पहाड़ी प्रदेशों के लिए एक बहुत बड़ी क्षति थी। इसकी भरपाई आज असंभव है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह एक ऐसे दूरदर्शी राजनेता रहे हैं, जिनका हर राजनीतिक दल सम्मान करता था, जिस कारण ही उनका एक अलग रुतबा था। हिमाचल प्रदेश के चहुमुखी विकास में उनकी भूमिका प्रमुख रही है। ग्रामीण विकास, कृषि व बागवानी विकास, हथकरघा व हस्तकला विकास में टोपियों के प्रचलन को उन्होंने चरम तक पहुंचा कर हजारों घरों को रोजगारी के अवसर प्रदान किए हैं। हिमाचल प्रदेश को फ्रूट बाउल ऑफ इंडिया बनाने में उनका योगदान प्रमुख रहा है। इस शोक सभा में प्रेम लता ठाकुर निदेशक कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक, रोहित ठाकुर, निर्मला देवी, इंद्रा देवी, कलावती, आत्मा राम, बलदेव ठाकुर, ओम चंद, धनी राम, टिक्कम राम, रमेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आज शीशामाटी बिहाल व आसपास बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** बिजली उपमंडल नंबर-1 के अंतर्गत सब-स्टेशन शीशामाटी की एलटी लाइनों की मरम्मत व आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। बिजली उपमंडल नं. 1 के सहायक अभियंता ने बताया कि सब स्टेशन के आवश्यक रखरखाव कार्य के लिए 9 जुलाई को प्रातः 10 से शाम 6 बजे तक सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले तकशीशामाटी बिहाल, होटल रोक एन रिवर व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### सेब सीजन से पहले एपीएमसी अलर्ट मोड में

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** आगामी सेब सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) सतर्क हो गई है। एपीएमसी की सचिव शगुन सूद ने पतलीकूहल सब्जी मंडी का दौरा किया और स्थानीय आढ़ती संघ पतलीकूहल के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक की। प्रतिनिधिमंडल ने संघ के अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर की अगुवाई में सचिव के समक्ष नवनिर्मित सब्जी मंडी भवन और मार्केट यार्ड में व्याप्त समस्याओं को रखा। इसमें बिजली, पानी और प्रसाधन कक्ष जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को प्राथमिकता से उठाया गया। इस पर सचिव शगुन सूद का कहना है कि नवनिर्मित पतलीकूहल सब्जी मंडी में लगभग सभी कार्य पूरे हो चुके हैं। निसंदेह कुछ छुटपुट कार्य बचे हैं, जिन्हें पूरा किया जा रहा है। सेब सीजन शुरू होने से पहले सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। संबंधित विभागों को कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बताया कि सड़क, बिजली और जलापूर्ति से संबंधित सभी विभागों को पहले ही अलर्ट कर दिया गया है, ताकि सेब सीजन में किसानों और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष कुंज लाल ठाकुर के साथ महासचिव रोशन, उपप्रधान सुभाष और पूर्व अध्यक्ष अजय ठाकुर सहित कई अन्य आढ़ती शामिल रहे।

### प्रशिक्षण में बीएलओ को जानकारी प्रदान की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** विधानसभा स्तर पर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी लाहौल-स्पीति आकांक्षा शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। प्रशिक्षण में आगामी मतदाता सूची पूर्व-संशोधन गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित रहा। इसमें बीएलओ की मुख्य भूमिका को रेखांकित किया गया। प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य घर-घर सर्वेक्षण की प्रभावी योजना बनाना, पात्र मतदाताओं की पहचान करना तथा समुचित रूप से प्रपत्रों को भरना था। प्रशिक्षण में बीएलओ को विभिन्न विषयों पर विस्तारपूवक उदाहरण सहित जानकारी प्रदान की गई। इनमें घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया (21 जुलाई से 21 अगस्त तक)। इसमें 17 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के संभावित मतदाताओं की पहचान, 18 वर्ष पूर्ण कर चुके योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने की कार्रवाई तथा मृतक एवं स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं को हटाने के लिए प्रविष्टियों का सत्यापन किया जाएगा।

### दिनबंधु दास त्यागी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा 10 को

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार उपमंडल की तीर्थन घाटी के हामनी स्थित राम मंदिर परिसर में नवनिर्मित शिव मंदिर के कलश की स्थापना निवर्तमान सचिव हिमाचल कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष दुष्यंत ठाकुर द्वारा आचार्य देव प्रकाश शर्मा की मौजूदगी में मंत्रोच्चारण के साथ की गई। आचार्य देव प्रकाश शर्मा ने बताया कि राम मंदिर हामनी में शिव मंदिर में कलश स्थापना के अवसर में दुष्यंत ठाकुर देव समाज से जुड़े व्यक्ति महिला मंडल सहित तुंग, शर्ची, नोहांडा सहित स्थानीय बाशिंदे मौजूद रहे। इस दौरान कलश यात्रा का आयोजन किया गया। राम मंदिर में समाधि में लीन श्री श्री 1008 दिनबंधु दास त्यागी की मूर्ति भी राजस्थान से लाई गई है, जिस की प्राण प्रतिष्ठा 10 को की जाएगी। उससे पूर्व 9 जुलाई को जागरण होगा। वहीं, 10 जुलाई को मूर्ति स्थापना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर देव समाज सहित सभी लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### सरकार ने मित्रों पर लुटाया जनता का खून-पसीना

**अनंत ज्ञान, मनाली।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश इस समय भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं, अनेक परिवारों के चूल्हे बुझ गए हैं और हजारों लोग खाद्य सामग्री व अन्य मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन इस कठिन समय में प्रदेश सरकार का ध्यान जनता के दर्द को समझने और राहत पहुंचाने के बजाय अपने राजनीतिक मित्रों की जेबें भरने पर है। गोविंद ने कहा कि सुक्खू सरकार ने विभिन्न निगमों और बोर्डों के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों के भत्ते में 30 हजार रुपए से सीधा 80 हजार रुपए प्रति माह की बढ़ोतरी कर दी है। यह फैसला स्पष्ट करता है कि सरकार को आपदा से पीड़ित जनता की नहीं, बल्कि उन लोगों की चिंता है, जो चुनाव में पंच और प्रधान तक नहीं बन सकते हैं, उन्हीं पर आपदा की इस घड़ी में सुक्खू सरकार मेहरबान हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा राहत के नाम पर प्रदेश सरकार द्वारा महज दिखावा किया जा रहा है। राहत के लिए भारत सरकार द्वारा दी जा रही सहायता का भी बदले की राजनीति की भावना से दुरुपयोग किया जा रहा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि कुल्लू जिले के सैकड़ों युवाओं को पिछले 9 महीनों से कौशल विकास योजना के तहत मिलने वाली राशि का भुगतान नहीं हुआ है। प्रदेश के लगभग 25 हजार युवा इस पैसे का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, हिमाचल पथ परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन, मेडिकल बिल और अन्य भत्तों का भुगतान भी नहीं हो रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण ऐसे समय में अपने चहेतों को तोहफे देना और उनके मानदेय में भारी बढ़ोतरी करना सुक्खू सरकार की असंवेदनशीलता और जनविरोधी सोच को उजागर करता है।

### आपदा प्रभावितों की मदद को बढ़ाए हाथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** विश्व जागृति मिशन हिमाचल प्रदेश संस्थापक सुधांशु जी महाराज की प्रेरणा से जिला मंडी के सिराज विधानसभा क्षेत्र में आई त्रासदी में सेवा करने के लिए विश्व जागृति मिशन हिमाचल की टीम पहुंची। विश्व जागृति मिशन हिमाचल प्रदेश के संयोजक अखिलेश कपूर और कुल्लू मंडल के प्रधान पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस क्षेत्र में बादल फटने से क्षेत्र में 15000 की लगभग जनता प्रभावित हुई है। सैकड़ों लोग अपना घरबार खो चुके हैं और शेल्टर होम में रहने के लिए मजबूर हैं। कई घर बह चुके हैं और लोगों के लिए रहने के लिए जगह नहीं है। लोग कमेटी किचन में भोजन ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में विश्व जागृति मिशन हिमाचल प्रदेश की टीम 200 राशन किट लेकर इस दुर्गम स्थान में पहुंची, जिससे वहां स्थानीय जनता को भोजन की कमी न हो सके। मिशन की टीम लगातार इस क्षेत्र का प्रवास कर रही है। प्रवास के दौरान टीम की मुलाकात पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से भी हुई, जिन्होंने मिशन की सेवा को सराहा।

# हर पंचायत का दौरा कर लिया जाएगा विकास कार्यों का जायजा: किरण भड़ाना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने ग्राम पंचायत तांदी का दौरा कर पंचायत घर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पंचायत प्रधान वीरेंद्र कुमार, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक से पंचायत में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनकी प्रगति की समीक्षा की।

खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया भी इस दौरान उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी ने स्थानीय स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, सड़कों की दशा तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं की वास्तविक स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्दियों के मौसम के शुरू होने से पहले विकास कार्य निर्धारित समयावधि और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं। पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक ने डीसी को अवगत कराया कि विभिन्न विकास कार्य प्रगति पर हैं तथा कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि माह में दो बार पंचायत में चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट खंड विकास अधिकारी को भेजें। इस दौरान उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी पंचायत की समस्याओं,



आवश्यकताओं और सुझावों को भी गंभीरता से सुना और उन्हें जल्द समाधान का भरोसे सहित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पंचायत घर के साथ ही निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत में पर्यटन गतिविधियों व होम स्टे संचालन की जानकारी भी प्राप्त की। डीसी ने ग्राम प्रधान वीरेंद्र कुमार को सिंचाई जल की समस्या के समाधान के लिए सौर सिंचाई योजना पर विचार करने के लिए कहा। डीसी ने बताया कि वह जिले की हर पंचायत का दौरा करेंगी और पंचायतों में चल रहे कार्यों को धरातल पर जाकर देखेंगी विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं को समझकर उनके समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा।

# लंबित डीए व एरियर प्रदान न किए जाने पर जताया रोष



कृषि और उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्युरो, कुल्लू

कृषि तथा उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों की बैठक मोहर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में कुल्लू के देवधाम में हुई।

बैठक में दोनों विभागों से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सेवानिवृत्त अधिकारियों की मांगों तथा समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सरकार द्वारा अभी तक लंबित डीए तथा एरियर प्रदान न किए जाने पर रोष प्रकट किया गया। प्रदेश सरकार से इस दौरान आग्रह किया गया कि देय भुगतान जल्द प्रदान किया जाए। टेक चंद ठाकुर ने सरकार को चेताते हुए कहा कि उनकी मांगें पूरी न होने पर संघ संघर्ष का बिगुल फूंकने को विवश होगा। बैठक में पीसी भानु, अनूप कटोच, राजेंद्र चौधरी तथा उत्तम चंद पराशर विशेष रूप से मौजूद रहे।

## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** भुंतर में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड द्वारा पहला अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कॉपरेटिव सोसायटी कुल्लू के जिला अंकेक्षण अधिकारी राजेश जसवाल और चेयरमैन प्रेमचंद ने इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिरकत की। इस मौके पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के एजीएम अमर सिंह डोगरा ने कार्यक्रम का आयोजन किया और इसमें सहकारिता की वजह से इस युग में सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास पर ध्यान आकर्षित किया। हाई स्कूल पिपलागे में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान डिंपल जमवाल, अमर सिंह डोगरा, शिवानी पाल सिंह, आशा ठाकुर, विजय ठाकुर, रमेश ठाकुर, रोहित ठाकुर, अमित शर्मा और मनीषा मजूद रहे।

# सराज आपदा राहत के लिए बंजार भाजपा परिवार ने भेजी राहत सामग्री



बंजार में राहत किट के वाहन को रवाना करते बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी।

अनंत ज्ञान, बंजार

आपदा के बाद के कठिन दौर से जूझ रहे सराज क्षेत्र के लिए प्रदेशभर से सहायता मिल रही है। समाजसेवी संस्थाएं, स्वयंसेवक और राजनीतिक संगठन प्रभावितों की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी भी प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से सराज क्षेत्र के लिए राहत सामग्री भेज रहा है।

मंगलवार को बंजार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा परिवार द्वारा विधायक सुरेंद्र शौरी की अगुवाई में राहत सामग्री की गाड़ी सराज क्षेत्र के लिए रवाना की गई। विधायक शौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि राहत सामग्री में दैनिक उपयोग के बर्तनों की 60 किटें भेजी गई हैं। इसके अतिरिक्त वे स्वयं भी अपनी टीम सहित सराज क्षेत्र के राहत व पुनर्वास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि बंजार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वेच्छा से योगदान कर यह राहत सामग्री एकत्रित की है। आपदा की इस विकट घड़ी में वे अपने पड़ोसी सराज क्षेत्र की जनता के साथ पूर्ण समर्पण भाव से खड़े हैं और हर संभव सहायता देने को तत्पर हैं।

## जनता को लूट, मित्रों को मौज करा रही सरकार

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र से विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि जब प्रदेश त्राहिमाम कर रहा है, तब सुक्खू सरकार जश्न मना रही है। विधायक शौरी ने कहा कि एक तरफ सरकार आर्थिक संकट की दुहाई देकर विकास कार्यों को ठप कर रही है और दूसरी तरफ बोर्ड-निगमों के चेयरमैनों का मानदेय तीन गुना बढ़ाकर अपने राजनीतिक मित्रों को ईनाम बांट रही है। यह कदम न केवल सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करता है, बल्कि आपदा की मार झेल रही जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। उन्होंने बताया कि कुल्लू व मनाली नगर परिषद क्षेत्र में अक्तूबर 2024 से अब तक हजारों उपभोक्ताओं को 10,000 से 20,000 रुपए तक के पानी के बिल थमाए गए हैं, जो पूरी तरह अमानवीय और अन्यायपूर्ण हैं। सरकार न तो आपदा राहत दे रही है, लेकिन आम आदमी को कर्ज में डुबोने का कोई मौका नहीं छोड़ रही।

# कल धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



गुरु पूर्णिमा महोत्सव के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर रिहर्सल करते हुए लोग।

सूत्रधार कला संगम कुल्लू की बैठक संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में सूत्रधार भवन के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि संस्था का मूल उद्देश्य उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, समाज सेवा तथा अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना है।

इन्हीं प्रयासों के अंतर्गत संस्था द्वारा अपने सूत्रधार भवन में वर्ष 2005 से नृत्य व संगीत अकादमी निरंतर रूप से चलाई जा रही है, जिसमें पं. विद्यासागर बतौर संगीत प्राचार्य प्रशिक्षुओं को शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य (कत्थक) व लोक कलाओं की शिक्षा निरंतर प्रदान कर रहे हैं। पं. विद्यासागर द्वारा तराशे गए शिष्य अनेक बार राज्य व राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित कर चुके हैं। संस्था द्वारा निरंतर 5 दशकों से युवा शक्ति को कला संस्कृति के माध्यम से जोड़ कर उन्हें सृजनात्मक कार्यों में संलिप्त किया गया है, ताकि वे कला-निपुण होने के साथ-साथ समाज में व्याप्त दुर्व्यसनों से भी बचे रहें।

इन्हीं प्रयासों में हमारी संस्था द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरू पूर्णिमा के अवसर पर 20वें सूत्रधार गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को सायं 4 से रात्रि 9: 30 बजे तक देव सदन कुल्लू के सभागार में किया जाना निश्चित हुआ है। गुरू पूर्णिमा जोकि ऋषि वेद व्यास को समर्पित गुरू और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है। इस दिन शिष्य अपने गुरू के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ज्ञान और मार्गदर्शन के लिए उनका सम्मान करते हैं। गुरू पूर्णिमा भारत में अपने आध्यात्मिक गुरू के साथ-साथ अकादमिक गुरूओं के सम्मान में उनके प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए मनाया जाने वाला पर्व है। इसी कड़ी में सूत्रधार संगीत अकादमी के प्रशिक्षु भी अपने गुरू पं. विद्यासागर के सम्मान में समर्पित इस 20वें सूत्रधार गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन करेंगे। इसमें गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुतियां रहेंगी। यह संगीतमयी कार्यक्रम सभी संगीत प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन के लिए निशुल्क रहेगा।

**परेशानी** ग्रामीण सड़कों को छोटे वाहनों के लिए ग्रामीणों ने खुद किया बहाल

# बादल फटने के 8 दिन बाद भी पटरी पर नहीं लौटा जनजीवन

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

**आनी।** 30 जून की जिस रात सराज क्षेत्र में आसमान से आफत बरसी उसी रात आनी खंड की बैहना पंचायत के बासेरी नाले में बादल फटने से तबाही मची थी।

एनएच-305 छांवटी से लुहरी-सैंज तक कई जगह अवरुद्ध हो गया था, कारशा में एक बड़ा ट्राला मलबे में पूरी तरह दब गया था, जबकि बैहना पंचायत के करीब 32 घरों को नुकसान पहुंचा और ढहने का खतरा मंडरा गया है, लेकिन तबाही मचने के आठ दिन बाद भी हालात जस के तस हैं। सरकारी तंत्र ने एनएच-305 और छांवटी करसोग मार्ग को तो बहाल कर दिया था, लेकिन सबसे बुरी मार बैहना और डिंगीधार पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीण मार्ग झेल रहे हैं, जिनकी सड़कें आज भी बंद पड़ी हैं। फलस्वरूप लुहरी से दलाश के लिए न ही वाया बरघेई से तिहनी होकर, न ही लुहरी से जमेड़ी होकर बसें जा रही हैं।

- प्रशासन ने बादल फटने से हुए नुकसान पर आंखें मूंद रखी हैं
- सरकारी तंत्र की लापरवाही खुलकर आ चुकी सामने

## बस सेवाएं ठप होने से बढ़ी दिक्कतें

**लुहरी** से दलाश के लिए वाया बरघेई या जमेड़ी होकर जाने वाली बसें भी नहीं चल पा रहीं हैं, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों और बीमार व्यक्तियों को भारी परेशानी हो रही है। दूध की गाड़ियां फंसने से सैकड़ों लीटर दूध रोज खराब हो रहा है। मजबूरी में स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर तिहनी से मुंगरी तक की सड़क को पिकअप व जीप के लायक किसी तरह चालू किया, ताकि जरूरी सामान, मरीज और दूध जैसी जरूरतें किसी तरह से गंतव्य तक पहुंच सकें।

## जल्द मार्ग हो जाएंगे बहाल: मनोज कुमार

**वहीं,** इस बारे में लोक निर्माण विभाग के निरमंड मंडल के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि लुहरी जमेड़ी पीपलधार दलाश सड़क मार्ग और बरघेई से तिहनी दलाश मार्ग छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया गया है, जबकि कुछेक जगहों पर डंगे गिरे हैं, जिनकी मरम्मत को मजदूर लगा दिए गए हैं। जल्द मार्ग बहाल हो जाएंगे।

## पंचायत प्रधान व पूर्व उपप्रधान ने विभाग की कार्यप्रणाली पर लगाए प्रश्नचिन्ह

**बैहना** पंचायत के पूर्व उपप्रधान दयाल वर्मा ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि नेशनल हाईवे-305 और छांवटी से करसोग मार्ग खोलने के लिए तो सभी ने कोशिश की, लेकिन ग्रामीण सड़कों को खोलने में किसी ने दिलचस्पी नहीं ली न पंचायत ने कोई ठोस कदम उठाया और न ही पीडब्ल्यूडी ने। बैहना और डिंगीधार के तिहनी, चड़ी, किमटी, शेगुबाग, बासेरी, कुटेड़, शुश, मुंगरी, कसमेरी, पटरोगी, टोगी, ग्राहना, ढैर, तदाशा, डडोहल जैसे गांव अब भी बस सेवाओं से कटे हुए हैं। दयाल वर्मा ने बताया कि पीडब्ल्यूडी ने एक जेसीबी भेजी थी, लेकिन वह भी कभी खराब हो जाती है, कभी ऑपरेटर बीमार पड़ जाता है। वहीं, बैहना पंचायत प्रधान विनोद ठाकुर का कहना है कि प्रशासन ने बादल फटने से हुए असल नुकसान पर आंखें मूंद रखी हैं, जिन घरों पर खतरा मंडरा रहा है, उन्हें न तो अब तक तिरपाल मिली और न ही उन्हें जोड़ने वाली सभी सड़कें खुल पाई हैं। विनोद ठाकुर ने बताया कि 350 आबादी वाले कोट गांव को जोड़ने वाली सड़क जरूर पंचायत स्तर पर जेसीबी भेजकर चालू करवाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि वहां लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट की एंबुलेंस और घरेलू गैस की गाड़ी जाती हैं, लेकिन बाकी गांवों के लोग आज भी बेबस हैं और इंतजार कर रहे हैं कि कब सरकारी मशीनरी उनकी सुध लेगी। कुल मिलाकर बादल फटने के 8 दिन बाद भी सरकारी तंत्र की लापरवाही खुलकर सामने आ चुकी है और भुगतना सिर्फ ग्रामीणों को पड़ रहा है।

# पतलीकूहल, नग्गर, डोभी में बिजली की आंख मिचौली से जनता त्रस्त

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

जिला कुल्लू की उझी घाटी के पतलीकूहल, नग्गर, डोभी शिम तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली कटौती अब एक रोजाना का ड्रामा बन चुकी है, जिससे स्थानीय निवासियों का सब्र का बांध टूटने लगा है। पिछले तीन सालों से लगातार इस समस्या से जूझ रही जनता अब आंदोलन की चेतावनी दे रही है। लोगों का आरोप है कि कांग्रेस सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के वादे के बावजूद, बिजली आपूर्ति की स्थिति दिन-ब-दिन बद से बदतर होती जा रही है। नग्गर फीडर में ट्रांसफार्मरों का उड़ना और मशीनिरियों का जल जाना एक आम बात हो गई है, जब भी कोई ट्रांसफार्मर खराब होता है, उसे ठीक करने में 48 से 72 घंटे (लगभग तीन दिन) का लंबा समय लगता है।

यह स्थिति पिछले समय में दो बार हो चुकी है, जिससे पूरी घाटी लंबे समय तक अंधेरे में डूबी रहती है। मंगलवार को भी पतलीकूहल, डोभी शिम क्षेत्र में बिजली 10.30 बजे से 12 बजे तक गुल रही, लेकिन इसका असर पूरी घाटी में महसूस किया जा रहा है। छाकी से 15 मील तक पुराना फॉल्ट, आउटडेटेड ट्रांसफार्मर समस्या की जड़ एक बड़ी वजह है छाकी से 15 मील के बीच मौजूद एक बड़ा फॉल्ट बताया जा रहा है। इसमें पिछले तीन सालों से कोई सुधार नहीं हुआ है। इसके अलावा घाटी में लगे अधिकतर ट्रांसफार्मर आउटडेटेड हो चुके हैं। बिजली विभाग इन्हें बार-बार मरम्मत करके ही लगा रहा है, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। यह तात्कालिक उपाय लंबे समय तक कारगर साबित नहीं हो रहे हैं और बार-बार बिजली गुल होने का कारण बन रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने व्यवस्था परिवर्तन का वादा किया था। लोगों को उम्मीद थी कि सरकार बनने के बाद बुनियादी सुविधाओं में सुधार होगा, लेकिन बिजली के मोर्चे पर स्थिति सुधरने के बजाए लगातार बिगड़ती जा रही है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से त्रस्त जनता अब आर-पार की लड़ाई के मूड में है। उन्होंने बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को तत्काल समाधान निकालने की चेतावनी दी है यदि जल्द ही इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो घाटी के लोग बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जनता की मांग है कि पुराने और खराब हो चुके ट्रांसफार्मरों को बदला जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### तीन बार खोलने पड़े जटोन बैराज के फ्लड गेट

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। लगातार पांच से छह घंटे तक हुई तेज बारिश के कारण गिरि नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इसके चलते रात के समय जटोन बैराज के फ्लड गेट कई बार खोलने पड़े। बैराज में तैनात कर्मियों ने इसकी तत्काल सूचना जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर को दी। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, बैराज से पहली सूचना देर रात 12:25 बजे मिली, जिसमें 12:30 बजे गेट नंबर 4 खोलने की बात कही गई। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई कि बैराज से पानी छोड़े जाने से निचले इलाकों में भूस्खलन और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इसके बाद रात 1:20 बजे दूसरी सूचना मिली कि 1:30 बजे गेट नंबर 1, 2, 3 और 4 से 18 इंच पानी छोड़ा जाएगा। यही नहीं, रात 2:10 बजे बैराज के गेट नंबर 1, 2, 3, 4, 5 और 6 से पानी छोड़ा गया, जिसकी सूचना 2:20 बजे आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को मिली। प्राधिकरण ने लोगों से नदी किनारे जाने से बचने और पूरी तरह एहतियात बरतने की अपील की है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। जिले में मूसलाधार बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, जिससे सतर्कता बनाए रखना बेहद जरूरी है।

### ई-केवाईसी न होने से बच्चों के नाम राशन कार्ड से गायब

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट में राशन कार्ड को लेकर बड़ी समस्या सामने आई है। कई बच्चों के नाम राशन कार्ड में नहीं हैं, जिससे उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। विभाग द्वारा ई-केवाईसी अभियान चलाया गया था, लेकिन कई बच्चे इससे छूट गए। लोगों ने प्राइवेट संस्थानों में भी इस समस्या का समाधान ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वहां भी सफलता नहीं मिली। प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड ने घर-घर जाकर इस कार्यक्रम को चलाया, जो सही साबित हो रहा है। महासचिव सब मंडल ग्राम पंचायत सुधार सभा दाड़लाघाट प्रेम केशव ने विभाग से मांग की है कि इस समस्या का समाधान किया जाए, ताकि लोगों को राशन मिल सके।

### 100 छात्रों ने समर लैब प्रोग्राम में लिया भाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** स्कूली छात्रों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित दो सप्ताह का इमर्सिव कार्यक्रम शूलिनी यूनिवर्सिटी समर स्कूल में संपन्न हुआ। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चंडीगढ़, जालंधर, पुणे और अहमदाबाद जैसे शहरों के 100 से अधिक छात्रों ने कैंपस में आयोजित समर पेटेंट स्कूल और समर लैब प्रोग्राम में भाग लिया। यह समर स्कूल शूलिनी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अतुल खोसला के मार्गदर्शन में शुरू किए गए, जिनका मानना है कि युवा दिमागों को स्वतंत्र रूप से सोचने और वास्तविक दुनिया की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही सशक्त बनाया जाना चाहिए।

### प्रताप रावत ने विनय कुमार पर किया जुबानी प्रहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** संगड़ाह नोहराधार भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार अपनी नाकामियों को छुपाने एवं रेणुका की जनता का ध्यान बटकाने के लिए अपने ही पार्टी के लोगों को भाजपा का बताकर कांग्रेस पार्टी में शामिल कर रहे हैं। रावत ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार से सवाल करते हुए पूछा कि रेणुका की जनता आपसे जानना चाहती है कि आपने रेणुका विधानसभा चुनाव क्षेत्र के लिए ऐसे कौन से बड़े विकास के काम किए हैं, जिससे प्रभावित होकर लोग भाजपा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकें। रावत ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार से यह भी सवाल पूछा है कि गवाही पंचायत के इन पांच परिवारों को ऐसी कौनसी विपत्ति आन पड़ी, जो उनको कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए आपके निजी आवास खेगुआ आना पड़ा। रावत ने बताया कि यह पांच परिवार के लोग पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस पार्टी की नेता सुभद्रा अत्री के परिवार से संबंध रखते हैं।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** बाल विकास परियोजना नाहन के अंतर्गत 4 पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा 10 पद सहायिकाओं के भरे जाएंगे। पात्र महिला उम्मीदवार को 28 जुलाई तक अपने आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नाहन में जमा करवाने होंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 4 अगस्त को बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन के कार्यालय में प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी नाहन ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र महीपुर, क्यारी, भूड्डा व सेन की सेर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 4 रिक्त पद भरे जाने हैं, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र दग्योन, गदपेला, चासी, कच्चा टैंक, तिरमली, भांबी भनोत, झाड़ड़, रुखड़ी, जोगीबन व आंबवाला-1 में आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 10 पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए प्रार्थी की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो रखी गई है, जबकि उच्च शिक्षा प्राप्त उम्मीदवार को नियमानुसार अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे, प्रार्थी की आयु 18 से 35 वर्ष, परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### चुनाव के दौरान उनके कर्तव्यों बारे जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ।** रिकांगपिओ स्थित डीसी कार्यालय सभागार कक्ष में आगामी चुनावों के मद्देनजर जिले के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इसमें अधिकारियों को चुनाव के दौरान उनके कर्तव्यों बारे जानकारी प्रदान की गई, ताकि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव संपन्न हो सकें। सहायक निर्वाचन अधिकारी व उपमंडलाधिकारी कल्पा अमित कल्थाइक ने उपस्थित बूथ लेवल अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित किया और निर्देश दिए कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव करवाने के लिए सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन जमीन स्तर पर सुनिश्चित करें और किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में जिला निर्वाचन कार्यालय से संपर्क कर समाधान करें।

### ईएसआईसी मॉडल में 69 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** अंतरराष्ट्रीय पैरामेडिकल दिवस के उपलक्ष्य में ईएसआईसी मोडल अस्पताल काठा बद्दी में चतुर्थ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ यूनियन द्वारा फरीना इंडस्ट्री के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 69 लोगों ने रक्तदान किया। अस्पताल की मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुमति ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. सुमति ने अंतरराष्ट्रीय पैरामेडिकल दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह रक्तदान शिविर लगाकर एक पुनीत कार्य किया है। हमें अपने रक्त के प्रति जानकारी होना जरूरी है और रक्तदान भी करना चाहिए। पैरामेडिकल स्टाफ यूनियन के अध्यक्ष सन्नी ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया और कहा कि यह चतुर्थ शिविर है आज ही के दिन शिविर लगाया जाता है, जिसे भविष्य में जारी रखा जाएगा। शिविर में राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय सेक्टर-32 चंडीगढ़ की टीम ने डॉ. विश्वजीत के नेतृत्व में करीब एक दर्जन कर्मचारियों ने यह रक्त एकत्रित किया।

### नप में आरक्षित वार्डों की लॉटरी प्रक्रिया पूरी

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब नगर परिषद चुनाव के लिए अनुसूचित जाति महिला और सामान्य महिला आरक्षण के लिए वार्डों के चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। यह प्रक्रिया संबंधित अधिकारियों और गैर-आधिकारिक सदस्यों की मौजूदगी में लॉटरी के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में पहले चरण में अनुसूचित जाति महिला के लिए वार्डों का चयन किया गया। इसमें वार्ड नंबर 11 (देवीनगर-2) और वार्ड नंबर 10 (देवीनगर-1) को आरक्षित घोषित किया गया। इसमें देवीनगर-1 (वार्ड नंबर 10) विशेष रूप से अनुसूचित जाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसके बाद महिलाओं के लिए पांच वार्ड आरक्षित करने के लिए लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। चयनित वार्ड इस प्रकार हैं तारुवाला-4 महिला आरक्षित, शुभ खेड़ा-12 महिला आरक्षित, कहर बस्ती-9 महिला आरक्षित, बद्रीपुर-3 महिला आरक्षित, शमशेरपुर महिला आरक्षित। बैठक का संचालन प्रिसाइडिंग ऑफिसर द्वारा किया गया और अंत में सभी अधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन कर बैठक संपन्न हुई।

### राजगढ़ में छात्राओं को आत्म-सुरक्षा का प्रशिक्षण

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक की छात्राएं अब आत्म-सुरक्षा के गुर सीखकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। बालिका सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 60 सरकारी स्कूलों में आत्म-सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह अभियान शास्तांग इंडियन मॉडर्न मार्शल आर्ट संस्था के सहयोग से संचालित हो रहा है। इस कार्यक्रम में छठी कक्षा से जमा दो तक की छात्राएं भाग ले रही हैं, अब तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोगटाली, कोटला मांगन, दुधम मतीयाना, पबियाना और गढ़ोल पीड़ग सहित 20 स्कूलों में प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है।

### राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल वाद-विवाद में प्रथम

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल ने शताब्दी समारोह कार्यक्रमों के तहत अंतर-विद्यालय कैप्टन जीएस सलारिया परमवीर चक्र अंग्रेजी वाद-विवाद का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता इस स्कूल के छात्र रहे शहीद कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया जिन्हें मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परमवीर चक्र दिया गया उनकी स्मृति में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में देश के सभी राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों व अन्य स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता क्या राजनीति में धर्म का समावेश हमारे राष्ट्र के विकास में बाधक हैं विषय पर आधारित रही। संपूर्ण प्रतियोगिता में राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल चायल प्रथम, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बेलगावी द्वितीय और राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल अजमेर तृतीय स्थान पर रहा।

# पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से सोलन शहर में गहराया पेयजल संकट

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से सोलन की प्यास बुझाने वाली अश्वनी और गिरि नदी में एक बार फिर से भारी मात्रा में सिल्ट की समस्या उत्पन्न हो गई है। इससे अश्विनी पेयजल योजना से सोलन शहर के लिए मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। सूरतेहाल ये हैं कि नगर निगम के पेयजल टैंकों में अब आपात स्थिति लायक ही पानी बचा है। ऐसे में नगर निगम को शहर की प्यास बुझाना चुनौती बन गया है।

जानकारी के मुताबिक टैंक रोड के तीन टैंकों में 4 लाख गैलन पानी बचा है, जबकि इसकी स्टोरेज क्षमता करीब 18 लाख गैलन है। नगर निगम को रोज 18 लाख गैलन पानी की जरूरत रहती है, जबकि इन दिनों पेयजल योजनाओं में सिल्ट आने से जल शक्ति विभाग से मांग से आधा पानी भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में शहर में रोटेशन के आधार पर चार से पांच दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।



शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश से गिरि नदी में आई सिल्ट।

**नगर** निगम की आयुक्त एकता कापटा ने बताया कि गिरि नदी में बारिश के कारण सिल्ट आने से गिरि पेयजल योजना से नगर निगम को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा। ऐसे में रोस्टर के मुताबिक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। सिल्ट की समस्या हल होते ही पेयजल की आपूर्ति सामान्य होने की उम्मीद है।

### पानी की सप्लाई का इंतजार

**मुख्य** पेयजल योजनाओं में बारिश के कारण सिल्ट आ जाने से शहर वासियों को चार से पांच दिन बाद पानी मिल रहा है। शहर के वार्ड-4 के चंबाघाट, फॉरेस्ट कॉलोनी, मोहन पार्क, अल्पाइन अपार्टमेंट, कपूर नर्सिंग होम, बेर खास, मोहन कॉलोनी और ब्रुरी में लोगों को मांग के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है। इसी तरह वार्ड-1 के देउंघाट, वार्ड-16 के रबोन, आंजी सहित वार्ड -14 की हाउसिंग कॉलोनी और वार्ड-13 के क्लीन में लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। नगर निगम से पानी नहीं मिलने के चलते लोग टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर हैं। दरसल गिरि नदी में बारिश के कारण आ रही गाद के चलते पर्याप्त मात्रा में पानी की लिफ्टिंग नहीं हो पा रही है। शहर के क्लब टैंक, लोअर बाजार, लक्कड बाजार, हरी मंदिर, ठोडो ग्राउंड, धोबीघाट, चेला साइड, सनी साइड, डिग्री कॉलेज कोटलानाला, पटराल, साइंटिस्ट कॉलोनी, पवन विहार और नेगी कॉलोनी जगहों पर तीन से चार दिन बाद भी पेयजल पानी की सप्लाई नहीं हुई।

### विभागों में तालमेल की कमी

**शहर** में पेयजल किल्लत का कारण विभागीय तालमेल की कमी भी मुख्य कारण है। एक तरफ जल शक्ति विभाग शहर की आबादी के मुताबिक रोज मांगा अनुसार पानी देने का दावा करता है। वहीं, नगर निगम दशकों से मांग के मुताबिक पानी न मिलने का रोना रोती आ रही है। इसी के चलते शहर में रोटेशन प्रणाली के आधार पर पेयजल वितरण किया जा रहा है। जल शक्ति विभाग ने अपने स्तर पर शहर में सर्वे करवाया है। इसमें पेयजल पाइप लाइनों में रोज 30 फीसदी पानी बर्बाद होने की बात कही गई है। इस विभागीय खिंचतान का खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। लीकेज की समस्या को आज न तो जल शक्ति विभाग और न ही नगर निगम हल कर पाई है।

# पाइनग्रोव के कार्यकारी निदेशक बने भारतीय बोर्डिंग स्कूल संघ के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

पाइनग्रोव स्कूल जिला सोलन हिमाचल प्रदेश के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह को सर्वसम्मति से वर्ष 2025-2027 के लिए भारतीय बोर्डिंग स्कूल संघ (बीएसएआई) का अध्यक्ष चुना गया है।



यह घोषणा देहरादून के दून स्कूल में आयोजित बीएसएआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान की गई, जो भारत में आवासीय विद्यालय नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। कैप्टन एजे सिंह शिक्षा के क्षेत्र में एक दिग्गज हैं और अपने साथ आवासीय विद्यालय शिक्षा में दूरदर्शी नेतृत्व और परिवर्तनकारी प्रभाव की एक शानदार विरासत लेकर आए हैं। हिमाचल प्रदेश के एक पूर्ण बोर्डिंग स्कूल पाइनग्रोव स्कूल के संस्थापक प्रधानाध्यापक के रूप में, उन्होंने अकादमिक उत्कृष्टता, समग्र विकास और मूल्य-आधारित शिक्षा में लगातार अनुकरणीय मानक स्थापित किए हैं। उनके अग्रणी कार्य ने न केवल संस्थागत मानकों को ऊंचा किया है, बल्कि देश भर में शिक्षकों की एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित भी किया है। कैप्टन एजे सिंह राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित शिक्षाविद हैं और अपने साथ विशिष्ट सेवा और परिवर्तनकारी नेतृत्व की विरासत लेकर आए हैं। उन्हें 2018 में इंडियन पब्लिक स्कूल्स कॉन्फ्रेंस का अध्यक्ष चुना गया और 2021-25 तक बीएसएआई के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

उन्होंने 2019-22 तक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य के रूप में भी कार्य किया और वर्तमान में हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन के मनोनीत सदस्य हैं। उन्हें हिमाचल प्रदेश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'प्रेरणा स्रोत सम्मान' से भी सम्मानित किया गया, जिसे हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखू ने हिमाचल प्रदेश के 75वें (प्लेटिनम जुबली) समारोह में प्रदान किया।

## 11 पदों के लिए 28 तक करें आवेदन

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** बाल विकास परियोजना कंडाघाट के तहत रिक्त पड़े कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के 11 पदों के लिए आवेदन 28 जुलाई तक किए जा सकते हैं। यह जानकारी परियोजना अधिकारी डॉ. आभा चंदेल ने कार्यालय से जारी सार्वजनिक सूचना में दी है। उन्होंने बताया कि परियोजना क्षेत्र के तहत तीन आंगनबाड़ी केंद्रों कल्होग, गरु और रुगड़ा में कार्यकर्ताओं के पदों और आंगनबाड़ी केंद्र शापड़, कोहारी, सीरिनगर, कनोडी, थरोला, गौड़ा, डबलोग व निऊ के सहायिकाओं के 8 पदों लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इनमें आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच की होनी चाहिए। इन दोनों पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता जमा दो है। इसके अतिरिक्त हिमाचली, आय प्रमाण पत्र के साथ आवेदक सरकार की निर्धारित योग्यताओं को पूरा करता हो।

## आंगनबाड़ी, मिड-डे मील व मनरेगा कर्मियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का किया समर्थन

अनिल नेगी, अनंत ज्ञान



**रिकांगपिओ।** रोपा घाटी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मिड-डे मील कर्मियों और मनरेगा मजदूरों ने एक संयुक्त बैठक की। यह बैठक आगामी आज होने वाली मजदूरों और किसानों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। गहन चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से इस हड़ताल में शामिल होने का फैसला किया।

बैठक के दौरान, तीनों ही वर्गों के कर्मचारियों और मजदूरों ने अपनी-अपनी प्रमुख मांगों को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा और चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगें नहीं मानी गईं, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार से अपनी लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने का आग्रह किया। उन्होंने रोजगार सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए कहा कि कम बच्चों का बहाना बनाकर स्कूलों को बंद करने से उनकी नौकरी पर खतरा मंडरा रहा है, इसलिए स्कूल बंद होने की स्थिति में उन्हें दूसरे स्कूल में नियुक्ति दी जाए या शिक्षा विभाग में वैकल्पिक काम उपलब्ध कराया जाए। सुन्नम पंचायत किन्नौर के उपप्रधान जीता सिंह नेगी ने बताया कि इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर सभी वर्गों ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का पूर्ण समर्थन किया है।

## स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की पुण्यतिथि पर सोलन के नागरिक अस्पताल में मरीजों को फल और जूस देकर पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी। जिला युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अमित ठाकुर ने कहा कि स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह आज शारीरिक तौर पर हमारे बीच मौजूद नहीं हैं, लेकिन वे आज भी प्रत्येक हिमाचली के दिलों में जीवित हैं, जब भी कोई राजा साहब के पास अपने दुख को व्यक्त करता, तो उस व्यक्ति के साथ-साथ राजा साहब भी भावुक हो जाते थे और अपने संपूर्ण जीवन में गरीब, दुखी और असहाय लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करते थे। इस मौके पर उनके साथ जिला अध्यक्ष सचिन कश्यप, जय प्रकाश , सोलन विधानसभा अध्यक्ष सुशील कौंडल आदि उपस्थित रहे।

# मंडी भेजे 800 कंबल

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा के शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने भारी बारिश के कारण प्रभावित परिवारों के लिए 800 कंबल वाली एक गाड़ी सिरमौर जिले से रवाना की।

कश्यप ने बताया कि इस दुख की घड़ी में पूरा प्रदेश मंडी जिले के विभिन्न इलाकों में त्रासदी के समय प्रभावित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। भाजपा के सभी संगठन आत्मक जिलाओं में लगातार प्रभावित परिवारों के लिए राशन एवं बर्तन किट का निर्माण भी किया जा रहा है और भेजी भी जा रही हैं, अभी तक भाजपा ने 5000 से अधिक राशन किट और 1000 से अधिक बर्तन किट मंडी भेज दी हैं। कश्यप ने कहा कि भाजपा के सभी नेता निरंतर फील्ड में कार्य कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पहले दिन से ही मंडी जिले के प्रवास पर हैं और निरंतर एक-एक प्रभावित परिवारों से मिलने का कार्य कर रहे हैं, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने भी लगातार तीन दिन तक प्रभावित क्षेत्रों में प्रवास किया, सांसद कंगना रनौत ने भी प्रवास कर जनता का कुशलक्षेम जाना। कश्यप ने कहा कि भाजपा की टीमों ने लगातार सभी प्रभावित क्षेत्रों में काम किया है, जिसमें सिराज विधानसभा क्षेत्र में डॉ. राजीव बिंदल के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, विधायक इंदर सिंह गांधी, प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, प्रदेश सचिव डॉ. संजय ठाकुर एवं प्रदेश सचिव सुमित शर्मा रहे। भाजपा ने उचित व्यक्ति को उचित सामग्री पहुंचाने का कार्य किया और एक-एक घर को चिन्हित करते हुए आपदा राहत सामग्री पहुंचाने का कार्य किया।

## मुख्यमंत्री सुखाश्रय व इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना बेसहारा के लिए आशा की किरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाश्रय तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजनाएं बेसहारा बच्चों के लिए रोशनी की किरण बनकर उभरी हैं।



सोलन जिले में इस वर्ष इन योजनाओं के तहत एक करोड़ 60 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। डीसी ने कहा कि प्रदेश सरकार बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रही है, ताकि यह बच्चे समय पर सहायता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा के माध्यम से बेहतर अर्जित कर सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता तथा निराश्रित महिलाओं के 18 वर्ष तक के बच्चों और दिव्यांग माता-पिता के 18 वर्ष तक के बच्चों को हर महीने एक हजार रुपए तक की सहायता प्रदान की जा रही है। योजना के तहत पात्र परिजनों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम होनी चाहिए। इस वर्ष योजना के तहत 18 वर्ष तक के 1155 बच्चों को 81 लाख 35 हजार 130 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता, निराश्रित महिलाओं व दिव्यांग माता-पिता के 18 से 27 वर्ष के बच्चों को सरकारी संस्थानों में उच्च शिक्षा व व्यावसायिक शिक्षा के लिए होने वाले खर्च को भी प्रदेश सरकार वहन कर रही है।

योजना के तहत पात्र परिजनों की वार्षिक आय एक लाख रुपए से कम होनी चाहिए। सोलन जिले में ऐसे 34 बच्चों को उच्च एवं व्यवसायिक शिक्षा प्रदान करने पर इस वर्ष 2,53,946 रुपए खर्च किए गए हैं।

## विधानसभा सचिव ने पहाड़न एल्बम का पोस्टर किया लॉन्च

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल के प्रसिद्ध लोक गायक दिलीप सिरमौरी की नई एल्बम पहाड़न 11 जुलाई को यूट्यूब में रिलीज होगी। सोलन में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने दिलीप सिंह सिरमौरी की नई एल्बम पहाड़न का पोस्टर लांच किया। यशपाल शर्मा ने कहा कि दिलीप सिरमौरी अपने कला और हुन्नर से हिमाचल की लोक संस्कृति और वेशभूषा को देश-विदेश में पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने नई एल्बम के पोस्टर लॉन्च की बधाई दी। इस मौके पर दिलीप सिरमौरी ने बताया कि इस एल्बम में चार गाने फिल्माए गए हैं। इसकी शूटिंग हिमाचल सहित बाहरी राज्यों में हुई है। मेरी मुमताज गाने की शूटिंग ताजमहल के आसपास की गई है। एल्बम के माध्यम से हिमाचल की लोक संस्कृति को देश-विदेश तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है।

# पंकज वशिष्ठ बने अध्यक्ष

## इनर व्हील क्लब ने मनाया स्थापना दिवस



इनर व्हील क्लब नालागढ़ रॉयल्स के स्थापना दिवस पर चुने हुईं प्रतिभागी।

अनंत ज्ञान, नालागढ़

इनर व्हील क्लब नालागढ़ रॉयल्स ने स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। इसमें संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

इसमें अध्यक्ष के पद पर पंकज वशिष्ठ, उपाध्यक्ष प्रेम जोशी, सचिव दीपिका, कोषाध्यक्ष बरिंदर कौर, आईएसओ के पद के लिए अनूप शर्मा और एडीटर संगीता बस्सी को चुना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि नंदिता बाली तथा क्लब के पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकज वशिष्ठ ने कहा यह एक ऐसी संस्था है, जो समाज में जरूरतमंद लोगों की कई प्रकार से मदद करती है। कोई भी कार्य अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता। क्लब में सभी एक टीम भावना से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में सबको साथ लेकर सबके विचारों को महत्व देकर चलेंगी। इससे पहले वह दो वर्षों से कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा रही थी। उन्होंने कहा कि क्लब में इस वर्ष 32 मेंबर्स हैं, जबकि पिछले वर्ष 22 मेंबर्स थे। मुख्यातिथि ने क्लब के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और भविष्य के लिए मंगल कामना की और स्व. रचित कविता भी सुनाई। इस अवसर पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शिक्षण संस्थानों और शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

## पंचायतीराज संस्थानों के निर्वाचन के लिए अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) व डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने पंचायतीराज संस्थानों के निर्वाचन के संबंध में आदेश जारी किए हैं। मनमोहन शर्मा ने यह आदेश हिमाचल प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतीराज निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 30 के अंतर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार सोलन जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों को पंचायतीराज संस्थानों के निर्वाचन के संचालन के लिए अपने-अपने खंड में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। मनमोहन शर्मा ने सभी निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के रूप में उपयोग के लिए प्रस्तावित भवनों की पहचान और निरीक्षण कर 21 जुलाई तक पूर्ण विवरण प्रस्तुत करें।

**उल्लंघन** गंगटोली में अवैध ब्लास्टिंग से बढ़ा भूस्खलन और पर्यावरणीय खतरे का अंदेशा

# एनएच-707 पर हाई कोर्ट के आदेशों की उड़ रही धज्जियां

एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के गंगटोली में राष्ट्रीय राजमार्ग-707 पर इन दिनों खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

बरसात के भारी भूस्खलन के खतरे के बीच, यहां पहाड़ को सरेआम डायनामाइट से ब्लास्ट कर उड़ाया जा रहा है, जिससे न सिर्फ प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है, बल्कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों का भी सीधा उल्लंघन हो रहा है। प्रयास सोसायटी के सचिव धीरज रमोल ने इस मामले पर गहरी चिंता जताई है और प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए हैं। जानकारी के अनुसार, सैकड़ों किलो विस्फोटक का एक साथ उपयोग किया जा रहा है, जिसकी गूंज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है। धीरज रमोल का कहना है कि दिन-दहाड़े हो रहे इस काम की जानकारी स्थानीय प्रशासन, पुलिस और उच्च अधिकारियों को होने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी भारी मात्रा में खतरनाक विस्फोटक हिमाचल में आखिर कहां से पहुंच रहा है और किसकी शह पर पहाड़ों को इस तरह विस्फोटों से उड़ाया जा रहा है।



पहाड़ को डायनामाइट से ब्लास्ट कर उड़ाया जा रहा, जिससे उड़ती धूल।

उन्होंने कहा कि एचईएस इंफ्रा की सबलेट कंपनी रुदनव इंफ्रा कंपनी द्वारा एनएच-707 पर फेस तीन का कार्य किया जा रहा है और गंगटोली में रात के अंधेरे में भी भारी अवैध ब्लास्टिंग की जा रही है। ब्लास्टिंग से निकलने वाला मलबा सीधे नालों में फेंका जा रहा है, जिससे जलीय स्रोतों और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

समिति के सचिव ने कहा कि डायनामाइट के अत्यधिक उपयोग से कोर्ट के आदेशों की खुलकर अवहेलना हो रही है और स्थानीय प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित पुलिस विभाग इस गंभीर उल्लंघन पर आंखें मूंदकर तमाशा देख रहे हैं। पर्यावरण प्रेमियों, क्षेत्र के लोगों और प्रयास सोसायटी सचिव ने कंपनी द्वारा किए जा रहे इन अवैध ब्लास्टिंग पर गहरी चिंता व्यक्त की।

उनका कहना है कि ब्लास्टिंग से जहां पानी के प्राकृतिक स्रोत खत्म हो रहे हैं। वहीं, पर्यावरण को भी भारी नुकसान पहुंच रहा है। बरसात के मौसम में इस तरह की ब्लास्टिंग से पहाड़ दरकने और बड़ी प्राकृतिक आपदाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। समिति सचिव का कहना है कि गंगटोली में लगातार हो रहे धमाकों से पहाड़ खोखले हो रहे हैं और पानी का जलस्तर भी कम होता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में जल स्रोतों के बंद होने और बड़ी आपदाओं के पैदा होने की आशंका है। इस पूरे प्रकरण में स्थानीय प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवालिया निशान उठ रहे हैं क्योंकि नियमों को ताक पर रखकर हो रहे इन धमाकों से लोग दहशत में जी रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग को ये धमाके न तो सुनाई दे रहे हैं और न ही दिखाई दे रहे हैं।

## अनुशासन, समाज के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने पर दें ध्यान: प्रो. चंदेल

अनंत ज्ञान, सोलन



एनसीसी-1 एचपी बटालियन सोलन का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर वर्तमान में डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में आयोजित किया जा रहा है। 28 जून को शुरू हुए इस शिविर में सोलन जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 600 कैडेट्स भाग ले रहे हैं।

शिविर के दौरान, कैडेट्स को ड्रिल, हथियार चलाने और फायरिंग जैसे आवश्यक क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें सोलन जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा और साइबर अपराध पर विशेषज्ञ सत्र भी दिए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल, जो एनसीसी के मानद कर्नल के रैंक से सम्मानित हैं, उन्होंने कैडेट्स को एक विशेष आयोजन में संबोधित किया। उन्होंने युवा प्रशिक्षुओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाकर और जुनून और समर्पण के साथ अपने सपनों को हासिल करके विकसित भारत में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्रो. चंदेल ने अनुशासन के महत्व पर जोर दिया और कैडेट्स से अपने समुदायों में आदर्श बनने का आग्रह किया। प्रो. चंदेल ने जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर भी बल दिया तथा छात्रों से शैक्षणिक दबावों के बीच अपने मानसिक स्वास्थ्य और आहार संबंधी आदतों पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण संबंध बनाने और भारत की समृद्ध जैव विविधता पर गर्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। ड्रग्स के बढ़ते खतरे के खिलाफ बोलते हुए, उन्होंने एनसीसी कैडेटों से जागरूकता फैलाने और इस मुद्दे से निपटने के लिए नेतृत्व करने का आह्वान किया। कमांडिंग ऑफिसर कर्नल राजीव थॉमस ने एनसीसी की ओर से कुलपति का स्वागत किया और शिविर की मेजबानी में विश्वविद्यालय के सहयोग की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा चंडीगढ़ की गुरु पूर्णिमा को लेकर बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ द्वारा आगामी गुरु पूर्णिमा (10 जुलाई) के पावन अवसर को भव्य रूप से मनाने हेतु आज दिनांक 8 जुलाई को पार्टी कार्यालय कमलम, सेक्टर 33 में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर चंडीगढ़ में 500 ऐसे गुरु तुल्य शिक्षाविदों, कोचों और समाज को दिशा देने वाले व्यक्तियों को उनके घर जाकर सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों द्वारा प्रदान किया जाएगा, जो स्वयं उन गुरुओं के निवास स्थान पर जाकर उन्हें श्रद्धा और सम्मान अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश महामंत्री संजीव राणा और सहसंयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष इंदिरा सिंह को नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। ऐसे गुरुओं को सार्वजनिक रूप से नहीं बल्कि उनके घर जाकर व्यक्तिगत रूप से सम्मान देना हमारी संस्कृति की आत्मा है। कार्यक्रम 10 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

### एमसी चंडीगढ़ ने स्कूलों में की फॉगिंग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने शहर के सरकारी और निजी स्कूलों में छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा व को ध्यान में रखते हुए व्यापक



फॉगिंग अभियान चलाया है। यह कदम मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के प्रसार को रोकने के लिए चलाए जा रहे एमसीसी के सतत प्रयासों का हिस्सा है, खासकर मानसून के मौसम में। फॉगिंग की यह कार्रवाई स्कूल परिसरों में कक्षाओं, खेल मैदानों, गलियारों और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में की गई। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया जहां स्थिर पानी मच्छरों के प्रजनन का कारण बन सकता है। इस अभियान का संचालन स्कूल प्रबंधन के सहयोग से किया गया ताकि शिक्षण कार्य में कोई बाधा न आए। नगर आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि छात्रों का स्वास्थ्य और कल्याण एमसीसी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्कूल प्रशासन और अभिभावकों से अपील की कि वे सतर्क रहें, आसपास सफाई बनाए रखें और पानी जमा न होने दें। नगर निगम चंडीगढ़ शहर में सार्वजनिक स्वास्थ्य मानकों को बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहा है और नागरिकों से सहयोग की अपील करता है।

### एमसी ने स्ट्रीट लाइट पोल से रस्सियां और अड़चनें हटाई

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने शहर के विभिन्न हिस्सों, विशेषकर कॉलोनी क्षेत्रों में, एक सुरक्षा अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत नागरिकों द्वारा कपड़े सुखाने के लिए स्ट्रीट लाइट पोल से बंधी गई रस्सियों को हटाया गया। ऐसी रस्सियां चालू बिजली व्यवस्था के पास होने के कारण गंभीर सुरक्षा जोखिम पैदा कर रही थीं। एमसीसी की टीम ने न केवल ये रस्सियाँ हटाईं, बल्कि लोगों को इलेक्ट्रिक पोल का इस तरह उपयोग करने के खतरों के बारे में भी जागरूक किया। ऐसा ही अभियान इंडस्ट्रियल कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों में भी चलाया गया। अभियान के दौरान स्ट्रीट लाइट पोल से चेन लॉक किए गए साइकिल, रेहड़ी गाड़ियां और अन्य निजी सामान भी हटाए गए, क्योंकि ये अवरोध और सुरक्षा संबंधी खतरे उत्पन्न कर रहे थे। नगर आयुक्त श्री अमित कुमार, आईएएस ने सभी नागरिकों से नगर निगम के साथ सहयोग करने और सार्वजनिक ढांचे का व्यक्तिगत उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने दुर्घटनाओं से बचाव और शहर के बुनियादी ढांचे को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सुरक्षा निर्देशों और नियमों का पालन करने पर बल दिया।

### ट्रेन ने स्कूल बस को मारी टक्कर, 2 छात्रों की मौत, 3 गंभीर

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में एक बड़ा और भीषण हादसा हुआ है। इस हादसे में दो छात्रों की मौके पर हुई मौत हो गई और 3 छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए



अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दरअसल, कुड्डालोर के सेम्बनकुप्पम में स्कूल बस रेलवे ट्रैक पार कर रही थी और इसी दौरान ट्रेन आ गई। ट्रेन ने बस को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस 50 मीटर घसीटते चली गई। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे ने तुरंत मौके पर रिलीफ ट्रेन भेजी। बताया जा रहा है कि स्कूल बस के ड्राइवर ने रेलवे ट्रैक को पार करते समय ट्रेन को नहीं देखा था और इसी वजह से यह हादसा हुआ। (अनंत ज्ञान)

### 99 हजार रुपए से पार हुआ सोने का दाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने



की कीमत 550 रुपए बढ़कर 99,120 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। इसके अलावा, चांदी की कीमतें लगातार तीसरे सत्र में भी 1,04,800 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 11.42 डॉलर या 0.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,325.09 डॉलर प्रति औंस रह गया। (अनंत ज्ञान)

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन

**एजेंसी, राजस्थान।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन हो गया है। उनके पिता दाऊलाल वैष्णव (81) का कुछ समय से जोधपुर एम्स में इलाज चल



रहा था। मंगलवार (8 जुलाई) को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। पिता के निधन की सूचना मिलने के बाद अश्विनी वैष्णव सुबह 10.30 बजे हवाई मार्ग से दिल्ली से जोधपुर पहुंचे और एयरपोर्ट से सीधे अपने घर गए, जहां उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद हैं। जोधपुर में रातानाडा स्थित निवास से आज ही दाऊलाल वैष्णव को अंतिम विदाई दी गई। अपने पिता को खोने से व्यथित अश्विनी वैष्णव और उनके छोटे भाई आनंद प्रकाश वैष्णव ने नम आंखों से अपने पिता को कंधा दिया। भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी कागा श्मशानघाट तक अंतिम यात्रा में शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

## प्रदेश में लिंगानुपात में सुधार के लिए एसीएस सुधीर ने एसटीएफ के साथ की बैठक, कहा–

# अवैध गर्भपात के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री आरती सिंह राव के निर्देशानुसार हरियाणा में लिंगानुपात में सुधार के लिए गठित राज्य टास्क फोर्स (एसटीएफ) की साप्ताहिक बैठक आज यहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में अवैध गर्भपात पर अंकुश लगाने तथा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत राज्य के लिंगानुपात में और सुधार लाने के प्रयासों को तेज करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

हरियाणा का लिंगानुपात इस वर्ष 7 जुलाई तक सुधरकर 904 हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 903 था। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अवैध गर्भपात के खिलाफ सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया तथा अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इसमें संलिप्त पाए जाने वाले डॉक्टरों के लाइसेंस रद्द करने सहित कठोर दंडात्मक कदम उठाएं। ऐसे ही एक मामले में, अवैध



गर्भपात के आरोप में नूंह जिले में दो नर्सिंग होम को सील कर दिया गया। इसके अलावा, सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) को अवैध गर्भपात गतिविधियों में लिप्त बीएएमएस डॉक्टरों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने और हर हफ्ते एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र स्तर पर लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप मई की तुलना में जून में जन्म पंजीकरण के आंकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अभियान को और मजबूत करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों को आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर, खासकर जिला पलवल, नूंह, गुरुग्राम और फरीदाबाद के झुग्गी-झोपड़ियों और कम आय वाले क्षेत्रों में अपंजीकृत बच्चों की पहचान करने और उनका पंजीकरण करने का निर्देश दिया। इसका लक्ष्य एक महीने के भीतर सभी लंबित पंजीकरण पूरा करना है।

बैठक में एसीएस ने सीएमओ को गर्भावस्था के 24 सप्ताह तक किए गए गर्भपात की रिवर्स ट्रैकिंग शुरू करने का निर्देश दिया। इसका उद्देश्य ऐसी प्रक्रियाओं में शामिल चिकित्सकों की पहचान करना तथा उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्रवाई शुरू करना है। रिवर्स ट्रैकिंग के लिए एक व्यापक प्रक्रिया पहले ही सभी सीएमओ के साथ साझा की जा चुकी है।

आईवीएफ केंद्रों के विनियमन के संबंध में, टास्क फोर्स ने निर्णय लिया कि एक या दो बच्चों वाले दम्पतियों को आईवीएफ के माध्यम से दूसरा बच्चा चाहने पर जिला समुचित प्राधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी।

### दो माह में वैध एमटीपी में आई गिरावट

बैठक में यह भी बताया गया कि अवैध मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई के कारण राज्य भर में लगभग 500 ऐसे केंद्र बंद कर दिए गए हैं। इसके कारण पिछले दो महीनों में वैध एमटीपी में भी उल्लेखनीय गिरावट आई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के तहत सार्वजनिक पार्कों में जागरूकता अभियान सक्रिय रूप से चलाए जा रहे हैं तथा मोबाइल अलर्ट के माध्यम से संदेश प्रसारित करने के लिए दूरसंचार कंपनियों की मदद ली जा रही है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक श्री रिपुदमन सिंह ढिल्लों तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# एमसीएम का हिंदी-विभाग साहित्यिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय का स्नातकोत्तर हिंदी-विभाग हिंदी भाषा के संवर्धन और समृद्धि का एक जीवंत केंद्र बनकर उभरा है। अपनी स्थापना से ही यह विभाग शैक्षणिक उपलब्धियों और सांस्कृतिक योगदान के लिए निरंतर सराहना प्राप्त करता आ रहा है। अत्यंत योग्य शिक्षकों की एक ऊर्जावान टीम और समृद्ध संरचना के साथ, यह विभाग हिंदी अध्ययन के क्षेत्र में उत्कृष्टता का केंद्र बन चुका है।

साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के प्रति समर्पित विभाग विद्यार्थियों को शोध, रचनात्मक लेखन और शुद्ध उच्चारण में निपुणता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रेरित करता है साथ ही शोध कार्य के लिए विद्यार्थियों को अनुदान प्रदान करता है। हिंदी साहित्य के प्रति विद्यार्थियों में वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करते हुए विभाग उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करता है। विभाग को इस बात का गर्व है कि इसके विद्यार्थी नियमित रूप से यूथ फेस्टिवल और राष्ट्रीय स्तर की निबंध लेखन, कविता, कहानी और वाचन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस विभाग की पूर्व छात्राएं प्रकाशन, शिक्षा, अनुवाद, पत्रकारिता, और राजभाषा अधिकारी जैसे विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय सफलताएं अर्जित कर चुकी हैं। हाल ही में विभाग की छात्राओं तनु और श्रेया ने पंजाब विश्वविद्यालय की एम.ए. हिंदी परीक्षा (2024-25) में क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

छात्रों के समग्र विकास हेतु विभाग आधुनिक तकनीक को पाठ्यक्रम में समाहित कर डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा दे रहा है। कॉलेज मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियाँ और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए शुल्क में रियायत भी प्रदान करता है, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सबके लिए सुलभ और समावेशी बनाया जा सके। हिंदी विभाग विद्यार्थियों के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है।

# मोहाली में पैंक्रियाटिक ट्यूमर की हुई सर्जरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



शैल्बी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने पैंक्रियाटिक कैंसर के इलाज के लिए एक अत्यधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण सर्जिकल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। 75 वर्षीय सेवानिवृत्त सीनियर सर्जन को गहरे पीलिया, गंभीर खुजली और महत्वपूर्ण वजन घटने के लक्षणों के साथ शैल्बी में भर्ती कराया गया था।

जांच ने पैंक्रियास के हेड में कार्सिनोमा की पुष्टि की। 8 घंटे तक चली इस सर्जरी का नेतृत्व पूर्व प्रोफेसर और एचओडी, पीजीआई चंडीगढ़ और वर्तमान में शैल्बी में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और जीआई ऑन्को-सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. जीआर वर्मा ने सीनियर कंसल्टेंट जीआई सर्जरी डॉ. पंकज भल्ला और सीनियर एनेस्थेटिस्ट डॉ. नवनीत कुमार की सहायता से किया। सर्जरी बिना किसी जटिलता के सफलतापूर्वक पूरी हुई और मरीज को अच्छी स्थिति में छुट्टी दे दी गई।

डॉ. जीआर वर्मा ने कहा कि भारत में हर साल लगभग 14.5 लाख नए कैंसर के मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर का योगदान कुल मामलों का लगभग 18-20 प्रतिशत होता है। इनमें से, पैंक्रियाटिक ट्यूमर सबसे कम आम हैं, जो आमतौर पर 60-65 वर्ष की आयु से अधिक के व्यक्तियों और अधिक सामान्यतः पुरुषों को प्रभावित करते हैं।

# विजय को खेल उपलब्धि के लिए खेल मंत्री ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा पंचकूला में खिलाड़ियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पानीपत के आट्टा गांव निवासी व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में असिस्टेंट मैनेजर (पीआर) के पद पर कार्यरत विजय गाहल्याण को भी सम्मानित किया गया।

खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विजय गाहल्याण जैसे व्यक्तित्व पर गर्व हैं जो ड्यूटी के साथ-साथ खेलों को भी अपने जीवनशैली का हिस्सा बनाए हुए हैं। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि विभाग की ओर से पीआरओ के रूप में उनके साथ विजय गाहल्याण को नियुक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि विजय गाहल्याण पहले कुश्ती खिलाड़ी थे। डॉ. साहिब राम गोदारा व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने विजय गाहल्याण को उनकी उपलब्धियों पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं ।

# मास्टर एथलीट युवाओं के लिए प्रेरणा : गौरव

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के खेल मंत्री श्री गौरव गौतम ने कहा कि किसी भी प्रदेश व देश की तरक्की में उसके स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन के लोगों का अहम योगदान होता है। इसी परिपाटी पर चलते हुए प्रदेश के मास्टर एथलीटों ने न सिर्फ स्वयं को स्वस्थ रखा बल्कि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर हरियाणा का गौरव भी बढ़ाया है।

हमारे मास्टर एथलीट प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं और हरियाणा को ड्रग्स फ्री बनाने में इन एथलीटों का अहम योगदान रहेगा। मंत्री आज पंचकूला में हरियाणा मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित विश्व व नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के

### तरक्की में स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मन का अहम योगदान

विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा खेलों का पावर हाउस बन चुका है। प्रदेश की खेल नीति देश में सबसे बेहतरीन है। युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रदेश में 2000 खेल नर्सरियां खोली गई हैं, जिनमें 37 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास कर सफलता की नई गाथा लिख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की खेल नीति के बूते हमारे खिलाड़ी ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार भी खिलाड़ियों का पूरा मान व सम्मान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2014 में प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों पर महज 38 करोड़ रुपए खर्च किए थे, जबकि वर्ष 2014 से 2024 तक प्रदेश के खिलाड़ियों को पर सरकार ने 592 करोड़ रुपए खच किए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार न सिर्फ खिलाड़ियों को आर्थिक मजबूती दे रही है बल्कि खेल के दौरान चोटिल होने पर खिलाड़ियों के इलाज पर 20 लाख रुपये तक खर्च कर रही है। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल एकेडमी खोलने के लिए सरकार किफायती दरों पर खिलाड़ियों को 5 करोड़ रुपए तक का लोन भी मुहैया करवा रही है।

## देश-विदेश

# अकाली नेता मजीठिया को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**एजेंसी, चंडीगढ़**

शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व पंजाब मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामले में मुश्किलें बढ़ गई हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ दायर याचिका पर कोई अंतरिम राहत नहीं दी है।



मजीठिया को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में न्यू नाभा जेल में रखा गया है और अब इस मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। मजीठिया को 25 जून को पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने अमृतसर में उनके आवास पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। उन पर 540 करोड़ रुपए से अधिक की ड्रग मनी को लॉन्ड्रिंग करने का आरोप है।

विजिलेंस ब्यूरो के अनुसार प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मजीठिया ने कई तरीकों से अवैध धन को लॉन्ड्रिंग किया, जिसमें 161 करोड़ रुपए की अघोषित नकदी उनकी नियंत्रित कंपनियों के बैंक खातों में जमा की गई, 141 करोड़ रुपए संदिग्ध विदेशी संस्थाओं के माध्यम से भेजे गए और 236 करोड़ रुपए बिना किसी वित्तीय विवरण के जमा किए गए। इसके अलावा मजीठिया द्वारा बिना वैध आय स्रोत के चल-अचल संपत्तियों के अधिग्रहण का भी दावा किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## कर्नाटक : सरकारी स्कूल के प्राधानाचार्य ने की खुदकुशी

**एजेंसी, कर्नाटक।** उडुपी जिले के एक सरकारी स्कूल के प्राधानाचार्य ने मंगलवार को सुबह खुदकुशी कर ली। पुलिस ने प्राधानाचार्य के इस कदम के पीछे वित्तीय तनाव की आशंका व्यक्त की है। मृतक कुबेर धर्म नायक (कुबेरअप्पा) (49) हल्लिहोले गांव में सुलगोडु सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्य के रूप में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार, यह घटना कमलाशिले पुल के पास घटी। नायक को एक पेड़ पर बंधी रस्सी से लटका पाया गया। उनका दोपहिया वाहन पास में ही खड़ा था जिस पर रेनकोट टंगा था। मूलरूप से चित्रदुर्ग के निवासी नायक होसंगड़ी के सरकारी क्वाटर्स में अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ रहते थे। (अनंत ज्ञान)

# संसदीय समिति ने विमानन मंत्रालय व एयरलाइन अधिकारियों से विमान दुर्घटना पर किए कई सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद की एक समिति ने नागर विमानन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, एयरलाइन और हवाई अड्डा प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। इस दौरान कई सांसदों ने एयर इंडिया विमान दुर्घटना के संबंध में सवाल किए और पूछा कि इस पर जांच रिपोर्ट कब तक तैयार होगी। सूत्रों के अनुसार सदस्यों ने अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर के हवाई किराये में अचानक बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई।

### सदस्यों ने की सुरक्षा ऑडिट कराने की मांग

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के सी वेणुगोपाल की अध्यक्षता वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) ने वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइन प्रतिनिधियों से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि अन्य मुद्दों के अलावा कुछ सदस्यों ने नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से ऑडिट की मांग भी की। साथ ही बताया कि चर्चा में एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन समेत एयरलाइन के शीर्ष प्रतिनिधि मौजूद थे। उन्होंने बताया कि समिति के कई सदस्यों ने 12 जून को एयर इंडिया विमान दुर्घटना का जिक्र किया और एक सदस्य ने मंत्रालय के अधिकारियों से विमान के ब्लैक बॉक्स का विश्लेषण पूरा करने की समयसीमा के बारे में जानना चाहा।

सूत्रों ने कहा कि समिति के कई सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर की उड़ानों के लिए हवाई किराये में अचानक वृद्धि पर चिंता व्यक्त की।

# छांगुर बाबा की 3 करोड़ की कोठी पर चला बुलडोजर

**एजेंसी, बलरामपुर**



यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की 40 कमरों वाली आलीशान कोठी पर 5 बुलडोजर चल रहे हैं। एटीएस का दावा है, छांगुर बाबा यहीं से धर्मांतरण का नेटवर्क चलाता था। हालांकि, यह कोठी उसकी महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है। बाबा ने ही नीतू का धर्मांतरण करके उसे नसरीन नाम दिया था। यह कोठी उतरौला-मनकापुर मुख्य मार्ग पर है।

3 बीघा जमीन पर करीब 3 करोड़ से बनाई गई थी। इसमें 10 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कोठी के चारों तरफ बाउंड्री वाल पर तार दौड़ाया गया था। इस पर रात को करंट दौड़ाई जाती थी, ताकि कहीं से कोई अंदर न आ सके। मंगलवार सुबह 10 बजे प्रशासन की टीम कोठी पर पहुंची तो मेन गेट पर ताला लगा था। डीएम पवन अग्रवाल और अफसरों की निगरानी में ताला तोड़कर टीम अंदर गई और कमरों की तलाशी ली। (अनंत ज्ञान)

### ऐसी सजा मिलेगी जो समाज में बनेगी उदाहरण : सीएम योगी

**धर्मांतरण** के गंभीर आरोपों में घिरे जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकार ने कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि छांगुर बाबा को ऐसी सजा दी जाएगी जो पूरे समाज के लिए एक उदाहरण बनेगी। मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'हमारी सरकार बहन-बेटियों की गरिमा और सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।'

# इसरायली पीएम ने ट्रंप को नोबेल पीस प्राइज के लिए किया नॉमिनेट

**एजेंसी, वाशिंगटन**

इसरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने की घोषणा की। वाइट हाउस में आयोजित एक निजी सोमवार रात्रिभोज के दौरान नेतन्याहू ने ट्रंप को नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया नामांकन पत्र सौंपा।



इस अवसर पर नेतन्याहू ने ट्रंप की शांति स्थापना के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह एक के बाद एक देश और क्षेत्र में शांति स्थापित कर रहे हैं। वह यह सम्मान आपके लिए पूरी तरह से योग्य हैं। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि मैं आपको नोबेल पुरस्कार समिति को भेजा गया पत्र प्रस्तुत करना चाहता हूं। इसमें आपको शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, जिसके आप हकदार हैं। नामांकन पत्र प्राप्त करने के बाद, ट्रंप ने जवाब दिया, 'आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मुझे नहीं पता था- वाह, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।' नेतन्याहू ने ट्रंप के नेतृत्व को मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

उन्होंने विशेष रूप से ट्रंप द्वारा पिछले महीने ईरान के परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों की अनुमति देने और अब्राहम समझौते जैसे ऐतिहासिक कदमों का उल्लेख किया। नेतन्याहू ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही कई बड़े अवसरों को साकार किया है। (अनंत ज्ञान)

# टेक्सास में बाढ़ ने मचाई तबाही 100 से ज्यादा लोगों की मौत

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिका के टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। बाढ़ के चलते 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 से अधिक लोग लापता हैं। खोज और बचाव दल लोगों की तलाश में जुटे हैं। टीमें उफनती नदी में उतरने और किनारों पर जमा हुए पेड़ों को हटाने का काम कर रहे हैं।



टेक्सास हिल कंट्री में स्थित सौ साल पुराने लड़कियों के ईसाई समर कैंप मिस्टिक के संचालकों ने कहा कि बाढ़ के चलते उनके 27 कैंपर और काउंसलर मारे गए हैं। वहीं, केर काउंटी के अधिकारियों ने बताया कि 10 कैंपर और एक काउंसलर अभी भी नहीं मिले हैं, जबकि बचाव टीमों ने कैंप मिस्टिक तथा कई अन्य ग्रीष्मकालीन शिविरों से 28 बच्चों सहित 84 लोगों के शव बरामद किए हैं। अफसरों का कहना है कि बारिश के चलते मध्य टेक्सास के कुछ हिस्सों में बाढ़ का खतरा है और मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

## बाजार

## निवेशकों को 25000 करोड़ रुपए का मुनाफा

# सेंसेक्स 270 अंक बढ़कर बंद, निफ्टी 25,500 के पार

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार 8 जुलाई को हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। दिन के अधिकतर समय बाजार में सुस्ती रही। हालांकि, कारोबार के आखिरी घंटे में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड होने की उम्मीदों के चलते खरीदारी लौटी।



कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत-अमेरिका बीच एक मिनी ट्रेड डील का जल्द ही ऐलान होने वाला है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 270.01 अंक या 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ 83,712.51 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 61.20 अंक या 0.24 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,522.50 पर बंद हुआ। हालांकि, ब्रॉडर मार्केट में मिलाजुला रुखा और बीएसई स्मॉलकैप इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। बैंक निफ्टी में करीब 0.60 प्रतिशत की तेजी रही, जिसकी अगुवाई प्राइवेट बैंकों के शेयरों ने की। निफ्टी आईटी, रियल्टी और मीडिया सेक्टर में भी खरीदारी देखने को मिली। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन 8 जुलाई को बढ़कर 461.38 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप मंगवार को करीब 25,000 करोड़ रुपए बढ़ा है, या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 25,000 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# पुणे में तीसरी मंजिल की ग्रिल से लटकी बच्ची, पड़ोसी ने बचाया

**एजेंसी, पुणे**

पुणे में मंगलवार सुबह चार साल की एक बच्ची गुजर निंबालकरवाड़ी इलाके की सोनावणे बिल्डिंग की तीसरी मंजिल की ग्रिल में फंसकर लटक गई। बच्ची की मां उसे गलती से घर में बंद करके बड़ी बेटी को स्कूल बस तक छोड़ने गई थी।



घर में बंद बच्ची खेलते-खेलते खिड़की के पास पहुंच गई और ग्रिल से बाहर लटक गई। उसका सिर ग्रिल में अटक गया। उसी बिल्डिंग में रहने वाले एक फायर फाइटर ने बच्ची को लटकते देखा और तेजी से तीसरी मंजिल पर पहुंचे। दरवाजा बाहर से बंद होने पर नीचे गए और बच्ची की मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने ऊपर आकर बच्ची को बचाया। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचीं

**एजेंसी, दुबई।** भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है और इस तरह से अपने करियर में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर खड़ी हैं। दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकतर समय टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी नंबर एक गेंदबाज बनने की दहलीज पर नहीं पहुंच पाई। टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के नवीनतम अपडेट में दीप्ति को एक स्थान का फायदा हुआ है और उन्होंने आस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से सिर्फ आठ रेटिंग अंक पीछे है। दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी नवीनतम रैंकिंग में सुधार किया है और यह ऑफ स्पिनर अंतिम दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है। अरुंधति रेड्डी अंतिम में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेने के बाद 11 स्थान की छलांग लगाकर टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं। जेमिमा रोड्रिग्स 12वें स्थान पर पहुंच गईं। (अनंत ज्ञान)

### टेनिस खिलाड़ी भारत-पाकिस्तान मैच जैसे दबाव का अक्सर करते हैं सामना : कोहली

**एजेंसी, लंदन।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा कि टेनिस खिलाड़ी हर सप्ताह जिस तरह की दबाव का का सामना करते हैं, उसकी तुलना क्रिकेट में केवल विश्व कप के नॉकआउट और भारत बनाम पाकिस्तान के मैच से की जा सकती है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले चुके कोहली ने सोमवार को अपनी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ विंबलडन का मैच देखने के बाद यह तुलना की। वह दिन के कार्यक्रम के दौरान टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज के साथ बातचीत कर रहे थे। कोहली पिछले कुछ समय से क्रिकेट से दूर रहने के दौरान लंदन में ही रह रहे हैं। उन्होंने कहा हम इस तरह के दबाव (टेनिस खिलाड़ियों के जैसा) का सामना भारत और पाकिस्तान के बीच विश्व कप मैच में या विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल में महसूस करते हैं। (अनंत ज्ञान)



### कुलकर्णी मुंबई के गेंदबाजी कोच बने रहेंगे, राणाडे सहायक कोच नियुक्त

**एजेंसी, मुंबई।** धवल कुलकर्णी मुंबई के गेंदबाजी कोच के रूप में बने रहेंगे जबकि अतुल राणाडे को मुंबई की सीनियर पुरुष टीम का सहायक कोच और ब्राविश शेट्टी को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। मुंबई की टीम पिछले घरेलू सत्र में रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि 2023-24 सत्र में उसने रिकॉर्ड 43वीं बार इस खिताब को अपने नाम किया था। टीम इसके साथ ही ईरानी कप और विजय हजारे ट्रॉफी का चैंपियन बनने में सफल रही जबकि सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। शेट्टी ने विनीत इंदुलकर की जगह बल्लेबाजी कोच का पद संभाला है, जबकि राणाडे ने ओंकार गुरव की जगह सहायक कोच नियुक्त हुए है। (अनंत ज्ञान)

### एलीका शिमट का बेहतरीन अंदाज

**जर्मनी।** एलीका शिमट 1998 में जन्मी एक जर्मन ट्रैक और फील्ड एथलीट हैं। वह 400 मीटर और 4×400 मीटर रिले स्पर्धाओं में माहिर हैं। वह अपनी एथलेटिक प्रतिभा और विशाल ऑनलाइन अनुसरण दोनों के लिए जानी जाती हैं।



### जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज मातिगिमु पर जुर्माना लगा, डिमेरिट अंक भी मिला

**एजेंसी, बुलावायो।** जिंबाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदई मातिगिमु पर यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई जब मातिगिमु ने गेंदबाजी करने के बाद वापसी आई गेंद को रोका और बल्लेबाज लुआन डि प्रीटोरियस की ओर फेंका जो उनकी कलाई पर लगी। मातिगिमु ने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.9 का उल्लंघन किया। आईसीसी ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि यह 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। इस तेज गेंदबाज ने अपराध और मैच रेफरी रंजन मदुगले द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई नहीं हुई। यह 24 महीने की अवधि में जिंबाब्वे के इस तेज गेंदबाज का पहला अपराध था। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन की बदौलत पहली पारी पांच विकेट पर 626 रन बनाकर घोषित की। जिंबाब्वे को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है। (अनंत ज्ञान)



## चौथा टी20 मैच भारत और इंग्लैंड के बीच आज होगा मुकाबला

# हरमनप्रीत और शेफाली को दिखाना होगा दम

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

भारत को अगर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला जीतनी है तो कप्तान हरमनप्रीत कौर और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा को बुधवार को यहां होने वाले चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहा है, लेकिन इंग्लैंड ने पिछले सप्ताह ओवल में खेले गए तीसरे मैच में पांच रन की जीत के दौरान मेहमान टीम की कुछ कमजोरियों को उजागर किया था। शेफाली ने इस मैच में 25 गेंदों पर 47 रन और हरमनप्रीत ने 17 गेंदों पर 23 रन बनाए, लेकिन दोनों बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं। स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है और वे इन दो अनुभवी खिलाड़ियों से और अधिक सहयोग की उम्मीद करेंगे।

शेफाली विशेषकर अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होगी क्योंकि आठ महीने बाद टीम में वापसी के बाद से वह अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं। उन्होंने पहले दो मैच में 20 और तीन रन बनाए थे। हरमनप्रीत पहले मैच में नहीं खेल पाई थी। उन्होंने दूसरे मैच में वापसी की जिसमें वह एक रन ही बना सकी थी। उन्हें हरलीन देओल की जगह अंतिम एकादश में लिया गया जिन्होंने पहले मैच में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। हरलीन ने 23 गेंदों पर 43 रन बनाए थे, जिससे मंधाना को अपनी लय बनाए रखने में मदद मिली थी।

इस श्रृंखला में भारत की स्पिनरों एन श्री चरणी (08 विकेट), दीप्ति शर्मा (06) और तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी (04) ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और तेज गेंदबाज अमनजोत से थोड़ा और सहयोग चाहिए होगा।

जहां तक इंग्लैंड की बात है तो अगर उसे श्रृंखला बराबर करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकले और डैनी व्याट-हॉज ने अर्धशतक लगाए थे और टीम को फिर से उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। (अनंत ज्ञान)



**शेफाली अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब**

#### बल्लेबाजी की जिम्मेदारी

**स्मृति** मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अब तक भारत की बल्लेबाजी की जिम्मेदारी संभाली है। अब इन खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें टीम को हैं।

#### संभावित टीमें

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, सयाली सतघरे।

**इंग्लैंड।** टैमी ब्यूमोंट (कप्तान), एम अर्लट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पेग स्कोल्फील्ड, लिंसी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज, इसी वोंग, माइया बाउचियर।

**मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजे शुरू होगा।**

## अविनाश ने विश्व मुक्केबाजी कप में जीता सिल्वर मेडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में कार्यरत अविनाश जमवाल ने विश्व मुक्केबाजी कप में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया। कजाकिस्तान में 30 जून से 7 जुलाई तक होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें हिमाचल के अविनाश जमवाल ने अपनी प्रतिभा के दम पर सिल्वर मेडल हासिल किया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि ये हमारे देश और प्रदेश के लिए गौरव का विषय है और मैं महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से उन्हें बधाई देता हूं। उन्होंने बताया कि उन्होंने टेलीफोन के माध्यम से जमवाल को बधाई और शुभकामनाएं दी और उन्हें महाविद्यालय आने के लिए आमंत्रित भी किया। डॉ. कटवाल ने बताया कि अविनाश केवल एक खिलाड़ी ही नहीं बल्कि महाविद्यालय परिवार का हिस्सा भी हैं इसलिए उनके यहां आने पर महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा और वो हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं इसलिए उनके साथ भी उनका संवाद करवाया जाएगा जिससे उन्हें नई ऊर्जा और नई दिशा मिले और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्राप्त हो।



मुक्केबाजी में मेडल हासिल करने वाले अविनाश जमवाल विजेताओं के साथ।

## एक्लेस्टोन और बाउशियर इंग्लैंड की टीम में शामिल



**एजेंसी, लंदन**

सोफी एक्लेस्टोन और माइया बाउशियर को इस महीने के अंत में भारत के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए मंगलवार को इंग्लैंड की 15 सदस्यीय महिला टीम में शामिल किया गया। तीन एकदिवसीय मैच क्रमश: 16, 19 और 22 जुलाई को साउथेम्प्टन, लॉर्ड्स और चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले जाएंगे।

एक्लेस्टन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला से बाहर रहने के बाद एकदिवसीय टीम में वापसी की है, जबकि बाउशियर को चोटिल नेट साइवर-ब्रंट के स्थान पर टी20 श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किए जाने के बाद वनडे टीम में भी रखा गया है। कमर की चोट के कारण पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम तीन टी-20 मैच से बाहर चल रही कप्तान साइवर-ब्रंट के एकदिवसीय श्रृंखला के लिए फिट होने की उम्मीद है।

इंग्लैंड महिला वनडे टीम- नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, सोफिया डंकले, एम्मा लैम्ब, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), एमी जोन्स (विकेट कीपर), माइया बाउशियर, एलिस कैप्सी, केट क्रॉस, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, चार्ली डीन, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, लिन्सी स्मिथ, लॉरेन बेल। (अनंत ज्ञान)

## वोक्स का सर्वश्रेष्ठ समय बीत चुका है : ज्योफ्री

**एजेंसी, लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय भी चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने ब्रिटिश दैनिक 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, ''जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।''



बॉयकॉट ने लिखा, ''क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है।'' इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।'' क्रॉली के मामले में बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज इससे बेहतर नहीं हो सकता। क्रॉली ने भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में एक अर्धशतक लगाया है। बॉयकॉट ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि वह बदल सकते हैं या बेहतर हो सकते हैं। बल्लेबाजी दिमाग में होती है और दिमाग ही तय करता है कि आप बल्लेबाजी कैसे करेंगे, आप कौन से शॉट खेलने की कोशिश करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## सिनर पहले दो सेट हारने के बावजूद क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, लंदन**

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर दाहिनी कोहनी में चोट और पहले दो सेट हारने के बावजूद अपने प्रतिद्वंद्वी ग्रिगोर दिमित्रोव के पेक्टोरल मांसपेशी में चोट लगने के कारण बाहर होने जाने से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे। सिनर ने इससे पहले टूर्नामेंट में कोई भी सेट नहीं गंवाया था, लेकिन विश्व में 19वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने उनके खिलाफ पहले दो सेट 6-3, 7-5 से जीत कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली थी। लेकिन तीसरे सेट में जब स्कोर 2-2 से बराबरी पर था तब दिमित्रोव ने खेलना बंद कर दिया।

यह लगातार पांचवां ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट है जिसमें 34 वर्षीय दिमित्रोव मैच पूरा करने में विफल रहे। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और मई में फ्रेंच ओपन के अलावा पिछले साल विंबलडन और अमेरिकी ओपन में भी मैच के बीच में हट गए थे। सिनर पहले सेट के दौरान कोर्ट पर फिसल गए थे जिससे उनकी कोहनी चोटिल हो गई थी, लेकिन उन्होंने बाद में कहा कि चोट गंभीर नहीं है और चिंता की कोई बात नहीं है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अमेरिका के बेन शेल्टन से भिड़ेंगे।



रूस की 18 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने एम्मा नवारो को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। वह पिछले 18 वर्षों में विंबलडन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गई हैं। बेनसिक ने 18वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (4), 6-4 से हराया। लियुडमिला सैमसोनोवा नंबर दो कोर्ट पर जेसिका बौजास मनेरो को 7-5, 7-5 से हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं। सैमसोनोवा का सामना इगा स्वियाटेक से होगा, जो क्लारा टॉसन को 6-4, 6-1 से हराकर दूसरी बार विंबलडन क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। (अनंत ज्ञान)

## जन्म स्थान भारत आना चाहते हैं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मुश्ताक

**एजेंसी, लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मुश्ताक मोहम्मद भारत और इंग्लैंड के बीच एजबेस्टन टेस्ट के चौथे दिन ऐसी टाई पहनकर आए, जिस पर भारतीय ध्वज बना हुआ था, उस देश का तिरंगा जिसे उन्होंने छह साल की उम्र में छोड़ दिया था और उनकी दिल्ली इच्छा एक बार फिर से भारत आने की है। इस 81 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर का जन्म गुजरात के जूनागढ़ में हुआ था। वह अभी बर्मिंघम में रहते हैं और वहां रहकर खुश हैं लेकिन एक बार फिर से उस स्थान पर जाना चाहते हैं जहां उनका जन्म हुआ था।



मुश्ताक जब क्रिकेट खेला करते थे तब दो बार भारत आए थे। वह पहली बार 1961 में टेस्ट श्रृंखला खेलने के लिए और फिर 1978 में अहमदाबाद में दिलीप सरदेसाई लाभार्थ मैच के लिए भारत आए थे। दोनों ही मौकों पर वह जूनागढ़ जाना चाहते थे, जो एक पूर्व रियासत थी, जहां से वह छह साल की उम्र में कराची चले गए थे।

हालांकि अपने व्यस्त कार्यक्रम के कारण वह जूनागढ़ नहीं जा सके थे और दशकों बाद भी यह उनकी अधूरी इच्छा बनी हुई है। वह अब बर्मिंघम में बस गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय निशानेबाज मैराज, गनेमत और भवतेग फाइनल में जगह बनाने के करीब

**एजेंसी, लोनाटो (इटली)।** भारतीय निशानेबाज भवतेग सिंह गिल ने दूसरे दिन 25 के दो परफेक्ट राउंड बनाकर खुद को मैराज अहमद खान के साथ यहां आईएसएसएफ विश्व कप (शॉटगन) में पुरुषों की स्कीट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बनाए रखा। पहले चार क्वालीफाइंग राउंड के बाद इन दोनों का स्कोर 98 है। अभी दो क्वालीफाइंग राउंड खेले जाने बाकी हैं। महिलाओं की स्कीट में गनेमत सेखों भी 24-24 राउंड के साथ फाइनल में पहुंचने की मजबूत दावेदार बनी हुई है। उनका कुल स्कोर 96 रहा और वह अभी आठवें स्थान पर हैं।





गनेमत ने सोमवार को ट्रैप कॉनकेवर्डे में अपने क्वालीफाइंग राउंड की शुरुआत 10वें स्थान से की। निर्धारित दो राउंड में वह एक-एक निशाना चूक गई, जिससे दूसरे दिन के अंत में वह आठवें स्थान पर पहुंच गईं। छह निशानेबाज फाइनल में जगह बनाएंगे। प्रतियोगिता में भाग ले रही दो अन्य भारतीय ओलंपियन माहेश्वरी चौहान और राइजा ढिल्लों क्रमश: 96 और 93 के स्कोर के साथ 27वें और 28वें स्थान पर हैं।

अमेरिका की डानिया जो विज्जी 98 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। पुरुषों की स्कीट में भवतेग ने अब तक चार में से तीन राउंड में 25 का परफेक्ट स्कोर बनाया और उन्होंने अस्थायी रूप से 12वां स्थान हासिल किया है। ओलंपियन मैराज (24, 25, 24, 25) ने भी पहले दिन से अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और वह 176 खिलाड़ियों में 15वें स्थान पर हैं। (अनंत ज्ञान)

### निशानेबाज अनंत जीत सिंह फाइनल की दौड़ से बाहर

**भारत** के एक अन्य निशानेबाज पेरिस ओलंपियन अनंत जीत सिंह नरुका (24, 24, 24, 23) 95 अंकों के साथ फाइनल की दौड़ से बाहर दिख रहे थे। महिला और पुरुष दोनों वर्गों के फाइनल से पहले मंगलवार को अंतिम क्वालीफाइंग राउंड खेला जाएगा।

## शतरंज ओपन और महिला प्रतियोगिता में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी टूर्नामेंट में बनाएंगे जगह

# एरिगैसी और गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस में शीर्ष वरीयता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय स्टार अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैम्पियन डी गुकेश को उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले चौथे फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज टूर्नामेंट में क्रमश: पहली और दूसरी वरीयता दी गई है।



इस प्रतियोगिता में बढ़ी हुई पुरस्कार राशि और प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के टिकट दांव पर होंगे। नियमों के अनुसार, ओपन और महिला प्रतियोगिता दोनों में शीर्ष दो में रहने वाले खिलाड़ी अगले साल होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाएंगे। इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने जुलाई 2024 और जून 2025 के बीच 30 से अधिक क्लासिकल मैच खेल हो। इस कारण पूर्व विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन और विश्वनाथन आनंद जैसे खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले पाएंगे। पूर्व विश्व चैंपियन डिंग लीरेन और फैबियानो कारूआना भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लेंगे, जिसमें भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंद को चौथी वरीयता दी गई है जो नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ठीक पीछे हैं। एक अन्य स्टार युवा खिलाड़ी 22 वर्षीय अलीरेजा फिरोजा पांचवें स्थान पर हैं।

ओपन वर्ग में शीर्ष 10 में शामिल अन्य खिलाड़ी इयान नेपोमनियाची, अनीश गिरी, शखरियार मामेद्यारोव, लेवोन अरोनियन और व्लादिमिर फेडोसेव हैं। ग्रैंड स्विस शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों में से एक है क्योंकि यह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का मार्ग प्रशस्त करता है। 2023 में ग्रैंड स्विस को भारत के विदित गुजराती (ओपन) और आर वैशाली (महिला) ने जीता था। (अनंत ज्ञान)

### पुरस्कार राशि बढ़ोतरी

**इस** बार प्रतियोगिता की पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की गई है। ओपन वर्ग में पुरस्कार राशि 625,000 अमेरिकी डॉलर है (जो 2023 में 460,000 अमेरिकी डॉलर थी)। महिलाओं की प्रतियोगिता में, पुरस्कार राशि 230,000 अमेरिकी डॉलर होगी (जो 2023 में 140,000 अमेरिकी डॉलर थी)।

### 44 खिलाड़ियों ने किया क्वालीफाई

**महिला** ग्रैंड स्विस में 44 खिलाड़ियों ने रेटिंग के आधार पर क्वालीफाई किया है। पूर्व विश्व चैंपियन तान झोंग्यी इस प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान पर हैं, जबकि उनके बाद अनुभवी खिलाड़ी कोनेरू हंपी, अन्ना मुजिचुक और कैटरीना लैग्नो का स्थान है। 2023 की विजेता आर वैशाली भी भाग ले रही हैं।

## साल दर साल स्टोक्स की बल्लेबाजी फॉर्म में गिरावट आई : माइकल आर्थरन

**एजेंसी, लंदन**

पूर्व कप्तान माइकल आर्थरन ने एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में मेजबान टीम की भारत के हाथों शर्मनाक हार के बाद कहा कि बेन स्टोक्स की बल्लेबाजी फॉर्म में पिछले कुछ वर्षों में लगातार गिरावट आई है, विशेषकर ऐसे समय में जब उन्हें आलोचनाओं का सामना कर रही इंग्लैंड टीम की आगे बढ़कर अगुवाई करनी चाहिए।

आर्थरन का मानना है कि कप्तान के रूप में तीन साल के अपने कार्यकाल में भारत के खिलाफ श्रृंखला स्टोक्स की नेतृत्व क्षमता की सबसे कड़ी परीक्षा है। स्टोक्स ने अपने 13 शतकों में से आखिरी शतक एशेज के दौरान लॉर्ड्स में लगाया था जिसे दो साल हो चुके हैं। वह बृहस्पतिवार से लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए उतरेंगे। आर्थरन ने 'द टाइम्स' के लिए अपने कॉलम में लिखा, ''लगातार मैच खेलना, कम आराम, भारी हार और खराब निर्णय की उनकी समस्याओं में बल्ले से उनकी फॉर्म ने इजाफा किया है जिसमें उनके पद संभालने के बाद साल दर साल गिरावट देखी गई है।'' इंग्लैंड के लिए 100 से अधिक टेस्ट खेलने वाले इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''एक प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी के रूप में जो टेस्ट के अलावा ज्यादा क्रिकेट नहीं खेलता है-कभी-कभी अपनी मर्जी से-स्टोक्स उस समय लय और फॉर्म से बाहर हो जाते हैं जब उसे आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत होती है।''

आर्थरन ने यह भी बताया कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने स्टोक्स के विपरीत स्पिनरों का सामना आसानी से किया है। उन्होंने कहा, ''स्टोक्स स्पिन के खिलाफ अस्थिर दिखे हैं जबकि उनके भारतीय समकक्ष ने दबदबा बनाया है। इस श्रृंखला में गिल की वापसी बहुत अच्छी रही है। (अनंत ज्ञान)